राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

Www.gauravshalibharat.com



# गौरवशाली भारत

वर्ष : 13 , अंक : 59, पृष्ठ : 08, नई दिल्ली शुक्रवार 15 सितम्बर 2023, मूल्य : 1.50/-

नई दिल्ली से प्रकाशित

RNI No .DELHI/2011/38334



**मुख्य अपडेट**

जब शहीद जवानों का जनाजा उठ रहा था तब जी-20 का जश्न मनाने में व्यस्त थे मोदी : आप .... पेज 03

संस्कृत के प्रतिभावान छात्रों को मंच दे रही योगी सरकार, उत्तर प्रदेश संस्कृत संस्थान की ओर .... पेज 05

बुकिंगडॉटकॉम ने रोहित शर्मा को बनाया आईसीसी पुरुष क्रिकेट विश्व कप के लिए ग्लोबल ब्रांड .... पेज 07


## अनंतनाग में सेना-आतंकियों के बीच एनकाउंटर जारी

### बुधवार को एनकाउंटर में कर्नल-मेजर और डीएसपी शहीद हुए थे

अनंतनाग/राजौरी। कश्मीर में अनंतनाग जिले के कोकेरनाग इलाके में आतंकियों के साथ सुरक्षाबलों का एनकाउंटर गुरुवार यानी 14 सितंबर को भी जारी रहा। पूरे दिन गोलीबारी की आवाजें सुनाई देती रहीं। बीच-बीच में धमाकों की आवाजें भी सुनाई दीं। पूरे इलाके पर नजर रखने के लिए सुरक्षा बलों ने क्वाडकॉप्टर (छोटे हेलिकॉप्टर) और ड्रोन की मदद ली।

सेना के एक अफसर के अनुसार माना जा रहा है कि आतंकवादी गडोले के जंगल में पहाड़ की एक प्राकृतिक गुफा में छिपे हुए हैं। सेना और पुलिस कर्मियों ने इलाके की चारों ओर से कड़ी घेराबंदी कर रखी है।

चिनार कोर कमांडर लेफ्टिनेंट जनरल राजीव घई और राष्ट्रीय राइफल्स के विक्टर फोर्स कमांडर मेजर जनरल बलबीर सिंह ने ऑपरेशन में सैनिकों का मनोबल बढ़ाने के लिए मुठभेड़ स्थल का दौरा किया।

अनंतनाग जिले के गडोले जंगल में 3 से 4 आतंकियों की मौजूदगी की सूचना के बाद सेना और पुलिस ने मंगलवार शाम जॉइंट ऑपरेशन शुरू किया था। रात होने पर ऑपरेशन रोक दिया गया था।



बुधवार सुबह जब दोबारा तलाश शुरू की गई, तो आतंकियों ने घने जंगल में घात लगाकर हमला किया। उन्होंने अंधाधुंध फायरिंग की। इसमें19 राष्ट्रीय राइफल्स के कमांडिंग ऑफिसर कर्नल मनप्रीत सिंह, मेजर आशीष धौंचक, जम्मू-कश्मीर पुलिस के डीएसपी हुमायूं भट और एक जवान शहीद हो गए। एक अन्य जवान लापता है।

मनप्रीत मोहाली के और मेजर आशीष पानीपत और भट कश्मीर के बडगाम के रहने वाले थे। लश्कर-ए-तैयबा से जुड़े प्रतिबंधित रेजिस्टेंट फ्रंट ने हमले की जिम्मेदारी ली है।

#### कुलगाम में भी इन्हीं आतंकियों ने सेना को निशाना बनाया था

अफसरों का मानना है कि ये वही आतंकी हैं, जिनसे 4 अगस्त को कुलगाम के जंगल में मुठभेड़ में 3 जवान शहीद हो गए थे। कश्मीर में पिछले तीन साल में यह सबसे बड़ा हमला है। इससे पहले कश्मीर के हंदवाड़ा में 30 मार्च 2020 को 18 घंटे चले हमले में कर्नल, मेजर और सब-इंस्पेक्टर समेत पांच अफसर शहीद हुए थे।

**विरोध प्रदर्शन**




अखिल भारतीय किसान सभा के सदस्यों ने नई दिल्ली में जंतर-मंतर पर रबर किसानों की समस्याओं को उजागर करने के लिए विरोध प्रदर्शन किया।

## 'इंडिया' गठबंधन 10 चैनल्स के 14 एंकर्स का बहिष्कार करेगा

### कांग्रेस बोली- नफरत के बाजार में ग्राहक बनकर नहीं जाएंगे, हमारा मकसद नफरत मुक्त भारत

**नई दिल्ली।** विपक्षी गठबंधन 'इंडियन नेशनल डेवलपमेंटल इनक्लूसिव अलायंस ने 10 चैनल्स के 14 टीवी एंकर्स का बायकॉट करने का फैसला किया है। उन्होंने इसके लिए न्यूज एंकर्स की लिस्ट भी जारी की है। इन एंकर्स के नाम अदिति त्यागी, अमन चोपड़ा, अमीश देवगन, आनंद नरसिम्हा, अर्णब गोस्वामी, अशोक श्रीवास्तव, चित्रा त्रिपाठी, गौरव सावंत, नविका कुमार, प्राची पाराशर, रुबिका लियाकत, शिव अरूर, सुधीर चौधरी और सुशांत सिन्हा हैं। सभी अलग-अलग टीवी चैनल में शो होस्ट करते हैं।

कांग्रेस ने सोशल मीडिया पर स्टेटमेंट जारी करके कहा- हर रोज शाम 5 बजे कुछ टीवी चैनल्स पर नफरत का एक बाजार सजाया जाता है। ऐसे में इंडिया गठबंधन ने तय किया है कि हम नफरत के बाजार में ग्राहक बनकर नहीं जाएंगे हमारा उद्देश्य है 'नफरत मुक्त भारत' जुड़ेगा भारत, जीतेगा इंडिया

मुंबई में 31 अगस्त और 1 सितंबर को



विपक्षी गठबंधन की तीसरी बैठक हुई थी। इसमें कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे और बिहार के सीएम नीतीश कुमार समेत 28 विपक्षी दलों के नेता शामिल हुए। बैठक में कोऑर्डिनेशन और कैंपेन समेत 5 कमेटियां बनाई गईं।

#### 5 सितंबर को हुई कैंपेन कमेटी की बैठक

5 सितंबर को कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे के नेतृत्व में दिल्ली में 'इंडिया' के कैंपेन कमेटी की पहली बैठक हुई थी। इसमें मध्य प्रदेश समेत 5 राज्यों में होने वाले विधानसभा चुनाव और 2024 लोकसभा चुनाव से पहले कैंपेन की तैयारी पर चर्चा हुई। साथ ही 18 से 22 सितंबर तक चलने वाले संसद के विशेष सत्र में सरकार को घेरने की रणनीति बनाई गई।

#### 'इंडिया' की चौथी बैठक दिल्ली या भोपाल में

विपक्षी गठबंधन इंडियन नेशनल डेवलमेंटल इनक्लूसिव अलायंस की चौथी बैठक दिल्ली में होगी। हालांकि इस बैठक के भोपाल में भी होने की चर्चा है।

### पवन कुमार सैन को अरुणाचल का मुख्य चुनाव अधिकारी बनाया गया

नयी दिल्ली। निर्वाचन आयोग ने भारतीय प्रशासनिक सेवा वरिष्ठ अधिकारी पवन कुमार सैन को अरुणाचल प्रदेश का मुख्य निर्वाचन अधिकारी नियुक्त किया है। निर्वाचन आयोग के गुरुवार को जारी विज्ञप्ति में यह बताया है कि सैन सेवा के 2005 बैच के अधिकारी हैं। सैन को पद्मिनी सिंगला आईएएस के स्थान पर अरुणाचल प्रदेश के मुख्य निर्वाचन अधिकारी के रूप में नियुक्त किया गया है। आयोग के अधिसूचना में कहा गया है कि सैन अरुणाचल प्रदेश के मुख्य निर्वाचन अधिकारी के पद पर कार्य करते हुए राज्य सरकार के किसी अन्य पद पर कार्य नहीं कर सकेंगे।

## बिहार की बागमती में नाव डूबी, 12 लापता

### रस्सी टूटने से पलटी, डूबने वालों में ज्यादातर स्कूली बच्चे; अंधेरा होने से रेस्क्यू बंद

मुजफ्फरपुर। बिहार के मुजफ्फरपुर में गुरुवार को बागमती नदी में बड़ा हादसा हो गया है। 32 लोगों से भरी नाव नदी में डूब गई। नाव पर ज्यादातर स्कूली बच्चे थे। हादसा सुबह साढ़े 9 बजे गायघाट थाना क्षेत्र के बेनीबाद हक्कमें हुआ है।

अब तक 20 लोगों को बाहर निकाल लिया गया। नदी की तेज बहाव में 12 लोग बह गए, इनमें ज्यादातर बच्चे ही हैं। सात घंटे रेस्क्यू के बाद भी इनका पता नहीं चल पाया है। अंधेरा होने की वजह से शाम 6 रेस्क्यू बंद कर दिया गया। अब शुक्रवार सुबह फिर से टीमें तलाश करेंगी। नदी में बहाव तेज होने की वजह से रस्सी के सहारे नाव को पार कराया जा रहा था।



तभी रस्सी अचानक टूट गई। नाव नदी में पलट गई। गांव में पुल नहीं होने की वजह से बच्चे और आसपास के लोग इसी तरह से आते-जाते थे।

गायघाट और बेनीबाद पुलिस के साथ SDRF-NDRF की टीम रेस्क्यू में लगी रही। उधर, मुजफ्फरपुर में ही एसकेएमसीएच में नवनिर्मित पीकू वार्ड का उद्घाटन करने पहुंचे मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने कहा कि डीएम और अधिकारियों को निर्देश दिए गए हैं। जो भी हताहत होगा सरकार उसके परिवार की मदद करेगी।

## मुंबई एयरपोर्ट पर चार्टर्ड प्लेन क्रैश, 8 घायल

### रनवे पर झटके के साथ गिरा विमान, 2 हिस्सों में टूटा, आग लगी

मुंबई। मुंबई एयरपोर्ट पर गुरुवार 14 सितंबर को एक चार्टर्ड प्लेन लैंडिंग के दौरान शाम 5 बजकर 8 मिनट पर रनवे पर फिसलकर क्रैश हो गया। एक्सीडेंट के साथ ही प्लेन दो हिस्सों में टूट गया और उसमें आग लग गई। प्लेन में 6 पैसेंजर और 2 क्रू मेंबर सवार थे। ये सभी घायल हुए हैं। इन्हें अस्पताल में भर्ती किया गया है। विमान ने



विशाखापट्टनम से उड़ान भरी थी। प्लेन में जेएम बैक्सी कंपनी के मालिक कोटक और उनके परिवार के लोग सवार थे। जेएम बैक्सी कंपनी लॉजिस्टिक्स के क्षेत्र में काम करती है। डायरेक्टर जनरल ऑफ सिविल एविएशन ने बताया कि प्लेन वीएसआर वेंचर्स का लियरजेट 45 VT-DBL है। ये मुंबई के रनवे 27 पर फिसल गया। सूचना मिलते ही दमकल की टीम मौके पर पहुंची और आग बुझाई।

### कुछ दोषियों को विशेषाधिकार कैसे

**नयी दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने गुरुवार को बिलकिस बानो सामूहिक दुष्कर्म मामले के 11 दोषियों को सजा में छूट देकर निर्धारित अवधि से पहले पिछले साल अगस्त में रिहा करने वाले फैसले को चुनौती देने वाली याचिकाओं पर सुनवाई करते हुए कहा कि कुछ दोषियों को इतना विशेषाधिकार कैसे मिल सकता है? न्यायमूर्ति बी वी नागरत्ना और न्यायमूर्ति उज्ज्वल भुइयां की पीठ के समक्ष आज एक आरोपी का प्रतिनिधित्व कर रहे वरिष्ठ अधिवक्ता सिद्धार्थ लूथरा ने दलील पेश की। उन्होंने अपनी दलील में कहा कि दोषियों को केवल इस आधार पर छूट के लाभ से वंचित नहीं किया जा सकता है कि उसका अपराध जघन्य था। इस पर पीठ ने उनसे पूछा कि कैसे ये दोषी जेल से समय से पहले रिहाई के हकदार हैं। उन्होंने पैरोल की लंबी अवधि (1000-1500 दिनों के बीच) का लाभ लिया। ऐसे में सवाल उठता है कि कुछ दोषी दूसरों की तुलना में अधिक विशेषाधिकार प्राप्त कैसे हो सकते हैं?

## आईएसआईएस के आतंकियों को फांसी की सजा

### प्रिंसिपल के हाथ में कलावा और माथे पर तिलक देख कर दी थी हत्या

आठ साल पहले कानपुर में रिटायर प्रिंसिपल रमेश बाबू शुक्ला की हत्या में दोषी आईएसआईएस के आतंकी आतिफ मुजफ्फर एवं मोहम्मद फैसल को एनआईए कोर्ट के विशेष न्यायाधीश दिनेश कुमार मिश्रा ने फांसी की सजा सुनाई है। दोनों आतंकियों पर 10 लाख 50 हजार रुपये का जुर्माना भी लगाया है। दोषियों को सुनाई गई सभी सजाएं साथ-साथ चलेंगी। दोनों आतंकियों ने स्कूल से साइकिल से लौट रहे रमेश बाबू शुक्ला की केवल इसलिए गोली मारकर हत्या कर दी थी कि उनके हाथ में पीला कलावा और माथे पर तिलक देखकर गैर मुस्लिम मान लिया था।

अपने आदेश में कोर्ट ने कहा है कि दोषी आतिफ मुजफ्फर एवं मोहम्मद फैसल की गर्दन में फांसी का फंदा



डालकर तब तक लटकाया जाए जब तक दोनों की मृत्यु न हो जाए। अदालत ने यह भी कहा है कि दंड प्रक्रिया संहिता की धारा 357 के अनुपालन में जुर्माने की रकम बतौर क्षतिपूर्ति मृतक रमेश बाबू शुक्ला के आश्रितों को दी जाएगी। अभियोजन पक्ष ने कुल 26 गवाह पेश किए। गवाहों के बयान और पत्रावली पर उपलब्ध साक्ष्य के आधार पर कोर्ट ने दोनों को मृत्युदंड से दंडित किया।

#### कोर्ट का रहम से इनकार

दोनों आतंकियों को एनआईए की विशेष अदालत ने 4 सितम्बर को दोषी ठहराया था। सजा पर सुनवाई के लिए 11 सितंबर को जेल से तलब किया था। वकीलों के विरोध प्रदर्शन और बारिश के कारण 11 को कोर्ट में उन्हें पेश नहीं किया जा सका। गुरुवार को भी वकीलों की हड़ताल एवं प्रदर्शन के चलते दोषी जेल से अदालत नहीं लाए जा सके। अपराह्न करीब 3 बजे विशेष अदालत ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से सजा के प्रश्न पर सुनवाई की। इस दौरान दोष सिद्ध आतंकियों की ओर से रहम की मांग की गई लेकिन अदालत ने उनके गंभीर कृत्य को देखते हुए किसी भी तरह की रियायत देने से इनकार कर दिया।

#### ट्रेन विस्फोट में भी आरोपी

सजा के प्रश्न पर अभियोजन की ओर से तर्क प्रस्तुत करते हुए विशेष लोक अभियोजक कमल किशोर शर्मा, एमके सिंह एवं बृजेश यादव ने कहा कि इन दोनों को उनके पांच साथियों के साथ इसके पहले भी इसी अदालत द्वारा देशद्रोह के मामले में 28 फरवरी 2023 को मृत्युदंड की सजा सुनाई जा चुकी है। अदालत को बताया गया कि अभियुक्तों ने रमेश बाबू शुक्ला की हत्या करने के बाद 7 मार्च 2017 को भोपाल-उज्जैन पैसेंजर ट्रेन में विस्फोट किया था, जिसमें आरोपी आतिफ मुजफ्फर एवं दानिश को गिरफ्तार किया गया था। यह मामला अब भी भोपाल की एनआईए की विशेष कोर्ट में लंबित है।

### संसद के विशेष सत्र में संविधान सभा से लेकर संसद की 75 वर्षों की यात्रा पर चर्चा होगी

नयी दिल्ली। अगले सप्ताह 18 तारीख से शुरू हो रहे संसद के पांच दिवसीय विशेष सत्र में संविधान सभा से लेकर आज तक संसद की 75 वर्षों की यात्रा में प्राप्त उपलब्धियों, अनुभवों, संस्मरणों पर चर्चा होगी। लोकसभा सचिवालय ने गुरुवार को यहां जारी एक बुलेटिन में कहा कि संसद के विशेष सत्र में संविधान सभा से लेकर आज तक संसद की 75 वर्षों की यात्रा, उपलब्धियों, अनुभवों, संस्मरणों पर चर्चा होगी तथा चार विधेयक- एडवोकेट संशोधन विधेयक 2023 और प्रेस एवं आवधिक पंजीकरण विधेयक 2023, डाकघर विधेयक 2023 तथा मुख्य निर्वाचन आयुक्त, अन्य निर्वाचन आयुक्तों की नियुक्ति, सेवा शर्त विधेयक 2023 पारित किया जाना है।

## सुप्रीम कोर्ट का डाटा एक क्लिक में मिलेगा

### पोर्टल पर मामलों से जुड़ी जानकारी अपलोड होगी

नयी दिल्ली। भारत के मुख्य न्यायाधीश डी वाई चंद्रचूड़ ने गुरुवार को उच्चतम न्यायालय से संबंधित आंकड़े भी राष्ट्रीय न्यायिक डेटा ग्रिड (एनजेडीजी) पर वास्तविक स्थिति में उपलब्ध होने की घोषणा करते हुए इसे एक ऐतिहासिक कदम करार दिया और कहा कि अब न्यायपालिका के तीनों स्तरों के विभिन्न प्रकार के मुकदमों की स्थिति से संबंधित ताजा जानकारी इंटरनेट पर एक बटन दबाते ही कोई कभी भी हासिल कर सकेगा।

न्यायमूर्ति चंद्रचूड़ ने कहा कि एनजेडीजी पर उच्चतम न्यायालय से जुड़े आंकड़े उपलब्ध कराने के लिए राष्ट्रीय सूचना विज्ञान केंद्र (एनआईसी) के साथ शीर्ष अदालत की कंप्यूटर तकनीक से जुड़ी टीम ने मिलकर काम किया।

उन्होंने कहा कि शीर्ष अदालत के



विभिन्न प्रकार के मुकदमों के आंकड़े एनजेडीजी पर उपलब्ध होने की व्यवस्था विकसित होने के साथ ही ई-कोर्ट परियोजना का प्रमुख प्रोजेक्ट पूरा हो गया है।

एनजेडीजी पर निचली अदालतों और उच्च न्यायालयों की कार्यवाहियों से संबंधित से आंकड़े पहले से ही उपलब्ध हैं। उच्चतम न्यायालय के इस पोर्टल से जुड़ने के बाद आम लोगों के लिए न्याय से संबंधित जानकारी हासिल करना अब आसान हो जाएगा।

एनजेडीजी पोर्टल के लॉन्च होने के बाद से पारदर्शिता, जवाबदेही, जिम्मेदारी, दक्षता, समन्वय आदि में व्यापक सुधार हुआ है। इसके अलावा संसाधनों और जनशक्ति की बेहतर इस्तेमाल और उच्च गुणवत्ता वाले शोध कार्य के लिए विशाल संभावनाएं बढ़ी हैं। एनजेडीजी पोर्टल सूचना, आंकड़े, लंबित मामले और मामलों का निपटान, केस-प्रकार, भारत के शीर्ष अदालत का वर्ष-वार विवरण कोई भी आसानी से हासिल कर सकता है। एनजेडीजी पोर्टल भारत सरकार की पहल पर 2015 में शुरू किया गया था। यह एक न्यायपालिका से संबंधित आंकड़ों का एक राष्ट्रीय भंडार है, जहां विभिन्न न्यायालयों द्वारा स्वीकृत, लंबित, निपटारा आदि की जानकारी एक बटन दबाकर हासिल की सकती है।

## देश की एकता और सामाजिक-सांस्कृतिक विविधता की रीढ़ है भारतीय रेल : मुर्मु

नयी दिल्ली। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने कहा है कि भारतीय रेल न केवल भारतीय अर्थव्यवस्था बल्कि देश की एकता और सामाजिक-सांस्कृतिक विविधता की भी रीढ़ है।

भारतीय रेल के वर्ष 2018 बैच के 255 परिवीक्षाधीन अधिकारियों के एक समूह ने गुरूवार को यहां राष्ट्रपति भवन सांस्कृतिक केंद्र में राष्ट्रपति से मुलाकात की।

राष्ट्रपति ने परिवीक्षाधीन अधिकारियों को संबोधित करते हुए कहा , भारतीय रेल न केवल भारतीय अर्थव्यवस्था बल्कि भारत की एकता और सामाजिक-सांस्कृतिक विविधता की भी रीढ़ है। उन्होंने कहा कि युवा अधिकारियों की जिम्मेदारी है कि वे



रेलवे इको-सिस्टम की समृद्ध विरासत को आगे बढ़ाएं और भारतीय रेल को विश्व में सर्वोत्तम गुणवत्ता वाली सेवा प्रदाता बनाने का प्रयास करें।

राष्ट्रपति ने प्रौद्योगिकी के बढते इस्तेमाल का उल्लेख करते हुए कहा कि हर रोज लाखों लोगों की आवश्यकताओं और मांगों को पूरा करते हुए हर महीने लाखों टन माल का परिवहन करने वाली भारतीय रेल को प्रौद्योगिकी का यथासंभव सर्वोत्तम उपयोग करना चाहिए। उन्होंने युवा अधिकारियों से लोक -केन्द्रित तथा पर्यावरण के अनुकूल परिवहन प्रणाली के लिए नए अनुप्रयोगों और प्रणालियों को तैयार करके देश की प्रौद्योगिकीय उन्नति में नये मुकामों का मार्ग प्रशस्त करने में योगदान देने का आग्रह किया।

**हत्या**

### बाइक पर आए थे 3 बदमाश, फाइनेंसर और उसकी पत्नी पर लाठी-चाकुओं से हमला

## राजस्थान : हॉस्पिटल में दंपती की दिनदहाड़े की हत्या

**एजेंसी**

भवानी मंडी (झालावाड़)। प्राइवेट हॉस्पिटल में दंपती की दिनदहाड़े हत्या कर दी गई। फाइनेंसर पति अपनी पत्नी के साथ चेकअप कराने के लिए वेटिंग हॉल में बैठा था। इतने में बाइक से 3 बदमाश आए और लाठी-चाकुओं से हमला कर दिया। पति को बचाने पत्नी सामने आई तो एक बदमाश ने चाकू से उसे उसका गला काट दिया। महिला ने मौके पर ही दम तोड़ दिया। गंभीर रूप से घायल पति को झालावाड़ रेफर किया गया। उसकी रास्ते में मौत हो गई। मामला झालावाड़ के भवानीमंडी का है।

#### लाठी पर लपेट रखा था कांटेदार तार

एएसपी चिरंजीलाल मीणा ने बताया- भवानी मंडी के गांधीनगर कॉलोनी में रहने वाला जितेंद्र उर्फ जीतू (35) और उसकी पत्नी अनिता उर्फ अनु (30) की हत्या गुरुवार दोपहर कर दी गई। दोपहर करीब 12 बजे जितेंद्र और अनु भवानी मंडी के लीला नाम के प्राइवेट हॉस्पिटल में चेकअप करवाने गए थे। जीतू और अनु वेटिंग हॉल में बैठे थे। दोपहर करीब 1.30 बजे तीन बदमाश बाइक पर सवार होकर हॉस्पिटल पहुंचे। उनके हाथ में लाठी थी, जिन पर कांटेदार तार लगे




हुए थे। तीनों बदमाश सीधे जीतू के पास पहुंचे और मारपीट करने लगे।

#### कुछ ही सेकेंड में पत्नी ने दम तोड़ा

अस्पताल में मौजूद एक चश्मदीद ने नाम नहीं बताने के शर्त पर जानकारी दी कि बदमाशों में एक हिस्ट्रीशीटर भैरू गुर्जर था। भैरू गुर्जर ने जितेंद्र के पैरों पर लाठियों से मारा। उसके दोनों पैर लहूलुहान हो गए। इसी बीच जितेंद्र की पत्नी अनु बीच-बचाव करने आई। एक बदमाश ने अपनी जेब से चाकू निकालकर उस पर हमला कर दिया। चाकू अनु के गले पर लगा। अनु फर्श पर गिर गई और कुछ ही सेकेंड में तड़प-तड़प कर दम तोड़ दिया। बदमाश ने जितेंद्र पर भी चाकू से वार किए। इसके बाद तीनों बदमाश फरार हो गए।

#### पूरे शहर में नाकाबंदी

बदमाशों के फरार होने के बाद अस्पताल प्रशासन ने जितेंद्र की हालत गंभीर होने पर झालावाड़ रेफर कर दिया। झालावाड़ राजकीय हॉस्पिटल पहुंचने से पहले ही जितेंद्र ने रास्ते में दम तोड़ दिया। आरोपियों को पकड़ने के लिए पुलिस ने पूरे शहर में नाकाबंदी कर दी है, लेकिन अभी तक उनका कोई सुराग नहीं लगा है।

पुलिस के मुताबिक, जितेंद्र और भैरू के बीच मई से ही टकराव चल रहा था।

भैरू गुर्जर ने गोचर जमीन पर कब्जा किया हुआ था। भवानी मंडी में ही जितेंद्र का दोस्त विक्रम इस कब्जे का विरोध कर रहा था। 10 मई को भैरू गुर्जर ने विक्रम को विवादित जमीन पर बुलाया और मारपीट की। विक्रम ने जितेंद्र से मदद मांगी।

## केंद्रीय मंत्री जनरल वी के सिंह ने किए महाकालेश्वर के दर्शन

केन्द्रीय सड़क, परिवहन एवं राष्ट्रीय राजमार्ग राज्य मंत्री जनरल वी के सिंह ने आज यहां विश्व प्रसिद्ध भगवान महाकालेश्वर में दर्शन कर विधि विधान के साथ पूजा अर्चना की। जनरल सिंह यहां अपने प्रवास के दौरान श्री महाकालेश्वर मंदिर पहुंचे और भगवान के दर्शन किए और पूजा अर्चना की। जनरल सिंह के साथ इंदौर के सांसद शंकर लालवानी उपस्थित थे। श्री महाकालेश्वर मंदिर प्रबन्ध समिति की ओर से जनरल सिंह एवं श्री लालवानी का श्री महाकालेश्वर भगवान का चित्र, उत्तरीय वस्त्र व प्रसाद भेंट कर सम्मान किया गया।





# शार्ट न्यूज

## पवन कल्याण ने की तेदेपा-जसपा गठबंधन की पुष्टि

राजमुंदरी। फिल्म अभिनेता से राजनेता बने जन सेना प्रमुख के पवन कल्याण ने गुरुवार को तेलुगु देशम पार्टी (तेदेपा) के साथ अपनी पार्टी के गठबंधन की पुष्टि की और कहा कि दोनों पार्टियां अगला चुनाव मिलकर लड़ेंगी। पवन कल्याण ने तेदेपा के राष्ट्रीय महासचिव नारा लोकेश और हिंदूपुर तदेपा विधायक एन बालकृष्ण के साथ आज यहां केंद्रीय जेल में पूर्व मुख्यमंत्री एन चंद्रबाबू नायडू से मुलाकात की। बाद में मीडिया को संबोधित करते हुए पवन कल्याण ने कहा कि उन्होंने तेदेपा के साथ गठबंधन करने का फैसला किया है और दोनों दल अगले चुनाव में एक साथ चुनाव लड़ेंगे। उन्होंने कहा , मेरा उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि वाईएसआरसीपी विरोधी वोट विभाजित न हों। यही कारण है कि तदेपा और जेएसपी अगले चुनाव में गठबंधन करेंगे और चुनाव लड़ेंगे, । यह स्पष्ट करते हुए कि वह अब भाजपा के नेतृत्व वाले राजग में हैं , पवन कल्याण ने कहा, मेरा दृढ़ विश्वास है कि भाजपा सबसे खराब राजनीतिक स्थिति और आन्ध्र प्रदेश में व्याप्त अराजकता को समझ सकती है और हमारे साथ आ सकती है। मैं भाजपा नेतृत्व को आंध्र प्रदेश की राजनीतिक स्थिति समझाऊंगा।

## तिरुवल्लुवर, अम्बेडकर पर अपमानजनक टिप्पणी के आरोप में पूर्व विहिप नेता गिरफ्तार

**चेन्नई।** विश्व हिंदू परिषद (विहिप) की तमिलनाडु इकाई के पूर्व उपाध्यक्ष आरबीवीएस मणियन को संविधान निर्माता बाबा साहेब डॉ भीम राव अंबेडकर और संत तमिल कवि तिरुवल्लुवर के बारे में कथित तौर पर अपमानजनक टिप्पणी करने के आरोप में गुरुवार को गिरफ्तार किया गया है। चेन्नई पुलिस ने आज विदुथलाई चिरुथिगल काची (वीसीके) के पदाधिकारी सेल्वम की शिकायत पर कार्रवाई करते हुए पूर्व विहिप पदाधिकारी के खिलाफ अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति (अत्याचार निवारण) अधिनियम और सार्वजनिक शांति भंग करने और दो समूहों के बीच नफरत फैलाने के आरोप में मामला दर्ज किया। मणियन (76) को शहर के टी.नगर स्थित उनके आवास से गिरफ्तार किया गया। बाद में उन्हें सैदापेट मजिस्ट्रेट अदालत में पेश किया गया और न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। पुलिस की आज यहां जारी विज्ञप्ति में बताया गया है तिरुवल्लुवर और अंबेडकर के बारे में अपमानजनक टिप्पणी के लिए आरबीवीएस मनियन के खिलाफ उचित कार्रवाई करने के लिए मामला दर्ज किया गया।

## फडणवीस ने ब्रह्माजी के दर पर प्रदेश में भाजपा सरकार बनाने की अर्जी लगाई

**अजमेर ।** महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने राजस्थान में अजमेर के पुष्कर स्थित जगतपिता ब्रह्माजी के दर पर आगामी विधानसभा चुनाव में भाजपा सरकार बनाने के लिये ..अर्जी.. लगाई है। फडणवीस परिवर्तन संकल्प यात्रा के सिलसिले में अजमेर जिले में हैं, वे पहले पुष्कर , फिर केकड़ी के सरवाड़ गये और शाम को अजमेर में जनसभा में मुख्यवक्ता होंगे। फडणवीस के साथ प्रदेश अध्यक्ष सी.पी.जोशी तथा सहप्रभारी विजया राहटकर भी थीं। सभी ने संयुक्त रूप से पुष्कर ब्राह्माजी के दर्शन कर पूजा अर्चना की। बाद में मीडिया से संक्षिप्त बातचीत में उन्होंने कहा कि - ब्राह्ममाजी के चरणों में भाजपा सरकार के लिए अर्जी लगाई है। मुझे पूरी उम्मीद है कि इस बार कमल खिलेगा। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भी इस दर पर आ चुके है।उनके शासन में देश ने चहुंमुखी तरक्की तथा विश्व में नाम रोशन किया है। जनता भारी बहुमत से भाजपा की सरकार बनाने का कार्य करेगी। प्रदेश अध्यक्ष सी.पी. जोशी मीडिया के सवालों खासकर कैलाश मेघवाल के सवालों पर खामोश रहे और कुछ नहीं बोले। पत्रकारों ने कुरेदा भी लेकिन वे मौन रहे।

## विद्यालय में सांप्रदायिक एवं देश विरोधी हरकतों पर शिक्षक निलंबित

चित्तौड़गढ़ । राजस्थान में चित्तौड़गढ़ जिले के बेंगू उपखंड क्षेत्र के महात्मा गांधी राजकीय माध्यमिक विद्यालय के एक शिक्षक को साम्प्रदायिक एवं देश विरोधी हरकतों पर विरोध प्रदर्शन के बाद एपीओ कर दिया गया है। प्राप्त जानकारी अनुसार क्षेत्र के ग्राम नदबई स्थित इस विद्यालय के शिक्षक कार्यवाहक प्राचार्य इब्राहिम कुरेशी ने बुधवार को प्रार्थना के बाद भारत माता की जय एवं वन्दे मातरम का नारा लगाने पर छात्र हरीश धाकड़ की पिटाई कर दी और बाद में उसे रेस्टीकेट कर निकाल दिया। छात्र ने घर व गांव में यह बताया तो लोग विद्यालय पहुंचे जहां कुरेशी ने रेस्टीकेशन निरस्त करने की बात कही लेकिन आज सुबह जब छात्र स्कूल गया तो प्रवेश नहीं करने दिया जिसके बाद ग्रामीणों ने हिंदू संगठनों को सूचना दी और बड़ी संख्या में लोग एकत्र हो प्रदर्शन करने लगे। सूचना पर उपखंड अधिकारी और ब्लाक शिक्षा अधिकारी भी मौके पर पहुंचे और घटना क्रम की जानकारी ली और ग्रामीणों से समझाइश की।

## धनबाद : राजस्व कर्मचारी पांच हजार रुपये रिश्वत लेते हुए गिरफ्तार

**धनबाद।** झारखंड में भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो (एसीबी) की टीम ने धनबाद जिले के तोपचांची अंचल कार्यालय में राजस्व कर्मचारी सुशील कुमार सिन्हा को पांच हजार रुपए रिश्वत लेते आज रंगेहाथ गिरफ्तार कर लिया। एसीबी के पुलिस उपाधीक्षक (डीएसपी) जितेन्द्र कुमार सिंह ने गुरुवार को यहां बताया कि तोपचांची प्रखंड के सिंहडीह निवासी शरद कुमार महतो की शिकायत पर राजस्व कर्मचारी सुशील कुमार सिन्हा को पांच हजार रुपये रिश्वत लेते हुए रंगेहाथ गिरफ्तार किया गया है। उन्होंने बताया कि राष्ट्रीय राजमार्ग पर शरद कुमार महतो का जमीन अधिग्रहीत की जा रही थी। जमीन अधिग्रहण को लेकर धनबाद भू-अर्जन कार्यालय द्वारा जमीन संबंधित रिपोर्ट की मांग की गई थी। सिंह ने बताया कि इस संबंध में रिपोर्ट सौंपने के एवज में दस हजार रुपये रिश्वत की मांग की गई थी। सत्यापन में शिकायत सही पाये जाने के बाद कार्रवाई के लिए एक टीम का गठन किया गया। टीम ने घेराबंदी कर राजस्व कर्मचारी को पांच हजार रुपये रिश्वत लेते हुए रंगेहाथ गिरफ्तार किया गया है।

## कोयला खनन मुख्यालय में हिंदी पखवाड़ा का उद्घाटन

रांची। देश में हिन्दी दिवस के उपलक्ष में एनटीपीसी कोयला खनन मुख्यालय रांची ने आज हिन्दी पखवाड़े की शुरुआत मुख्य महाप्रबंधक (प्रभारी) अनिमेष जैन की अध्यक्षता में की । इस दौरान सभागार मे उपस्थित सभी विभागों के अधिकारियों एवं अन्य कर्मचारियों ने हिन्दी-प्रतिज्ञा ली जिसका उद्देश्य देश में हिन्दी के प्रचार-प्रसार को बढ़ावा देना है। इस मौके पर श्री जैन ने सभी कर्मचारियों को हिन्दी दिवस की बधाई दी और युगों-युगों से प्रचलित हिन्दी भाषा का महत्व भी बताया। उन्होंने कहा संविधान के अनुच्छेद 343 के अनुसार भारतीय संघ की राजभाषा हिंदी है एवं लिपि देवनागरी है। इसलिए राजभाषा कार्यान्वयन के प्रति हमें और ज्यादा सचेत होने की आवश्यकता है। मुख्य महाप्रबंधक (प्रभारी) ने कहा भारत सरकार के उपक्रम होने के नाते एनटीपीसी का भी यह दायित्व है कि, हम आमजन के हित में हिंदी भाषा में कार्यालयीन कार्य करें।

## मध्यप्रदेश में भारी वर्षा के आसार

भोपाल। मध्यप्रदेश में आज सुबह से हो रही कई स्थानों पर हल्की से मध्यम बारिश के बीच राज्य के कई स्थानों पर अगले चौबीस घंटों के दौरान कहीं-कहीं अति भारी वर्षा और कहीं मध्यम से भारी वर्षा होने के आसार है। राज्य के खंडवा जिले में दूसरे स्थानों की तुलना में आज सुबह से शाम के बीच सबसे अधिक वर्षा दर्ज की गई। इस जिले में 45 मिमि दर्ज की गई, इसी तरह खरगोन, मलाजखंड, जबलपुर, नौगांव, नरसिंहपुर, भोपाल, खजुराहो, सागर, रायसेन, ग्वालियर, गुना, शिवपुरी, मंडला, धार, नर्मदापुरम, पचमढ़ी, बैतूल और इंदौर जिले में भी हल्की वर्षा दर्ज की गई। भोपाल मौसम विज्ञान केंद्र के वरिष्ठ वैज्ञानिक पी के साहा ने बताया है कि राज्य के अनूपपुर, शहडोल, उमरिया, कटनी, सिवनी, मंडला, बालाघाट, पन्ना, रायसेन, नर्मदापुरम, बैतूल तथा बुरहानपुर जिले में कहीं-कहीं अति भारी वर्षा के आसार है। इस स्थानों पर संभावना है कि 115.6 से 204.4 मिमि के बीच वर्षा हो सकती है।

# केरल में निपाह का बांग्लादेशी वैरिएंट मिला

### इंसानों से इंसानों में फैलता है; 2 की मौत, स्कूल-कॉलेज 2 दिन के लिए बंद

केरल। केरल के कोझिकोड में निपाह वायरस के बढ़ते मामलों के बीच गुरुवार 14 सितंबर को सभी स्कूल-कॉलेज दो दिनों के लिए बंद रखने का आदेश जारी किया गया है। यहां निपाह वायरस से दो लोगों की मौत हो चुकी है। एक 9 साल का बच्चा आईसीयू में है। न्यूज एजेंसी के मुताबिक, एक स्वास्थ्य कर्मचारी में भी निपाह वायरस की पुष्टि हुई है। इसी के साथ केरल में निपाह के अब तक पांच मामले सामने आ चुके हैं। गुरुवार को सेंट्रल हेल्थ टीम केरल के कोझिकोड पहुंची है। ये टीम जिला प्रशासन के साथ निपाह वायरस को लेकर बैठक करेगी।



बुधवार को कोझिकोड मेडिकल कॉलेज की एक टीम ने निपाह वायरस की जांच के लिए मरुथोंकारा गांव से सुपारी और अमरूद के सैंपल लिए। इससे पहले केरल की स्वास्थ्य मंत्री वीना जॉर्ज ने बताया कि प्रदेश में जिस वायरस की पुष्टि हुई है, वह बांग्लादेशी वैरिएंट है। यह इंसानों से इंसानों में फैलता है। इस वायरस से मृत्यु दर अधिक है, पर ये कम संक्रामक है। कर्नाटक के दक्षिण कन्नड जिले में भी अलर्ट जारी किया गया है। मेडिकल डिपार्टमेंट ने जिले में केरल से आने वाले फलों की जांच करने का निर्देश दिया है। साथ ही गाड़ियों की जांच के लिए सीमाओं पर चेकपोस्ट बनाने को कहा है। मंगलुरु में ब्रेन फीवर की आशंका वाले मरीजों को ऑब्जर्वेशन में रखने को कहा गया है।

### पूर्व स्वास्थ्य मंत्री बोलीं- 2018 जितनी खराब स्थिति नहीं

केरल की पूर्व स्वास्थ्य मंत्री के शैलजा ने कहा कि निपाह वायरस से घबराने की जरूरत नहीं है। कोझिकोड में 2018 जितने खराब हालात नहीं हैं। तब यह वायरस हमारे लिए नया था और इससे निपटने का कोई अनुभव भी हमारे पास नहीं था। अब हमारे पास इसे रोकने के लिए जरूरी सुविधाएं मौजूद हैं। कोझिकोड और मलप्पुरम जिले में 2018 में निपाह वायरस से 17 लोगों की मौत हुई थी। 2019 में निपाह वायरस का मामला कोच्चि में सामने आया था। वहीं, 2021 में भी कोझिकोड में इसका एक केस मिला था।

## कर्नाटक पुलिस ने दर्ज की आजतक के सलाहकार संपादक के खिलाफ एफआईआर

**बेंगलुरु।** कर्नाटक पुलिस ने आजतक और उसके सलाहकार संपादक सुधीर चौधरी के खिलाफ अल्पसंख्यकों के लिए राज्य सरकार की एक योजना के बारे में कथित तौर पर गलत सूचना प्रसार करने के आरोप में प्राथमिकी दर्ज की है। अधिकारियों के अनुसार हिंदी समाचार चैनल और उसके संपादक पर कानूनी प्रावधानों के तहत अपने वक्तव्य के जरिए सार्वजनिक उपद्रव करने, धर्म, जाति, जन्म स्थान और निवास के आधार पर विभिन्न समूहों के बीच वैमनस्य को बढ़ावा देने के लिए मामला दर्ज किया गया है। कर्नाटक अल्पसंख्यक विकास निगम के सहायक प्रबंधक शिवकुमार ने शेषाद्रिपुरम पुलिस थाने में शिकायत दर्ज कराई है। उन्होंने शिकायत में सलाहकार संपादक पर निगम द्वारा लागू की गई योजना के बारे में झूठी खबर फैलाने का आरोप लगाया है। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि गलत सूचना के जरिए राज्य में सांप्रदायिक सौहार्द बिगाड़ने का प्रयास किया गया है। उल्लेखनीय है कि 11 सितंबर को आजतक पर प्रसारित समाचार में सलाहकार संपादक ने दावा किया कि स्वावलंबी सारथी योजना से केवल अल्पसंख्यकों को लाभ हुआ और हिंदुओं के साथ अन्याय हुआ। उन्होंने यह भी दावा किया कि कर्नाटक में कांग्रेस सरकार तुष्टीकरण की राजनीति कर रही है। इस योजना के तहत बेरोजगार युवाओं को स्व-रोज़गार के लिए ऑटोरिक्शा, सामान और टैक्सी खरीदने के लिए 50 प्रतिशत या तीन लाख रुपये तक की सब्सिडी दी जाती है।



# भाजपा नेता मजूमदार ने की अभिषेक बनर्जी की आलोचना

**कोलकाता।** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की पश्चिम बंगाल इकाई के अध्यक्ष सुकांत मजूमदार ने गुरुवार को तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) के महासचिव अभिषेक बनर्जी की आलोचना करते हुए कहा कि पूछताछ अदालत की निगरानी और निर्देश के तहत हो रही है।

मजूमदार ने एक मीडिया सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि केन्द्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) और प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) स्वतंत्र जांच एजेंसियां हैं और राज्य में विभिन्न घोटालों - पशु तस्करी, कोयला तस्करी और शिक्षक भर्ती आदि की जांच अदालत (कलकत्ता उच्च न्यायालय) के आदेशों के अनुसार हो रही है और न्यायपालिका द्वारा इनकी नियमित रूप से निगरानी की जा रही है।

उत्तर बंगाल के बालुरघाट से लोकसभा सदस्य ने दोहराया, भाजपा ने इन सभी घोटालों की सीबीआई जांच की न तो मांग की और न ही जोर दिया, जो सभी अदालत के आदेश के अनुसार कार्यवाही आगे बढ़ रही हैं।

उन्होंने कहा, अभिषेक बनर्जी ने सीजीओ कॉम्प्लेक्स से बाहर आने के बाद पत्रकारों को जो कुछ भी बताया वह झूठ का पुलिंदा है, और सुझाव दिया कि अगर जांच एजेंसियों को अपना राजनीतिक आका बनाना होता तो तृणमूल कांग्रेस नेता और महासचिव अभी तक जेल में होते।

## समस्तीपुर में महिला पुलिसकर्मी ने की आत्महत्या

**समस्तीपुर।** बिहार में समस्तीपुर नगर थाना क्षेत्र के कंट्रोल रूम मे कार्यरत महिला पुलिसकर्मी ने गले में फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। पुलिस सूत्रों ने गुरूवार को यहां बताया कि महिला पुलिसकर्मी 28 वर्षीय अर्चना कुमारी ने बुधवार की देर रात नगर थाना के कंट्रोल रूम में गले में फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। पुलिस ने दो पन्नों का सुसाइड नोट भी घटना स्थल से बरामद किया है। इस सुसाइड नोट मे मृत महिला सिपाही अर्चना ने अपने पति सिपाही सुमन कुमार के निलंबन पर सवाल उठाते हुए पुलिस पदाधिकारियों पर पति-पत्नी को प्रताड़ित करने का आरोप लगाया है।

# उत्तरकाशी में आईटीबीपी और ग्रामीणों के विवाद में राज्य सरकार से जवाब तलब

नैनीताल। उत्तराखण्ड उच्च न्यायालय ने उत्तरकाशी के मातली गाँव में भारत-तिब्बत सीमा पुलिस (आईटीबीपी) और ग्रामीणों के बीच रास्ते को लेकर चल रहे विवाद में प्रदेश सरकार और जिलाधिकारी से जवाब मांगा है।

मुख्य न्यायाधीश विपिन सांघी और न्यायमूर्ति राकेश थपलियाल की युगलपीठ ने मातली गाँव निवासी रामलाल नौटियाल एवं अन्य की ओर से दायर जनहित याचिका पर सुनवाई के बाद ये निर्देश जारी किये।

आईटीबीपी की ओर से आज इस मामले में पेश जवाब में याचिका में लगाये गये आरोपों का खंडन किया गया है। हालांकि राज्य सरकार और



जिलाधिकारी की ओर से अभी तक जवाब पेश नहीं किया गया है। इसके बाद अदालत न आईटीबीपी की ओर से दायर जवाबी हलफनामा पर याचिकाकर्ता को प्रति शपथपत्र पेश करने को कहा है। साथ ही राज्य सरकार और जिलाधिकारी से जवाब देने को कहा है। याचिकाकर्ताओं की ओर से दायर जनहित में कहा गया है कि आईटीबीपी की ओर ग्रामीणों की भूमि के अधिग्रहण के दौरान तय हुआ था कि मंदिर, स्कूल और घाट का रास्ता बंद ? नहीं होगा लेकिन आईटीबीपी की ओर से पूरे क्षेत्र की चाहर दीवारी कर दी गयी है जिससे ग्रामीणों का रास्ता बंद हो गया है।

इससे ग्रामीणों की दिक्कतें बढ़ गई हैं और ग्रामीणों व बच्चों को प्रतिदिन जांच से गुजरना पड़ता है। ग्रामीणों ने रास्ता खोलने के लिए आईटीबीपी की ओर से दी गयी सहमति के बाद जिला न्यायालय में दायर वाद को वापस ले लिया, लेकिन आज तक ग्रामीणों की मांग पूरी नहीं हो पायी है।

# स्टालिन ने श्रीलंका नौसेना द्वारा गिरफ्तार 17 मच्छुआरों को छुड़ाने लिए लिखा पत्र

चेन्नई। तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एम.के.स्टालिन ने श्रीलंकाई नौसेना द्वारा गुरुवार को गहरे समुद्र में मछली पकड़ने के दौरान गिरफ्तार किये गये 17 मच्छुआरों की रिहाई के लिए विदेश मंत्री डॉ.एस.जयशंकर को पत्र लिखकर आग्रह किया।

स्टालिन ने विदेश मंत्री एस जयशंकर को पत्र लिखकर मच्छुआरों की रिहाई सुनिश्चित करने के लिए कदम उठाने और इस जटिल मुद्दे का स्थायी राजनयिक समाधान निकालने का आग्रह किया है। उल्लेखनीय है कि मत्स्य पालन विभाग के सूत्रों की सहायता से मछुआरे नेदुनथीवु के पास तीन नावों में मछली पकड़ने गये थे। मछुआरों को अंतरराष्ट्रीय समुद्री सीमा (आईएमबीएल) पार करने और



श्रीलंकाई समुद्री सीमा में मछली पकड़ने के लिए श्रीलंकाई नौसेना द्वारा गिरफ्तार किया गया था।

गिरफ्तार किए गए मछुआरों में से आठ, द्वीप शहर रामेश्वरम के थंगाचीमादम से, पांच मयिलादुथुराई से और चार पुदुक्कोट्टई जिले के जगदपतिनम से है। गिरफ्तार किए गए सभी मछुआरों को कांकेसंतुरई नौसेना बेस ले जाया गया और उनकी नावें जब्त कर ली गईं है। इस बीच, मुख्यमंत्री ने त्वरित कार्रवाई करते हुए विदेश मंत्री को एक पत्र लिखकर मछुआरों की रिहाई के लिए कदम उठाने का अनुरोध किया और द्विपक्षीय वार्ता के माध्यम से इस आवर्ती समस्या का स्थायी समाधान निकालने की अपनी मांग दोहराई।

स्टालिन ने डॉ. जयशंकर को लिखे पत्र की प्रतियां मीडिया को जारी की। उन्होंने कहा कि इस महत्वपूर्ण मामले पर तत्काल ध्यान देने और राजनयिक हस्तक्षेप की आवश्यकता है। उन्होंने कहा, इससे पहले आज, तीन मशीनीकृत नौकाओं और तमिलनाडु के 17 मछुआरों को श्रीलंकाई नौसेना ने कथित तौर पर उनके जलक्षेत्र उल्लंघन करने के आरोप में पकड़ लिया है।

## हिमाचल में नाबालिग से दुष्कर्म के आरोपी को 25 वर्ष की कठोर सजा

**शिमला।** हिमाचल प्रदेश में नाबालिग से दुष्कर्म करने के आरोपी गीता राम को विशेष अदालत ने बुधवार को 25 वर्ष के कठोर कारावास की सजा सुनाई। शिमला के विशेष न्यायाधीश अमित मंडयाल ने पॉक्सो अधिनियम की धारा 6 के अंतर्गत 25 हजार रुपये जुर्माना और भारतीय दंड संहिता की धारा 452 के अंतर्गत दो वर्ष के साधारण कारावास और एक हजार रुपये जुर्माने की भी सजा सुनाई। निचली अदालत ने पीड़िता के लिए तीन लाख रुपये मुआवजे की भी सिफारिश की। अभियोजन पक्ष के अनुसार, चार वर्ष से कम उम्र की पीड़िता 30 मार्च, 2021 को अपने घर पर अकेली थी, जब पड़ोसी गीता राम उसके घर गया और पीड़िता के साथ बलात्कार किया।

# हरियाणा की 11 जेलों में लगेंगे आईओसी पेट्रोल पम्प

चंडीगढ़। हरियाणा सरकार ने कुरूक्षेत्र जिला जेल में भारतीय तेल निगम (आईओसी) पेट्रोल पम्प स्थापित करने की पायलट परियोजना के सफल होने के बाद राज्य की 11 जेलों में ऐसे पेट्रोल पम्प लगाने करने का निर्णय लिया है। आधिकारिक प्रवक्ता ने बुधवार को यहां बताया कि इन रिटेल आउटलेट को लगाने का मुख्य उद्देश्य कैदियों के सामाजिक पुनर्वास में सहायता प्रदान करना है। मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर ने नूंह, फरीदाबाद, भिवानी, सिरसा, हिसार-1, जींद, नारनौल, करनाल, यमुनानगर, सोनीपत और अम्बाला की जेलों में आईओसी पम्प लगाने की मंजूरी प्रदान की है। इससे पहले राज्य सरकार ने आईओसी के सहयोग से जेल फिलिंग स्टेशन कुरूक्षेत्र में एक पायलट प्रोजेक्ट शुरू किया था। इस प्रोजेक्ट को बड़ी सफलता मिली है और यह अन्य राज्यों के लिए भी एक आदर्श मॉडल बन गया है। प्रवक्ता के अनुसार 31 मई 2022 से 31 मई 2023 तक जेल फिलिंग स्टेशन कुरूक्षेत्र को लगभग 1.18 करोड़ रुपए की आय हुई है। जेल विभाग ने फिलिंग स्टेशनों के संचालन और प्रबंधन के लिए लगभग 200 कैदियों को प्रशिक्षण प्रदान किया है। इस पायलट प्रोजेक्ट से बड़ी संख्या में जेल कैदियों ने विपणन, बैंकिंग, ग्राहकों से निपटना, नकदी प्रबंधन, फिलिंग स्टेशन की सुरक्षा आदि सुनिश्चित करना और फिलिंग स्टेशन के संचालन की बारीकियां सीखी हैं।

# निगम के कर्मचारियों को तीन प्रतिशत महंगाई भत्ता

**शिमला।** हिमाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंदर सिंह सुक्खू ने निगम के कर्मचारियों को एक जनवरी 2022 से तीन प्रतिशत महंगाई भत्ता जारी करने मंजूरी दी है। सुक्खू की अध्यक्षता में आज यहां हिमाचल प्रदेश राज्य वन विकास निगम सीमित के निदेशक मण्डल की आयोजित हुई 213वीं बैठक निगम के कर्मचारियों को 01 जनवरी, 2022 से तीन प्रतिशत महंगाई भत्ता जारी करने की स्वीकृति प्रदान की गई।

निदेशक मण्डल ने वर्ष 2022-23 के लिए निगम के कर्मचारियों को बोनस प्रदान करने का भी निर्णय लिया, जिससे करीब 253 कर्मचारी लाभान्वित होंगे।

बैठक में निगम में चार वर्ष का सेवाकाल पूर्ण कर चुके दैनिक भोगी सभी पात्र कर्मचारियों की सेवाओं को नियमित करने और एक अप्रैल 2023 से वन निगम के दैनिक भोगियों और पार्ट टाईम वर्कर्स को बढ़ी हुई दरों पर दिहाड़ी प्रदान करने का भी निर्णय लिया गया।

मुख्यमंत्री ने कहा कि वन निगम को सुदृढ़ करते हुए इसे एक आत्मनिर्भर एवं लाभदायी संगठन बनाने के लिए प्रदेश सरकार अपना पूर्ण सहयोग प्रदान कर रही है।

# सीमावर्ती जिलों में औद्योगीकरण को बढ़ावा देने की घोषणा

अमृतसर। पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान ने गुरुवार को राज्य के सीमावर्ती जिलों में औद्योगिकीकरण को बढ़ावा देने की घोषणा की।

मुख्यमंत्री ने पहली 'सरकार सन्नतकर मिलनी' के दौरान उद्योगपतियों से बातचीत करते हुए कहा कि राज्य सरकार सीमावर्ती क्षेत्र में उद्योग के समग्र विकास को सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि आवश्यक बदलावों को शामिल करके राज्य में सीमा पहचान की प्रक्रिया को जल्द ही सुव्यवस्थित किया जाएगा। इससे राज्य में विशेषकर सीमावर्ती क्षेत्र में उद्योग को बढ़ावा देने में मदद मिलेगी।

बैठक की शुरुआत में मान और दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल



के नेतृत्व में सभा ने जम्मू-कश्मीर में आतंकवादी हमले में शहीद हुए कर्नल मनप्रीत सिंह और अन्य जवानों की याद में दो मिनट का मौन रखा।

इस बीच, मुख्यमंत्री ने कहा कि चुनाव के दौरान उन्होंने उद्योगपतियों को कुछ गारंटी देने का वादा किया था। उन्होंने कहा कि अब सरकार बनने के 18 महीने बाद वह विभिन्न क्षेत्रों में उपलब्धियां गिनाने के लिए यहां आये हैं। उन्होंने कहा कि राज्य में उद्योग की सुविधा के लिए कोई कसर नहीं छोड़ी जाएगी।

मान ने कहा कि राज्य सरकार किसानों को कृषि कार्यों के लिए उपलब्ध कराए जा रहे पानी की तर्ज पर औद्योगिक इकाइयों के लिए नहरी पानी का विवेकपूर्ण उपयोग सुनिश्चित करेगी। उन्होंने कहा कि इससे उद्योग को सुचारू रूप से काम करने और सुविधा प्रदान करने में मदद मिलेगी।

मुख्यमंत्री ने कहा कि उद्योगपतियों की जरूरत के मुताबिक और उन्हें सुविधा देने के लिए उद्योग के लिए नीतियां बनाई जाएंगी। उन्होंने कहा कि उद्योग जगत को सुविधा देने के लिए राज्य सरकार से उद्योग जगत जो भी मांग करेगा, उसे जल्द से जल्द पूरा किया जाएगा।

उन्होंने जिले में प्रतिदिन आने वाले पर्यटकों की सुविधा के लिए एक समर्पित बल गठित करने की भी घोषणा की। उन्होंने कहा कि अमृतसर में प्रतिदिन लगभग एक लाख तीर्थयात्री आते हैं और उनकी जरूरतों को पूरा करने के लिए विशेष बल की आवश्यकता होती है। पंजाब पुलिस की इस समर्पित इकाई में अलग-अलग वर्दी और ड्रेस कोड होगा ताकि उन्हें आसानी से पहचाना जा सके।

# केंद्र नहीं माना तो राज्य करेगा कोटा में एयरपोर्ट का विकास : गहलोत

एजेंसी

कोटा। राजस्थान के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने कहा कि राज्य सरकार कोटा में प्रस्तावित ग्रीन फील्ड एयरपोर्ट के निर्माण कार्य शुरु करने के लिए अपने हिस्से का काम कर चुकी है।

केंद्र सरकार को एयरपोर्ट बनाने के लिए निशुल्क जमीन दे चुकी है लेकिन केंद्र सरकार नई-नई शर्ते लगाकर एयरपोर्ट के निर्माण में बाधा बन रहा है। यदि केंद्र नहीं माना तो राज्य सरकार अपने स्तर पर एयरपोर्ट का विकास करवाएंगा।

मुख्यमंत्री गहलोत ने जयपुर लौटने से पहले शंभूपुरा गांव में नागरिक उड्डयन



मंत्रालय को एयरपोर्ट के निर्माण के लिए दी गई जमीन का अधिकारियों के साथ अवलोकन किया।

इस अवसर पर पत्रकारों से बातचीत करते हुए गहलोत ने कहा कि राज्य सरकार ग्रीनफील्ड एयरपोर्ट के विकास के लिए प्रतिबद्ध है। हमने मंत्रिमंडल में निर्णय लेकर कोटा नगर विकास न्यास से एयरपोर्ट अथॉरिटी को नि:शुल्क 34 हैक्टेयर भूमि हस्तांतरित कराई।

साथ ही डायवर्जन राशि की प्रथम किश्त 21 करोड़ 13 लाख रुपए भी वन विभाग को दिए गए। इसके बावजूद केंद्र सरकार निर्माण कार्य शुरू नहीं करा पाई है।

गहलोत ने कहा कि हमने एयरपोर्ट विकास में जो वादे किए थे, वह पूरे किए हैं। अब केन्द्र सरकार और स्थानीय सांसद को प्रयास करने चाहिए। स्थानीय सांसद उनका कर्तव्य निभाते हुए कार्य को आगे बढ़ाए।

उन्होंने कहा कि केन्द्र सरकार के विकास के लिए मना किए जाने पर राज्य सरकार अपने संसाधनों से पूरा कराएंगी।

राज्य सरकार ने जिस तरह किशनगढ़ एयरपोर्ट विकास को आगे बढ़ाया, उसी तरह कोटा एयरपोर्ट के लिए भी संकल्पित है। उन्होंने कहा कि कोटा में पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए एयरपोर्ट अति आवश्यक है।

मुख्यमंत्री गहलोत ने गुरुवार को कोटा में प्रस्तावित ग्रीनफील्ड एयरपोर्ट भूमि का निरीक्षण किया। उन्होंने कोटा-बूंदी के बीच शम्भूपुरा-जाखमुंड गांवों में प्रस्तावित एयरपोर्ट के लिए चिन्हित स्थान पहुंचकर प्रगति की जानकारी ली।

## इलेक्ट्रिक स्कूटी में लगी आग 12 लाख की नकदी सहित 40 लाख रूपये का नुकसान

**भीलवाड़ा।** राजस्थान के भीलवाड़ा में महात्मा गांधी अस्पताल परिसर में गुरुवार सुबह उस वक्त हड़कंप मच गया जब एएनएम के सरकारी आवास में इलेक्ट्रिक स्कूटी भभक गई। यह हादसा स्कूटी को चार्ज लगाने के मात्र दो ही मिनिट में हो गया और देखते ही देखते आग किचन, डायनिंग हॉल एवं दो कमरों में फैल गई। इस दौरान एएनएम की बेटी कमरे में सो रही थी, जिसे एएनएम ने पीछे के गेट से बाहर निकाला। गनीमत रही कि कोई जनहानि नहीं हुई, लेकिन 12 लाख रुपये की नकदी सहित 40 लाख रुपये का घर में रखा सभी सामान जलकर राख हो गया। आग पर दमकल की मदद से आधे घंटे बाद काबू पाया जा सका। काशीपुरी डिस्पेंसरी में एएनएम के पद पर कार्यरत उर्मिला व्यास ने बताया कि उनके क्वार्टर पर खड़ी इलेक्ट्रिक स्कूटी को चार्ज पर लगाया। मात्र दो ही मिनिट में स्कूटी भभक उठी। यह देखकर उन्होंने कमरे में सो रही अपनी बेटी अंजलि व्यास को मकान के पीछे के दरवाजे से बाहर निकाला और वे भी बाहर आ गई। उधर स्कूटी से उठी आग की तेज लपटों ने देखते ही देखते कीचन, डायनिंग हॉल व दो कमरों को अपने आगोश में ले लिया। इस बीच, आस-पास के लोग भी आ गये। दमकल एवं पुलिस को सूचना दी गई।

## शार्ट न्यूज

### डा. महेश शर्मा ने विद्युत तारों एवं खंभों को बदलने के कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया



**नोएडा।** बृहस्पतिवार को माननीय सांसद गौतमबुद्धनगर डा. महेष शर्मा ने संसदीय क्षेत्र के खुर्जा विधानसभा में स्थित वाजिदपुर में बिजली विभाग के आरडीडीएस स्कीम के तहत जर्जर विद्युत तारों एवं खंभों को बदलने के कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। जिसमें जनपद के जो भी जर्जर तार एवं खंभे है उनको शीघ्र ही बदला जायेगा। टी.एच.डी.सी. इंडिया लिमिटेड के (सीएसआर) फण्ड से स्कूल में पढ़ने वाली छात्राओं को साईकिल वितरण का कार्यक्रम आयोजित कर सैकड़ो की संख्या में स्कूली छात्राओं को साईकिल वितरित की गयी, उसके उपरान्त खुर्जा विधानसभा के कई गावों कहरौला, क्योली खुर्द एवं खुर्जा जंक्षन में ''मेरी माटी-मेरा देश'' कार्यक्रम के तहत देश की मिट्टी को नमन एवं माँ भारती के वीरों का वंदन करते हुए अमृत कलश में चावल एवं मिट्टी संग्रहित की तथा वहां उपस्थित ग्रामवासियों को प्रंच प्रण की शपथ दिलायी। उसके बाद ढकपुरा में फैली बीमारी की रोकथाम के लिए प्रशासन द्वारा लगाए कैम्प का निरीक्षण किया इस कार्यक्रम में सांसद प्रतिनिधि सत्य प्रकाष सिंह, माननीय विधायक खुर्जा मीनाक्षी सिंह, पूर्व विधायक श्री विजेन्द्र खटीक, भगवानदास सिंघल एवं प्रमुख लोग सहित काफी संख्या में उपस्थित रहें।

### नव हिंद विद्यालय की छात्राओं द्वारा हिंदी दिवस पर हिंदी भाषा गीत एवं निबंध प्रतियोगिता का आयोजन




नई दिल्ली। नवहिंद विधालय, न्यू रोहतक, नई दिल्ली मे हिंदी दिवस के उपलक्ष्य पर अनेक कार्यक्रमों और प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। छात्राओं ने अत्यंत उत्साह पूर्वक इन कार्यक्रमों में भाग लिया। विधालय की प्रधानाचार्या सीमा खरबंदा ने इस अवसर पर छात्राओं को सम्बोधित करते हुए कि हिंदी भाषा का महत्व भारतीय साहित्य और संस्कृति के निरंतर विकास के लिए महत्वपूर्ण है। हिंदी दिवस भाषा के महत्व को साझा करने और यह बढ़ावा देने का एक महत्वपूर्ण अवसर प्रदान करता है। हिंदी दिवस हमें याद दिलाता है कि हमारी मातृभाषा हिंदी का संरक्षण और प्रोत्साहन कितना महत्वपूर्ण है। हिंदी भाषा भारत की एकता और विविधता का प्रतीक है, क्योंकि यह विभिन्न क्षेत्रों में बोली जाती है। हिंदी दिवस हमें हमारी भाषा के प्रति गर्व और समर्पण की भावना दिलाता है। यह एक महत्वपूर्ण अवसर है हम सभी के लिए हिंदी भाषा के महत्व को समझने और बढ़ावा देने का। हमें यह समझना चाहिए कि हमारी भाषा हमारी पहचान है और हमें इसे संरक्षित रखना चाहिए।

### एसटीएफ ऑफिसर बनकर ठगी करने वाला गिरफ्तार

**गौतम बुद्ध नगर।** ग्रेटर नोएडा की थाना नॉलेजपार्क पुलिस द्वारा, फर्जी एसटीएफ बनकर राहगीरों को अपनी गाडी में बैठाकर रंगदारी वसूलने वाले गिरोह के वांछित चल रहे सदस्य को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी के कब्जे से घटना में प्रयुक्त स्विफ्ट गाडी मय 01 तमंचा और 2000 रुपए बरामद की गई है। थाना नालेज पार्क पुलिस द्वारा, डी कैथलोन की तरफ से आने वाले सर्विस रोड के कट के पास थाना नालेज पार्क से प्रकाश में आए दीपान्शु उर्फ बन्टी उर्फ अंकित कुमार गिरफ्तार किया है। यह मूल रूप से इटावा का रहने वाला है इसका एक साथी पहले ही जेल जा चुका है। नॉलेज पार्क थाना प्रभारी ने बताया कि श्यामवीर उर्फ पिन्टू उर्फ अभिषेक ने अपने साथी दीपांशु उर्फ बन्टी उर्फ अंकित के साथ मिलकर एलजी गोलचक्कर थाना नॉलेजपार्क के पास एक स्विफ्ट कार में एलजी गोलचक्कर के पास घूम रहे दो युवकों अंश और आर्यन को अपनी गाड़ी में बैठा लिया और कहा कि हम लोग एसटीएफ से है।

# जब शहीद जवानों का जनाजा उठ रहा था तब जी-20 का जश्न मनाने में व्यस्त थे मोदी : आप

नयी दिल्ली। आम आदमी पार्टी के वरिष्ठ नेता एवं राज्यसभा सदस्य संजय सिंह ने आज कहा कि बहुत अफसोस और शर्म की बात है कि अनंतनाग में आतंकवादियों से लड़ते हुए सेना के जवान तथा पुलिस अधिकारी शहीद हो गए और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और उनकी सरकार जश्न मनाने और जुलूस निकालने में व्यस्त थी।

आम आदमी पार्टी के वरिष्ठ नेता एवं राज्यसभा सांसद संजय सिंह ने गुरुवार को संवाददाता सम्मेलन में कहा कि अनंतनाग की घटना से पूरा देश स्तब्ध है। सेना के दो जवान और



पुलिस अधिकारी आतंकवादियों से लड़ते हुए शहीद हो गए। एक तरफ जहां पूरे देश को अपने इन महान सपूतों के ऊपर गर्व है, दूसरी ओर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और उनकी सरकार के ऊपर धिक्कार है कि कल जब हमारे शहीदों का जनाजा उठ रहा था, वह जश्न मना रहे थे। जब एक पिता अपने बेटे को नम आंखों से श्रद्धांजलि दे रहा था, उस वक्त मोदी-मोदी के नारे लगाकर जी-20 का जश्न मनाया जा रहा था।

सिंह ने कहा कि हम सबके लिए बहुत ही शर्म की बात है कि देश के प्रधानमंत्री आखिर क्यों ऐसी घटनाओं पर जश्न मना रहे होते हैं। पुलवामा में हमारे जवान शहीद होते हैं तो हमारे देश के प्रधानमंत्री उत्तराखंड में शूटिंग में व्यस्त होते हैं। उनको घंटों बाद होश आया कि अब हमें डिस्कवरी की शूटिंग से निकलना चाहिए। कोरोना की महामारी में देश के लाखों लोग मर रहे थे। शमशान घाट में लाशें बिछी रहती थी। गंगा के घाटों पर लोगों को अंतिम संस्कार करने की जगह नसीब नहीं होती थी। ऐसे समय में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी बंगाल चुनाव में व्यस्त थे। पिछले तीन दिनों से जब आतंकवादी हमला हो रहा है, उसमें हमारे जवान और पुलिस अधिकारी शहीद हो रहे थे तो आप जश्न मना रहे हैं और जुलूस निकल रहे हैं।

उन्होंने कहा कि अगर सरकार इसपर कार्रवाई नहीं करती है तो सदन का विशेष सत्र शुरू होने वाला है, आम आदमी पार्टी इस मुद्दे को सदन में उठाएगी।

# विपक्षी दलों का पत्रकारों का बहिष्कार , लोकतंत्र पर चोट

नयी दिल्ली 14 सितंबर (वार्ता) देश में पत्रकारों के सबसे बड़े संगठन नेशनल यूनियन ऑफ जर्नलिस्ट्स (इंडिया) ने विपक्षी गठबंधन इंडिया में शामिल 26 दलों के पत्रकारों के बहिष्कार की घोषणा की निंदा की है और इस कदम को मीडिया का दमन एवं लोकतंत्र पर चोट करार दिया है। इंटरनेशनल फेडरेशन ऑफ जर्नलिस्ट्स से संबद्ध एनयूजेआई के अध्यक्ष रास बिहारी ने गुरुवारको यहां एक बयान में कहा कि विपक्षी गठबंधन में शामिल दलों ने मीडिया का भी राजनीतिकरण कर दिया है।

यह सर्वथा अनुचित और अस्वीकार्य है। यह इन दलों में लोकतांत्रिक मूल्यों की भारी कमी को भी दर्शाता है। जल्द ही एनयूजेआई अन्य पत्रकारों संगठनों के साथ एक बड़ी बैठक करके इस तरह से पत्रकारों के बहिष्कार के खिलाफ रणनीति बनाकर आंदोलन की रूपरेखा तैयार करेगा। उन्होंने कहा कि एनयूजेआई का मानना है कि विपक्षी गठबंधन इंडिया में शामिल 26 दलों ने पत्रकारों का बहिष्कार करके भारत के महान लोकतंत्र को शर्मसार किया है।

साथ ही, इन दलों ने लोकतंत्र के चौथे स्तंभ मीडिया को भी कमजोर करने की साजिश रची है। ऐसा प्रतीत होता है कि यह टीवी डिबेट में सार्थक बहस से भाग रहे हैं।

### भारत में हिंदी का अधिकाधिक प्रयोग हो, हिंदी अब वैश्विक भाषा है : दयानंद वत्स



**नई दिल्ली।** अखिल भारतीय स्वतंत्र पत्रकार एवं लेखक संघ के राष्ट्रीय महामंत्री शिक्षाविद् दयानंद वत्स ने आज संघ के मुख्यालय बरवाला में हिंदी दिवस के अवसर पर समूचे विश्व के हिंदी भाषियों को अपनी शुभकामनाएं देते हुए कहा कि हिंदी अब सर्वमान्य वैश्विक भाषा बन चुकी है। वत्स ने कहा कि भारत में ज्ञान, विज्ञान, विधि, चिकित्सा, यांत्रिकी शिक्षा में हिंदी को बढ़ावा दिया जाना चाहिए। भविष्य में होने वाले वैश्विक सम्मेलनों में प्रचार सामग्री में हिंदी को भी शामिल किया जाए तो अच्छा होगा। वर्तमान परिपेक्ष्य में हिंदी के वैश्विक प्रचार-प्रसार में हिंदी सिनेमा, दूरदर्शन धारवाहिकों, हिंदी के समाचारपत्र, पत्रिकाओं, हिंदी संवाद समितियों, समाचार और मनोरंजन चैनलों और हिंदी फिल्मों, आकाशवाणी और दूरदर्शन ने हिंदी को विश्व भाषा बना दिया है। बालीवुड की फिल्में हिंदी के प्रचार प्रसार में अपनी महत्वपूर्ण वैश्विक भूमिका निभा रही हैं। आज हिंदी रोजगार की भाषा बन चुकी है। अन्तरराष्ट्रीय स्तर पर हिंदी के मजबूती से बढते कदम एक सुखद संकेत हैं।.हिंदी भाषा के शिक्षण के लिए सैंकड़ों विदेशी विश्वविद्यालयों में शिक्षा दी जा रही है। हिंदी में लेखन बढा है। हिंदी समाचारपत्रों की पाठक संख्या बढी है। हिंदी पत्रकारिता के प्रति युवाओं में भारी जोश है।

### जेवर में दोस्त के हत्यारोपी को पुलिस ने किया गिरफ्तार

जेवर। जेवर कोतवाली पुलिस ने दोस्त की हत्या के मामले में फरार चल रहे एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस का कहना है कि आरोपी घटना को अंजाम देकर फरार हो गया था। जिसको पुलिस गुरुवार को कोर्ट में पेश करने के बाद जेल भेजेगी। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से हत्या में इस्तेमाल लोहे की रॉड भी बरामद की है। पुलिस ने बताया कि मूल रूप से औरैया जिला निवासी धीरेंद्र (32) और बलरामपुर जिला निवासी बनारसी जेवर क्षेत्र में स्थित एक व्यापारी की दुकान पर काम करते थे। बताया जाता है कि दोनों पिछले कई वर्षों से एक साथ रहकर काम करते थे। जिनके बीच अच्छी दोस्ती थी। लेकिन 11 सितंबर की रात दोनों के बीच विवाद हो गया। आरोप है कि देर रात को सोते वक्त धीरेंद्र पर बनारसी ने लोहे के रॉड से हमला कर दिया।

# राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग आयोग ने पिछड़े वर्ग के बच्चों लिए आरक्षित सीट कम होने पर संज्ञान लिया

**नई दिल्ली।** भारत की संसद द्वारा पारित शिक्षा के अधिकार कानून 2009 की धारा 12(1)(सी) के अंतर्गत 25 प्रतिशत बच्चों को मुफ्त शिक्षा देने का प्रावधान है। इस कानून के अंतर्गत गरीब एवं पिछड़े वर्ग के बच्चों के लिए मुफ्त शिक्षा एवं अन्य सुविधाओं को देने का प्रावधान किया गया है।

दिल्ली में सत्र 2018-19 तक 50,000 से अधिक सीटें आरक्षित होती थी जो कि सत्र 2023-24 तक आते-आते 32,269 सीटें ही रह गई हैं। दिल्ली की जनसंख्या पिछले 5 सालों में बढ़ी है, लेकिन आर्थिक एवं सामाजिक कमजोर वर्ग के लिए आरक्षित सीटों में लगभग 35 प्रतिशत की कमी आई है। अफॉर्डेबल प्राइवेट स्कूल एसोसिएशन ने इस बात की जानकारी राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग आयोग को देते हुए इस बात की जांच कराए जाने की मांग की है। गरीब एवं पिछड़ों के हितों की सुरक्षा के लिए राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग



आयोग के अध्यक्ष श्री हंसराज अहिर ने संज्ञान लेते हुए दिल्ली के मुख्य सचिव श्री नरेश कुमार, आईएएस को आयोग में तलब किया। उनके साथ शिक्षा विभाग के उच्च अधिकारी अशोक कुमार, आईएएस शिक्षा सचिव एवं अन्य उप निदेशक भी शामिल हुए। इन बच्चों को विद्यालय का आवंटन कंप्यूटराइज्ड ड्रॉ द्वारा दिल्ली सरकार करती है। लाखों बच्चों का आवेदन आता है, परंतु हजारों सीटें हर वर्ष खाली रह जाती हैं। एसोसिएशन के अध्यक्ष श्री लक्ष्य छाबड़िया ने राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग आयोग से निवेदन किया कि जो सीटें खाली रह जाती हैं, उनको भरने का अधिकार विद्यालय को दिया जाए। ताकि खाली रह गई सीटों को भरा जा सके और गरीब पिछड़ों के बच्चों को शिक्षा का अधिकार दिया जा सके। इस प्रकार सीटें भी खाली नहीं रहेंगी गरीब शोषित पिछड़ों को उनका हक भी मिल जाएगा। आयोग ने इस बात का संज्ञान लेते हुए दिल्ली के सचिव से जवाब मांगा है।

# हजारों कांग्रेस कार्यकर्ताओं की मौजूदगी में ढ़ोल नगाड़ों के बीच अरविन्दर सिंह लवली ने अध्यक्ष पद संभाला

**नई दिल्ली।** दिल्ली प्रदेश कांग्रेस कमेटी के नवनियुक्त अध्यक्ष अरविन्दर सिंह लवली ने आज हजारों कांग्रेस कार्यकर्ताओं की मौजूदगी में विधिवत रुप से अध्यक्ष पद संभाल लिया। निवर्तमान अध्यक्ष चौ0 अनिल कुमार ने अरविन्दर सिंह लवली को विधिवत चार्ज देते हुए चुनौती पूर्ण समय में काम करने का सभी कार्यकर्ताओं का आभार व्यक्त किया। इस मौके पर अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के दिल्ली प्रदेश प्रभारी दीपक बाबरिया, पूर्व प्रदेश अध्यक्ष सर्वश्री अजय माकन, सुभाष चौपड़ा, जय प्रकाश अग्रवाल, चौ0 अनिल कुमार के अलावा कांग्रेस कार्यसमित के सदस्य सर्वश्री मनीष चतरथ, देवेन्द्र यादव के अलावा पूर्व सांसद श्रीमती कृष्णा तीरथ, संदीप दीक्षित, परवेज हाश्मी, अ0भा0क0कमेटी के एससी विभाग के चेयरमैन राजेश



लिलौठिया, दिल्ली सरकार के पूर्व मंत्री सर्वश्री हारुन यूसूफ, राजकुमार चौहान, पूर्व विधायक जयकिशन, कांग्रेस प्रवक्ता रागिणी नायक में सम्बोधित किया व पूर्व सांसद रमेश कुमार व डा0 उदित राज, कांग्रेस कार्यसमित के सदस्य पवन खेड़ा, पूर्व विधायक मुकेश शर्मा और अल्का लांबा, अ0भा0क0कमेटी सचिव अभिषेक दत्त, शिव भाटिया और अमृता धवन, पूर्व मंत्री डा0 नरेन्द्र नाथ, मंगतराम सिंघल, रमाकांत गोस्वामी, प्रो0 किरण वालिया, निगम के अलावा दिल्ली के सभी पूर्व सांसद, पूर्व मंत्री व पूर्व विधायक, निगम पार्षद, युवा कांग्रेस, महिला कांग्रेस, एनएसयूआई सेवादल आदि सभी सबंध संगठनों के पदाधिकारी, सभी जिला व ब्लाक अध्यक्ष और अमित मलिक, परविन्दर शर्मा भी मौजूद थे। पूर्व मंत्री राजकुमार चौहान ने सभी कार्यकर्ताओं का धन्यवाद किया व सभा का संचालन प्रदेश युवक कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष ब्रहम यादव ने किया व मंच व्यवस्था दिल्ली नगर निगम के पूर्व नेता जितेन्द्र कुमार कोचर व पीसीसी डेलीगेट जय करण चौधरी देख रहे थे।

इस मौके पर पूर्व प्रदेश अध्यक्ष सुभाष चौपड़ा ने सोनिया गांधी जी, मल्लिकार्जुन खरगे जी, राहुल गांधी जी, प्रियंका गांधी जी, के.सी. वेनुगोपाल जी व प्रदेश प्रभारी दीपक बाबरिया जी सहित पार्टी हाईकमान का अरविन्दर सिंह लवली की नियुक्ति के लिए आभार व्यक्त करते हुए एक प्रस्ताव रखा, जिसको वहां मौजूद हजारों लोगों ने सर्वसम्मति से पारित किया।

# सफाई कर्मचारियों के विभिन्न 52 संगठनों ने मिलकर बनाया परिसंघ

## दिल्ली सफाई कर्मचारी आयोग का रहेगा विशेष योगदान

नई दिल्ली। स्मरण रहे कि दिल्ली नगर निगम एवं आउटसोर्स एजेंसियों के मातहत कार्य कर रहे सफाई कर्मचारियों की ज्वलनतशील मांगो को लेकर दिल्ली में कार्यरत विभिन्न संगठन पिछले कई वर्षो से संघर्षरत है।

आज इसी सिलसिले में दीनदयाल उपाध्याय मार्ग स्थित एटक भवन में कर्मचारियो के करीब 52 विभिन्न संगठनों ने हिस्सा लिया और दिल्ली कर्मचारी परिसंघ का निर्माण किया।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के तौर पर उपस्थित दिल्ली सफाई कर्मचारी आयोग के चेयरमैन संजय गहलोत ने बताया कि यूनियन नेताओं की ये एक सराहनीय पहल है जिसके अंतर्गत एक समान मांगे होते हुए सभी नेता एक ही दिशा में अग्रणीय रूप से कार्य करें। उन्होंने परिसंघ में शामिल सभी संगठनों को एकजुट होने पर बधाई देते हुए कहा कि इस मामले में दिल्ली सफाई कर्मचारी आयोग भी परिसंघ के साथ न्यायोचित अधिकारों के लिए शामिल होकर मजबूती प्रदान करेगा।

परिसंघ में अध्यक्ष के पद पर सर्वसम्मति से संतलाल चांवरिया को अध्यक्ष दिल्ली प्रदेश एवं पूनम सिंह को अध्यक्ष दिल्ली प्रदेश(महिला विंग) घोषित किया गया। परिसंघ के अन्य विभिन्न संगठनों के पदाधिकारियों में आर बी ऊंटवाल, रामराज, कप्तान ढिका, राहुल टांक,राजू कोहली, अनिल चूडियाना देवेंद्र कुमार, संजीव जावा, कमल कागड़ा, त्रिलोकचंद टांक,कमल मुंडे ला, रानी सलवान, कुलदीप गेचण्ड, दिनेश हितैषी, विक्की कामवाल, भारत महार समेत सैकड़ो कर्मचारी/यूनियन लीडर्स उपस्थित रहे।

# प्रदूषण की समस्या से निपटने के लिए एक्शन प्लान बनाएगी सरकार

नई दिल्ली। दिल्ली में सर्दियों के मौसम में विभिन्न वजहों से बढ़ने वाली प्रदूषण की समस्या से निपटने के लिए केजरीवाल सरकार ने अपनी तैयारियाँ तेज कर दी है। पर्यावरण मंत्री गोपाल राय ने विंटर एक्शन प्लान को लेकर आज दिल्ली सचिवालय में सभी सम्बंधित 28 विभागों के साथ संयुक्त बैठक की। बैठक में पर्यावरण विभाग, डीपीसीसी , विकास विभाग, दिल्ली कैंटोनमेंट बोर्ड, सीपीडब्लूडी , डीडीए , दिल्ली पुलिस, डीटीसी, राजस्व विभाग, डीएसआईआईडीसी , शिक्षा विभाग , डीएमआरसी , पीडब्लूडी , ट्रांसपोर्ट विभाग , एनएचएआई , दिल्ली जल बोर्ड , डूसिब, एनडीएमसी आदि के अधिकारी शामिल रहें ।

पर्यावरण मंत्री ने कहा कि सभी विभागों को निर्धारित 15 फोकस बिंदुओं पर अलग-अलग जिम्मेदारी सौंपी गई है, जिसके अनुसार विंटर एक्शन प्लान तैयार किया जाएगा।

सभी विभागों को 25 सितंबर तक पर्यावरण विभाग को विंटर एक्शन प्लान के तहत विस्तृत कार्ययोजना और सुझाव को सौंपने का निर्देश दिया गया है ।

गोपाल राय ने आगे बताया कि एक



अक्टूबर को मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल विंटर एक्शन प्लान की घोषणा करेंगे। इस बार प्रदूषण को कम करने को लेकर 13 हॉटस्पॉट के लिए अलग - अलग कार्ययोजना बनाई जायेगी। बैठक के बाद दिल्ली सचिवालय में आयोजित प्रेसवार्ता के दौरान सभी पत्रकारों को सम्बोधित करते हुए पर्यावरण मंत्री गोपाल राय ने बताया कि सर्दियों के मौसम में होने वाली प्रदूषण की समस्या से निपटान करने के लिए केजरीवाल सरकार ने अपनी तैयारियाँ तेज कर दी है ।

दिल्ली में माननीय मुख्यमंत्री अरविन्द केजरीवाल जी के नेतृत्व में हमारी सरकार ने लगातार दिल्ली में वायु प्रदूषण को कम करने के लिए कड़े कदम उठाए है , जिसके परिणामस्वरूप पिछले 9 सालों में पीएम 10 में 42 प्रतिशत और पीएम 2.5 में 46 प्रतिशत की कमी आई है। अच्छे, संतोषजनक और मध्यम श्रेणी के दिनों की संख्या 2016 के मुकाबले 109 से बढ़कर 2022 में 163 हो गई है।

इसके साथ ही सबसे गंभीर श्रेणी की संख्या में भी 2016 से 2022 के बीच गिरावट दर्ज की गई है। 2016 में जहां 26 दिन थे अब वह 2022 में घटकर केवल 6 दिन रह गए हैं। पिछले दिनों पर्यावरण,डीपीसीसी विभाग के उच्च अधिकारियों के साथ बैठक में मुख्य तौर पर 15 फोकस बिंदु चिंहित किए गए । उन फोकस बिंदुओं के आधार पर कार्ययोजना तैयार करने के लिए आज हमने दिल्ली के अंदर जितनी प्रमुख एजेंसियां हैं, उनके अधिकारियों के साथ संयुक्त बैठक आयोजित की थी। इस बैठक का मुख्य उद्देश्य दिल्ली के अंदर प्रदूषण के खिलाफ संयुक्त कार्य योजना का निर्माण करना है। आज की बैठक में अलग-अलग विभागों को विंटर एक्शन प्लान के तहत निर्धारित फोकस बिंदुओं पर विशिष्ट कार्य सौपे गए हैं। जिस पर सभी विभाग 25 सितंबर तक अपनी रिपोर्ट पर्यावरण विभाग को देगी।

### मनचले से परेशान किशोरी ने लगाई फांसी

जेवर। जेवर कोतवाली क्षेत्र में एक मनचले से परेशान होकर एक नाबालिग किशोरी ने आत्महत्या कर ली। इस संबंध में मृतक के परिजनों आरोपी के खिलाफ कोतवाली में केस दर्ज कराया है। पुलिस ने शव का पंचनामा भर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस आरोपी को जल्द ही गिरफ्तार करने का दावा कर रही है। जहांगीरपुर कस्बा निवासी एक व्यक्ति ने पुलिस को दी शिकायत में कहा है कि उसकी 14 वर्ष की बहन बुधवार देर को रात घर पर थी। उसी दौरान पड़ोस का बादल नाम का युवक उनके घर आया और उनकी बहन से उसका मोबाइल नंबर मांगने लगा।

# पालम 360 खाप के बैनर तले ग्रामीणों ने आरपार की लड़ाई शुरू की

## मुख्यमंत्री व उपराज्यपाल निवास के बाहर महापंचायत की जाएगी : चौ. सुरेंद्र सोलंकी

**नई दिल्ली।** राजधानी के ग्रामीणों ने विभिन्न मांग पूरी कराने व केंद्र सरकार, दिल्ली सरकार और एमसीडी के कई आदेशों के खिलाफ पालम 360 खाप के बैनर तले आरपार की लड़ाई शुरू कर दी है। पालम 360 खाप के प्रधान चौ. सुरेंद्र सोलंकी ने संवाददाता सम्मेलन में बताया कि ग्रामीणों के मुद्दों को शनिवार 16 सितंबर को मुख्यमंत्री एवं उपराज्यपाल के आवास के बाहर महापंचायत की जाएगी। इस दौरान बड़ी संख्या में ग्रामीण आएगे। उनमें मांगों की सुनवाई नहीं होने पर भारी रोष है। इस मौके पर चौ. सुरेंद्र सोलंकी ने बताया कि गत तीन सितंबर को पीरा गढ़ी गांव में पालम 360 खाप के बैनर तले महापंचायत का आयोजन किया गया था। इस दौरान ग्रामीणों ने एक स्वर में 15 सितंबर तक मांगे पूरी करने का समय दिया था। साथ ही ग्रामीणों ने चेतावनी दी थी कि इसके बाद वे अपनी मांगों को पूरा कराने के लिए आरपार की लड़ाई शुरू करेंगे। लिहाजा उनकी मांगों को पूरा करने के लिए सरकारी स्तर पर पहल शुरू नहीं हुई। इस कारण उन्होंने 16 सितंबर को मुख्यमंत्री व उपराज्यपाल के आवास पर महापंचायत करने का निर्णय लिया है। उन्होंने बताया कि वह इस महापंचायत के बाद भी अपनी लड़ाई लड़ना जारी रखेंगे। इस बारे में 16 सितंबर को महापंचायत में ऐलान किया जाएगा। उन्होंने कहा कि गांवों से हाउस टैक्स नहीं लिया जाए, संशोधित एवं किसान हितैषी लैंड पूलिंग पॉलिसी, जी .डी.ए. पॉलिसी, लैंड म्यूटेशन शुरू किया जाए, धारा 81 एवं 33 समाप्त किया जाए, धारा 81 के तहत पुराने मुकदमे वापिस लिए जाए, दिल्ली सरकार की ओर से ग्रामसभा की जमीन को डीडीए को देना बंद किया जाए, धारा 74/4 और 20 सूत्री के तहत गरीबों को अवंटित भूमि एवं प्लोटों को मालिकाना हक दिया जाए, लाल डोरे का विस्तार किया जाए, ग्रामीणों को भूमि अधिग्रहण करने के मामले में अल्टरनेटिव प्लॉट जल्द से जल्द दिए जाए, गांव वालों को पुश्तैनी सम्पति का मालिकाना हक दिया जाए प्रेस वार्ता में मौजूद रहने वालो में चौ धारा सिंह प्रधान बवाना 52 ,चौ नरेश प्रधान लाडोसराय 96 ,चौ सुरेश शोकीन प्रधान नांगलोई 9, रोहतास शोकीन प्रधान पिरागढ़ी,राव त्रिभुवन प्रधान सुरेहडा 18 आदि गणमान्य लोग मौजूद रहे।

# दूर देशों की तीन माह विश्व की कल्याण यात्रा के उपरांत दिव्य युगल का भव्य आगमन

नई दिल्ली। सतगुरु माता सुदीक्षा जी महाराज एवं निरंकारी राजपिता जी की मानवता हेतु की गई विश्व कल्याणकारी प्रचार यात्राओं के उपरांत उनके दिव्य आगमन पर दिनांक 13 सितम्बर को निरंकारी सरोवर के सामने ग्राउंड नं .2, बुराड़ी में विशाल सत्संग कार्यक्रम का भव्य रूप में आयोजन किया गया जिसमें दिल्ली एवं एन.सी.आर. के अतिरिक्त आसपास के क्षेत्रों से काफी संख्या में श्रद्धालु एवं भक्तगण सम्मिलित हुए



और उन सभी ने दिव्य युगल के अलौकिक दर्शन एवं पावन प्रवचनों को श्रवण कर सत्संग का भरपूर लाभ प्राप्त किया।

सत्संग कार्यक्रम में उपस्थित विशाल जन समूह को सम्बोधित करते हुए सतगुरु माता जी ने सत्संग के महत्व पर प्रकाश डालते हुए फरमाया कि समाज में हम जिस अवस्था में रह रहे है यदि हमारा जुड़ाव इस निरंकार प्रभु परमात्मा से है तब हम सहज रूप में अपनी भक्ति को निभा सकते है और यह तभी सार्थक है जब हमारा मन सत्संग हेतु पूर्णतः परिपक्व हो। ब्रह्मज्ञान की दिव्य रोशनी हर प्रकार के कष्टों से मुक्त कर मोक्ष का मार्ग प्रशस्त करती है।

फिर भक्त की अवस्था कुछ इस प्रकार की बन जाती है कि हमारा जितना अधिक जुड़ाव इस निरंकार से होता है हमारी प्रेम भावना उससे ओर अधिक गहरी होती चली जाती है।

सतगुरु माता जी से पूर्व निरंकारी राजपिता जी ने अपने पावन प्रवचनों में उदाहरण सहित समझाया कि जिस प्रकार हमें फोन पर बात करने हेतु पर्याप्त बैलेंस की आवश्यकता होती है तभी हम किसी से बात कर सकते है ठीक उसी प्रकार सार्थक भक्ति हेतु निरंकार से पूर्णतः जुड़ाव की आवश्यकता है। केवल तन से नहीं अपितु मन से जब हम इस परमात्मा से जुड़ते है तभी हमारा वास्तविक रूप में पार उतारा संभव है।

नई दिल्ली
शुक्रवार 15 सितम्बर 2023
Www.gauravshalibharat.com

# संपादकीय

## मणिपुर की हिंसा में अब आतंकवादी भी सक्रिय

दो पक्षों के बीच तनाव में जिस तरह आतंकवादी समूहों को भी सक्रिय होते देखा जा रहा है, उससे सरकार की कमजोरी का ही पता चलता है।

मणिपुर में करीब चार महीने पहले जिस हिंसा की शुरुआत हुई थी, वह अब भी जारी है तो इसे किसकी नाकामी के तौर पर देखा जाएगा ? सरकार की जिम्मेदारी हालात पर जल्द से जल्द काबू पाने की होनी चाहिए थी, लेकिन फिलहाल वहां दशा यह है कि हिंसा की तस्वीर लगातार बिगड़ती जा रही है। संबंधित महकमे और सुरक्षा बलों की मौजूदगी अराजकता फैलाने वाले समूहों को किस हद तक रोक पा रही है, इसका अंदाजा इससे लगाया जा सकता है कि हिंसक घटनाएं अब नई और जटिल शक्ल अख्तियार करने लगी हैं।

यों मई में हिंसा की शुरुआत के बाद आदिवासियों ने इंफल घाटी में आने से परहेज करना शुरू कर दिया था, लेकिन किसी वजह से मंगलवार की सुबह तीन लोग इंफल पश्चिम और कांगपोपकी के सीमावर्ती इलाकों में स्थित इरेंग और करम के पास पहाड़ी सड़क का इस्तेमाल करते हुए लेमकांग की ओर बढ़ रहे थे, तभी हथियारबंद आतंकवादियों ने गोली मार कर उनकी हत्या कर दी। मारे गए तीनों लोग कुकी–जोमी समुदाय के थे। गौरतलब है कि आठ सितंबर को भी एक हमले में तीन कुकी लोगों की हत्या कर दी गई थी। यानी एक बार फिर हिंसा की फैलती आग में कुकी–जोमी समुदाय के लोगों के खिलाफ हिंसा का नया दौर शुरू हो गया है।

मणिपुर में सेना के उतरने के बाद हालात थोड़े नियंत्रण में देखे गए थे। लेकिन ऐसा लगता है कि थोड़ी शांति शायद तभी दिखती है, जब सेना सक्रिय होती है। ताजा हिंसा के वक्त भी जब गोलियों की आवाज सुन कर सुरक्षा बल और सेना के जवान आसपास के इलाकों से घटनास्थल तक पहुंचे, तब तक आतंकवादी फरार हो चुके थे।

हालांकि वहां सुरक्षा बलों और पुलिस महकमे की ओर से आम नागरिकों को बचाने का प्रयास किए जाने की खबरें आती रही हैं, लेकिन हकीकत यह है कि अब भी वहां स्थिति बेहद संवेदनशील है और हिंसा के नए आयाम दिख रहे हैं। मई की शुरुआत में मैतेई समुदाय को जनजाति का दर्जा देने के सवाल पर शुरू हुई हिंसा अब तक राज्य में प्रभावी हैसियत में माने जाने वाले मैतेई और उनके बरक्स कुकी जनजाति के बीच ही रही है। लेकिन मंगलवार को तीन लोगों की हत्या से संबंधित खबर में चिंता की बात यह है कि इसमें उस इलाके में सक्रिय आतंकवादी समूह भी कुकी समुदाय पर हमला कर रहे हैं। यों सुरक्षा एजंसियां पहले भी चेतावनी दे चुकी हैं कि यूएनएलएफ, पीएलए, केवाईकेएल और पीआरईपीए जैसे प्रतिबंधित समूहों से जुड़े आतंकवादी भी हिंसा और हमला करने वाली भीड़ का हिस्सा बन रहे हैं। सवाल है कि इतने लंबे वक्त से जारी हिंसा को जहां कोई भी रास्ता अख्तियार करके रोकना चाहिए था, संवाद के जरिए समाधान का तरीका तलाशना चाहिए था, वहां शांति स्थापित करने के तमाम दावों और कवायदों के बावजूद हालात बिगड़ते क्यों जा रहे हैं ? दो पक्षों के बीच तनाव में जिस तरह आतंकवादी समूहों को भी सक्रिय होते देखा जा रहा है, उससे सरकार की कमजोरी का ही पता चलता है। ऐसे में जो समुदाय कमजोर है, उस पर हमले तेज हो रहे हैं। यह सब तब भी जारी है, जब राज्य में शांति स्थापित करने के लिए सुप्रीम कोर्ट तक की ओर से दखल दिया गया, शांति और निगरानी समिति बनाई गई।

इसके अलावा, वहां पुलिस के समांतर सुरक्षा बल और सेना के जवान भी तैनात हैं। मणिपुर की हिंसा में अब आतंकवादियों का शामिल होना समस्या को ज्यादा जटिल शक्ल दे रहा है। इन बिगड़ते हालात की जिम्मेदारी आखिर किसकी है ?

## एआई ने बढ़ाया फिशिंग ई–मेल का खतरा

फिल्म जवान के एक दृश्य में एक शहर का ट्रैफिक बस एक क्लिक भर से बाधित कर दिया जाता है और लोगों की गाड़ियां आपस में टकरा जाती हैं। यह दृश्य फिल्मी कल्पना नहीं, बल्कि वास्तविकता हो सकता है, क्योंकि अब किसी भी कंप्यूटर नेटवर्क को कभी भी भेदा जा सकता है। लेकिन इसके लिए हमें किसी पेशेवर की जरूरत पड़ती है। एआई (आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस) के आने से प्रोफेशनल हैकर और शौकिया हैकर के बीच का दायरा काफी सिमट गया है और इंटरनेट पर कोई भी चीज अब एआई (कृत्रिम बुद्धिमत्ता) की पहुंच से दूर नहीं रहा है। इन्हीं में से ताजा मामला फिशिंग ई–मेल्स से जुड़ा है।

फिशिंग एक प्रकार का कंप्यूटरीकृत हमला है, जिसका उपयोग अक्सर उपयोगकर्ता का डाटा चुराने के लिए किया जाता है, जिसमें लॉगिन क्रेडेंशियल और क्रेडिट कार्ड नंबर शामिल हैं। यह तब होता है, जब कोई साइबर अपराधी या हैकर किसी को ई–मेल, व्हाट्स एप संदेश या टेक्स्ट संदेश खोलने के लिए उकसाता है। जैसे ही वह व्यक्ति ऐसा करता है, उसकी गोपनीय जानकारियां या धन उस साइबर अपराधी या हैकर तक पहुंच जाता है।

वर्षों से कॉरपोरेट प्रशिक्षण कार्यक्रमों में कर्मचारियों को चेतावनी भी दी जाती रही है कि वे फिशिंग ई–मेल्स की पहचान के लिए वर्तनी की गलतियों, गलत व्याकरण और अन्य त्रुटियों की खोज के लिए सतर्क रहें। पहले ये उपाय कारगर होते थे। लेकिन अब जनरेटिव एआई टूल्स, जिसमें चैट–जीपीटी भी शामिल है, ऐसे ई–मेल में वर्तनी की गलतियों और अन्य त्रुटियों को तुरंत ठीक कर सकते हैं। इससे शौकिया हैकर्स के हाथों में भी एआई का प्रभावी हथियार आ गया है, क्योंकि जनरेटिव एआई टूल्स की मदद से निहायत ही व्यक्तिगत फिशिंग ई–मेल्स बनाए जा सकते हैं।

सोशल मीडिया के अधिक इस्तेमाल और अपनी निजता की परवाह न करने के कारण लोग अपनी बहुत–सी जानकारियां इंटरनेट पर साझा करते रहते हैं। ऐसे में जनरेटिव एआई टूल्स की मदद से उनके सार्वजनिक रूप से उपलब्ध डेटा का विश्लेषण करते हुए कुछ ही सेकंड में निहायत व्यक्तिगत ई–मेल बनाया जा सकता है।

यह एक बड़े खतरे की आहट है। बड़े भाषा मॉडल्स, जैसे कि चैटजीपीटी और गूगल का बार्ड बेशक मनुष्यों की भाषा नहीं समझते हैं, पर वे वाक्य संरचना, साहित्यिक शैली और स्लैंग कैसे काम करते हैं, इसका विश्लेषण कर सकते हैं। अपनी इसी विश्लेषण क्षमता के आधार पर वे अनुमान लगा सकते हैं कि आपका कोई दोस्त या करीबी अपने मेल में आपको क्या लिखेगा या क्या लिख सकता है।

बड़े भाषा मॉडल (एलएलएम) प्राकृतिक भाषा प्रसंस्करण कंप्यूटर प्रोग्राम होते हैं, जो कृत्रिम न्यूरल नेटवर्क का उपयोग करके एआई द्वारा निर्मित टेक्स्ट बनाने में सहायक होते हैं। ये टेक्स्ट अक्सर सोशल मीडिया, समाचार साइटों, इंटरनेट फोरम्स और अन्य स्रोतों से एकत्रित किए जा सकते हैं और फिर हैकर्स उसे अपने हिसाब से अनुकूलित कर सकते हैं, जिसमें लेखन शैली की नकल भी शामिल है। अगर यही काम एआई जेनरेटेड भाषा मॉडलों के बगैर किया जाए, तो इसमें महीनों लग सकते है, जो अब सेकंडों में हो सकता है। चैटजीपीटी और बार्ड में फिशिंग ई–मेल जैसी सामाग्री निर्मित करने के इनबिल्ट सुरक्षा उपाय हैं। लेकिन कई ओपन–सोर्स एलएलएम में कोई सुरक्षा उपाय नहीं है। एआई को विश्वसनीय डीपफेक (जिसमें वीडियो और आवाज की नकल शामिल है) तैयार करने के लिए भी इस्तेमाल किया जा रहा है, जो फेक न्यूज फैलाने में बड़ा सहायक है। ऐसे हाइब्रिड हमले अब वास्तविकता हैं। इससे साइबर सुरक्षा और राष्ट्रीय सुरक्षा को सबसे बड़ा खतरा है, क्योंकि एआई ऐसे हाइब्रिड हमलों को और ज्यादा मारक बना सकता है।

# इंडिया महागठबंधन की बड़ी बाधा न बन जाये 'आप'



ललित गर्ग

आज की राजनीति सत्ताकांक्षी अधिक है, जबकि उसका मूल लक्ष्य राष्ट्र–निर्माण एवं राष्ट्र उन्नति कहीं गुम हो गया है। हर राजनैतिक दल राष्ट्रहित नहीं, अपने स्वार्थ की सोच रहा है। जैसे–जैसे पांच राज्यों में विधानसभा चुनाव एवं अगले वर्ष आम चुनाव नजदीक आते जा रहे हैं, हर दल येन–केन–प्रकारेण ज्यादा–से–ज्यादा वोट प्राप्त करने की तरकीबें निकाल रहे हैं। विभिन्न राजनीतिक दलों के महागठबंधन 'इंडिया' के बनने से पहले ही उसमें सीटों एवं शीर्ष नेतृत्व को लेकर फूट, अलग सुर, ऊंची महत्वाकांक्षा और बेतरतीब तालमेल दिखने लगा हैं। इसमें सबसे ज्यादा अति–महत्वाकांक्षी आम आदमी पार्टी सेंध लगा रही है। राजस्थान, मध्यप्रदेश एवं छत्तीसगढ़ में लगभग सभी सीटों से चुनाव लड़ने की उसकी घोषणा ने इंडिया में खलबली मचा दी है। निश्चित ही वर्तमान राजनीति परिवेश में आम आदमी पार्टी ने अपनी स्वतंत्र जगह बनाई है, भविष्य में यह दल प्रमुख विपक्षी दल के रूप में उभर कर सामने आ जाये तो कोई आश्चर्य की बात नहीं है।

राजनीति में अक्सर यह कहा जाता है कि जो दिखता है वह होता नहीं और जो होता है वह दिखता नहीं। विपक्षी गठबंधन इंडिया की 14 सदस्यीय को–ऑर्डिनेशन कमेटी की पहली बैठक दिल्ली में बेनतीजा रही। इसमें नेतृत्व के मुद्दे और सीटों को लेकर फैसला लिया जाना था, उस पर अब भी आपसी सहमति नहीं बन पाई है। सहमति बनाना आसान भी नहीं दिख रहा है। महागठबंधन में सबकुछ ठीक दिख नहीं रहा है। कोलकाता में भी ममता दीदी को नेतृत्व करने के लिए आवाज उठ रही है। महागठबंधन में भले ही कांग्रेस और तृणमूल कांग्रेस साथ दिख रहे हों लेकिन कांग्रेस के लोकसभा में नेता अधीर रंजन चौधरी ही ममता को राष्ट्रपति द्वारा दिए गए जी–20 के भोज में शामिल होने पर कटाक्ष कर चुके हैं। दिल्ली में भी अरविंद केजरीवाल के लिए आम आदमी पार्टी के नेता नेतृत्व की मांग कर चुके हैं। आगामी विधानसभा चुनाव में आम आदमी पार्टी राजस्थान में सभी सीटों पर अकेले चुनाव लड़ने की घोषणा कर पहले ही महागठबंधन के अंदर की स्थिति को जगजाहिर कर चुकी है। हर राज्य में अमूमन कुछ न कुछ यहीं स्थिति है। ऐसे में महागठबंधन की राह आसान तो कतई नहीं है।

आम आदमी पार्टी ने पिछले कुछ सालों कई राज्यों तक अपना विस्तार कर लिया है। दिल्ली के बाद उसने पंजाब में सरकार बनाई है, गुजरात में अपनी उपस्थिति दर्ज करवाई है और मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़ जैसे राज्यों में भी किस्मत अजमाने के साथ इसी कड़ी में बिहार में भी चुनाव लड़ने जा रही है। असल में गतदिनों दिल्ली में आम आदमी पार्टी ने अपने बिहार के कार्यकर्ताओं के साथ एक बैठक की। उस बैठक के बाद ही आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संगठन महामंत्री संदीप पाठक ने बताया कि पार्टी बिहार में भी चुनाव लड़ेगी। उनके मुताबिक चुनाव लड़ने या ना लड़ने का सवाल ही नही उठता है, चुनाव में तो उतरना ही पड़ेगा।



अब आम आदमी पार्टी के इन मंशाओं एवं घोषणाओं का इंडिया महागठबंधन पर असर होना स्वाभाविक है। आरजेडी नेता और सांसद मनोज झा ने दो टूक कहा है कि जिस समय विपक्षी एकता की नींव रखी गई थी, ये साफ किया गया था कि सभी पार्टियों को कुछ नियमों को पालन करना होगा। उन्होंने उम्मीद जताई है कि आम आदमी पार्टी भी उन सिद्धांतों का पालन करेगी। वैसे आम आदमी पार्टी के लिए बिहार कोई पहला राज्य नहीं है जहां वो दूसरे दलों के विरोध के बीच उतरने की बात कर रही हो।

कुछ दिन पहले ही आप संयोजक अरविन्द केजरीवाल ने कहा था कि वे मध्यप्रदेश और छत्तीसगढ़ में चुनाव लड़ने जा रहे हैं। दोनों ही राज्यों में उनकी तरफ से कांग्रेस पर निशाना भी साधा गया। इसी कड़ी में दिल्ली में कांग्रेस ने भी तल्ख तेवर दिखाते हुए कह दिया कि सातों सीटों पर चुनाव लड़ा जाएगा। यानी कि हर तरफ इंडिया गठबंधन के लिए चुनौती वाली स्थिति बन रही है। अब आम आदमी पार्टी की मंशा यह भी है कि लोकसभा चुनाव 2024 में कांग्रेस दिल्ली और पंजाब में चुनाव न लड़े। विपक्षी गठबंधन की पटना बैठक के दौरान आप नेताओं ने अपने बयानों में इस बात का जिक्र भी किया था। आप नेताओं ने ऐसा करने पर कांग्रेस के साथ आगामी विधानसभा चुनाव वाले राज्यों में सहयोग करने के लिए राजी होने के संकेत दिए थे, पर इस मसले पर कांग्रेस नेताओं के अलग–अलग विचार हैं, जिसकी वजह से बात अभी तक नहीं बन पाई है। आप पार्टी एवं उसके नेता केजरीवाल की राजनीति एवं सोच अति महत्वाकांक्षी है, उनका व्यवहार झूठा है, चेहरों से ज्यादा नकाबें उन्होंने ओढ़ रखी है, उन्होंने सारे लोकतांत्रिक एवं राजनीतिक मूल्यों को धराशायी कर दिया है। ऐसी महत्वाकांक्षी राजनीति के चलते इंडिया महागठबंधन के भविष्य को लेकर ऊहापोह की स्थिति बन रही हैं। वक्त आ गया है कि देश की राजनीतिक संस्कृति की गौरवशाली विरासत को सुरक्षित रखने के लिये सतर्क एवं सावधान होना होगा। दिशाशून्य हुए विपक्षी नेतृत्व को नये मानदण्ड स्थापित करने होंगे।

बड़ी–बड़ी बातें करने वाली आम आदमी पार्टी के नेता राघव चड्ढा कहते हैं कि गठबंधन को सफल बनाने के लिए इसमें शामिल प्रत्येक राजनीतिक दल को तीन चीजों का त्याग करना होगा– महत्वाकांक्षा, मतभेद और मनभेद। पर खुद आप की कथनी और करनी में गहरा फासला है। जो राजनीतिक दल फर्जीवाड़े एवं भ्रष्टाचार को सामान्य मानते हैं, हर कहीं जनता की आंखों में धूल झोंकने के लिए कुछ भी कह दो, कुछ भी कर लो और उजागर होने पर माफी मांगकर आगे बढ़ जाओ की विकृत सोच, चालाकी एवं अवसरवादी राजनीति पर नियंत्रण करना होगा। दरअसल गठबंधन में शामिल सभी पार्टियां महत्वाकांक्षा को त्यागने के दावे तो बहुत करती हैं पर वास्तव में कोई तैयार नहीं होता है।

इंडिया महागठबंधन में आम आदमी पार्टी सीटों के प्रश्न पर सबसे ज्यादा जड़ बनी हुई है। हरियाणा– दिल्ली और पंजाब में आम आदमी पार्टी की बढ़ती राजनीतिक इच्छाएं मुश्किल का सबब बन रही हैं। दिल्ली और पंजाब में कांग्रेस हो या आम आदमी पार्टी कोई भी अपना हित छोड़ने को तैयार नहीं है। दिल्ली–पंजाब और हरियाणा में कांग्रेस और आम आदमी पार्टी की राज्य इकाइयां खुलकर आमने–सामने हैं। ऐसी स्थितियों में इंडिया का एजेंडा कैसे आगे बढ़ेगा ? निश्चित ही इन स्थितियों में भारतीय जनता पार्टी की राह आसान होती हुई दिखाई दे रही है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को चुनौती देने की इंडिया एवं आम आदमी पार्टी की इच्छा आकार लेती हुई दूर तक दिखाई नहीं दे रही है। भले ही 2024 के लोकसभा चुनावों से पहले मोदी को चुनौती देने के लिए केजरीवाल खुले तौर पर इंडिया महागठबंधन में शामिल हो गए। लेकिन केजरीवाल के कई अगर–मगर हैं। वह खुद के बुते ही चुनाव लड़ने की मानसिकता के शिकार है। इसीलिये 'आप' रोजी–रोटी के मुद्दों और आम आदमी से जुड़े मुद्दों पर ध्यान केन्द्रित कर रही है। केजरीवाल हिन्दू मतदाताओं को आकर्षित करने के लिए नरम हिन्दुत्व का खेल भी खेल रही हैं। केजरीवाल मुफ्त की पेशकश कर मतदाताओं को लुभाना चाहते हैं लेकिन उत्तर की रणनीति दक्षिणी राज्यों में कितनी कारगर हो सकती है, कहा नहीं जा सकता। आप की एक और दिक्कत है कि वह केजरीवाल तक ही केन्द्रित है। जबकि केजरीवाल को दूसरी पंक्ति के राज्य के नेताओं का निर्माण करने की जरूरत है। पार्टी के संस्थापक सदस्य जैसे कि प्रशांत भूषण, योगेन्द्र यादव, शाजिया इलमी, कुमार विश्वास, आशुतोष और सिविल सोसायटी के सदस्य पिछले एक दशक में केजरीवाल की उच्चता का विरोध करते हुए आम आदमी पार्टी छोड़ चुके हैं। लगभग यही स्थिति इंडिया में बनने लगे तो कोई आश्चर्य नहीं ?

# भारत अमेरिका के दिल मिले – अतिरिक्त सीमा शुल्क घटाने पर सहमति बनी

### अमेरिका ने इस्पात अल्युमिनियम उत्पादों पर तो भारत ने सेब अखरोट बादाम पर अतिरिक्त आयात शुल्क घटाया

वैश्विक स्तरपर जी–20 शिखर सम्मेलन 2023 के बाद यह जग जाहिर हो गया है, कि भारत अमेरिका दोनों वैश्विक महाशक्तियों की जोड़ी के रूप में बनकर उभर रहा है जिसको रेखांकित करना जरूरी है। इसकी नीव हमारे पीएम के अमेरिका दौरे में ही पड़ गई थी, क्योंकि जिस तरह से आधिकारिक सम्मान हमें मिला उसे पूरी दुनियां ने रेखांकित किया। ज़वाबी मेज़बानी में जब भारत ने सभी देशों सहित अमेरिका को अतिथि देवो भव का अपनी पारंपरिक पीढ़ीयों की प्रथाओं से नवाजा तो, पूरे लाव लश्कर सहित आए अमेरिकी राष्ट्रपति गदगद हो उठे। इसी का नतीजा है कि उन्होंने जी20 के नेतृत्व की तारीफ की और यहां से वियतनाम जाने के बाद वहां भी भारत की तारीफ़ में कसीदे पड़े और हर इवेंट की तारीफ भी की तो, यहां से संदेश पूरी दुनियां में गया कि भारत अमेरिका के दिल मिल गए हैं। उसपर भी सोने पर सुहागा इंडिया मिडल ईस्ट यूरोप इकोनामिक कॉरिडोर की नींव भी अमेरिका ने रख दी जिससे भारत के लिए अवसरों के दरवाजे खुल गए और विस्तारवादी देश को एक तीर से दो निशान लगे,पहला चीनी कॉरिडोर की कट मिल गई, दूसरा महाशक्तिशाली देश से दोस्ती और दिल मिलने की पक्की आहट से विस्तारवादी और आतंकवादी देश को बहुत बड़ा झटका लगा है। चूंकि भारत के महाशक्ति बनने की ओर कदम बढ़ गए हैं क्योंकि भारत और अमेरिका के दिल मिल गए हैं जिसपर जिसका रिजल्ट हमें देखने को मिल रहा है कि अमेरिका ने स्पात अल्युमिनियम के उत्पादों पर भारत के लिए अतिरिक्त सीमा शुल्क कम कर दिए हैं तो जवाब में भी दिलेरी दिखाकर भारत में भी सेब अखरोट और बादाम पर अतिरिक्त सीमा शुल्क को 20 प्रतिशत कम कर दिए हैं। जब सफ़लता से दोस्ती और दिल का परवाना चढ़ता है तो स्वाभाविक रूप से विपक्ष को भी बोलने का अवसर और शाब्दिक बाण चलाने का मौका मिल जाता है, इसलिए विपक्ष खासकर बड़ी पार्टी ने इस अतिरिक्त 20 प्रतिशत सीमा शुल्क कम करने की आलोचना कर कहा है कि इससे घरेलू किसानों को नुकसान होगा और बाहरी मुल्क को खुश करने और घरेलू घाटे को अंजाम दिया जा रहा है। जबकि केंद्रीय वाणिज्य मंत्री सहित सीमा शुल्क अधिकारियों ने कहा इससे कोई भी नकारात्मक प्रभाव नहीं पड़ेगा। चूंकि सीमा शुल्क घटाने का दौर शुरू हो गया है, तो दोस्ती से दिलों का परवाना भी खूब प्रगाड़या होकर रंग लाएगा, इसलिए आज हम मीडिया में उपलब्ध जानकारी के सहयोग से इस आर्टिकल के माध्यम से चर्चा करेंगे, भारत अमेरिका का दिल मिलन– जब दिल मिलते हैं तो सीमा आयात सहित सभी बंधनों में ढील होना एक स्वाभाविक प्रक्रिया है।




# इंडिया गठबंधन की ओर से ममता बनर्जी के पीएम उम्मीदवारी के मायने



(सीए) मनीष कुमार गुप्ता

देश में जी–20 शिखर सम्मेलन के दौरान विपक्षी दलों के तमाम नेताओं ने भले ही मौन साधे हुए रखा था। लेकिन जैसे ही जी–20 के विदेशी मेहमान भारत से विदाई लेकर अपने अपने देश को लौटें। ठीक उसके एक दिन बाद ही देश का समूचा विपक्ष यानी इंडिया गठबंधन अगले साल होने वाले लोकसभा चुनावों की रणनीति बनाने में फिर से जुट गया है। दरअसल विपक्षी दलों के गंठबंधन इंडिया में अचानक आई इस सक्रियता को देखने से ऐसा जान पड़ता है कि, मानो जैसे विपक्षी दलों को बस जी–20 शिखर सम्मेलन के खत्म होने भर का ही इंतजार था। गौरतलब हो कि गुजरे सप्ताह के 13 सितंबर यानी बुधवार को जहां एक ओर विपक्षी दलों के संयुक्त गठबंधन इंडिया की एक बैठक एनसीपी के राष्ट्रीय अध्यक्ष शरद पवार के नई दिल्ली स्थित आवास पर हो रही थी। वहीं दूसरी ओर ठीक उसी दिन शरद पवार के दिल्ली स्थित आवास से महज आठ किलोमीटर की दूरी पर बीजेपी हेडक्वार्टर में भी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में भाजपा के नेताओं की भी महत्वपूर्ण बैठक चल रही थी। ऐसे में यहां पर इन दोनों दलों की बैठकों में एक जो कामन बात है, वह यह है कि, दोनो दल मसलन कांग्रेस का इंडिया गठबंधन और बीजेपी के एनडीए की बैठक में आगामी लोकसभा चुनाव की तैयारियों के संबंध में चर्चा परिचर्चा हो रही थी। लेकिन इन दोनों बैठकों से दूर सुदूर दुबई में अंतरराष्ट्रीय एअरपोर्ट पर पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी से श्रीलंका के राष्ट्रपति रानिल विक्रम सिंधे अपनी मुलाकात के दौरान भारत के आगामी भविष्य से जुड़े कुछ सवाल भी कर रहें थें। दरअसल दुबई में श्रीलंका के राष्ट्रपति रानिल विक्रम सिंधे ने मुख्यमंत्री ममता बनर्जी से सवाल पूछा कि, क्या आप इंडिया गठबंधन को लीड करेंगी ? दरअसल श्रीलंका के राष्ट्रपति के इस सवाल के जवाब में पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने कहा कि, यदि इंडिया ने मौका दिया तो जरूर लीड करूंगी। ऐसे में यहां पर फिर से सवाल उठता है कि, क्या ममता बनर्जी इंडिया गठबधन की आरे से प्रधानमंत्री पद की उम्मीदवार बनना चाहती है ? दरअसल आज के इस लेख में इंडिया गठबंधन से जुड़े ऐसे ही कुछ सवालों के जवाब तलाशने की कोशिश करेंगें।

### क्या ममता बनर्जी इंडिया गठबंधन में करना चाहती है प्रधानमंत्री पद की दावेदारी ?

पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री और तृणमूल कांग्रेस की राष्ट्रीय अध्यक्ष ममता बनर्जी ने हाल ही में दुबई में श्रीलंका के राष्ट्रपति से कहा कि, यदि उनको मौका मिला तो वह इंडिया को लीड करने के लिए तैयार हैं। दरअसल इंडिया गठबंधन के सहयोगी दल टीएमसी की प्रमुख और सबसे बड़ी नेता ममता बनर्जी के द्वारा दिए गए इस बयान के बड़े गंभीर राजनीतिक मायने निकाले जा रहे हैं । क्योंकि राजनीतिक विश्लेषकों की माने तो, ममता बनर्जी भी इंडिया गठबंधन के अंदर प्रधानमंत्री पद की दावेदारी करना चाहती हैं। ममता बनर्जी अपने आप को इंडिया गठबंधन के अन्य नेताओं से ज्यादा ताकतवर भी मानती है। दरअसल सही मायने में देखें तो ममता बनर्जी का स्वंय के लिए इंडिया गठबंधन में पीएम की उम्मीदवारी की दावेदारी करना कहीं से भी गलत नहीं है। क्योंकि ममता बनर्जी की पार्टी के अकेले ही एक दर्जन से ज्यादा लोकसभा और राज्य सभा में सांसदों की मौजूदगी है। इसके अलावा बीते दो बार से लगातार वह स्वंय ही पश्चिम बंगाल जैस बड़े राज्य की मुख्यमंत्री बनती चली आ रही हैं। ऐसे में यदि ममता बनर्जी ने इंडिया गठबंधन के अंदर पीएम उम्मीदवारी के लिए अपना दावा ठोका तो, वह निश्चित तौर पर नितिश कुमार, अरविन्द केजरीवाल और राहुल गांधी को बहुत पीछे छोड़ देंगी।

### क्या कांग्रेस पार्टी को स्वीकार होगी, ममता बनर्जी की पीएम उम्मीदवारी ?

दरअसल पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री और इंडिया गठबंधन के सहयोगी दल तृणमूल कांग्रेस की प्रमुख, ममता बनर्जी भले ही यह कह रही हो कि, यदि उनको मौका मिला तो वह इंडिया को लीड करने को तैयार है। लेकिन यहा पर कुछ महत्वपूर्ण सवाल है कि, क्या ममता बनर्जी को यह मौका इंडिया गठबंधन की ओर से मिल पाएगा ? इसके अलावा यहां पर यह भी सवाल उठता है कि, क्या कांग्रेस पार्टी, इंडिया गठबंधन में राहुल गांधी की जगह ममता बनर्जी को पीएम उम्मीदवार के तौर पर स्वीकार करेगी ? क्योंकि पटना की शुरूआती मीटिंग से लेकर बैंगलूरू और मुंबई में होने वाली बैठकों के दौरान, जिस तरह से कांग्रेस पार्टी ने राहुल गांधी को आगे लाने की कोशिश की है, उससे तो यह साफ तौर पर स्पष्ट है कि, कांग्रेस पार्टी इंडिया गठबंधन के उम्मीदवार के रूप में केवल राहुल गांधी को ही देखना चाहती है। ऐसे में यहां पर सवाल उठना भी लाजिमी है कि, फिर इंडिया गठबंधन के और नेताओं का क्या होगा ? जिसमे बिहार के मुख्यमंत्री व जेडीयू के प्रमुख नितिश कुमार, दिल्ली के मुख्यमंत्री व आप के प्रमुख अरविन्द केजरीवाल और टीएमसी प्रमुख ममता बनर्जी सहित जैसे कई अन्य बड़े नेता शामिल हैं।

### इंडिया गठबंधन में पीएम उम्मीदवार नहीं बनाए जाने पर, कहां जाएंगी ममता बनर्जी ?

पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री व टीएमसी प्रमुख ममता बनर्जी के सामने इंडिया गठबंधन में रहने के दौरान कई सारी चुनौतियां आती हुई दिखाई दे रहीं हैं। दरअसल ममता बनर्जी के सामने निकट भविष्य में जो सबसे बड़ी चुनौती आती हुई दिख रही है, वह यह है कि, यदि इंडिया गठबंधन की ओर से उनकी जगह पर राहुल गांधी को पीएम का उम्मीदवार बना दिया जाएगा, तो फिर वह क्या करेंगी ? क्योंकि जिस तरह से बीते 13 सितंबर को इंडिया की बैठक वाले दिन ही उनके भतीजे अभिषेक बनर्जी से सीबीआई ने पूछताछ की थी, उससे कहीं ना कहीं ममता बनर्जी काफी ज्यादा परेशान और चिंतित हैं। ऐसे में यदि ममता बनर्जी को इंडिया गठबंधन की ओर से पीएम उम्मीदवार नहीं बनाया जाता है, तो भी उनका पूरा राजनीतिक जीवन ही केवल बंगाल तक सिमटकर रह जाएगा। क्योंकि एक बार इंडिया गठबंधन में प्रधानमंत्री पद की उम्मीदवार के रूप में उनका नाम सामने आने के बाद भी यदि उनको पीएम का उम्मीदवार नहीं बनाया जाएगा तो उनकी छवि पीएम उम्मीदवार बनाए जाने वाले नेता की तुलना में काफी ज्यादा कमजोर बन जाएगी। नतीजतन इसका सबसे ज्यादा नुकसान भी ममता बनर्जी के राजनीतिक जीवन को ही होगा। ऐसे में ममता बनर्जी इस बार पीएम उम्मीदवारी का दावा तो जरूर कर रहीं हैं। लेकिन वह अपना हर कदम काफी फूक फूक कर आगे बढ़ा रहीं हैं।

### क्या इंडिया गठबंधन के अंदर सबकुछ ठीक नहीं चल रहा है ?

दरअसल इंडिया गठबंधन के नेता भले ही गठबंधन के सहयोगी दलों के बीच मधुर संबंध होने का दावा कर रहें हैं। लेकिन हाल फिलहाल की घटनाओं को गहराई से देखने से कई तरह के सवाल भी राजनीतिक विश्लेषकों के मन में उठने शुरू हो चुकें हैं। ऐसे में एक सवाल जो सबसे महत्वपूर्ण है वह यह है कि, क्या इंडिया गठबंधन के भीतर सबकुछ ठीक नहीं चल रहा है ? दरअसल इस सवाल के उठने की सबसे बड़ी वजह इंडिया गठबंधन की बैठकों में उसके सहयोगी दलों के बड़े नेताओं का नहीं शामिल होना है। अभी हाल ही में दिल्ली में शरद पवार के आवास पर हुई इंडिया गठबंधन की बैठक में उसके सहयोगी दल जेडीयू के प्रमुख नेता नितिश कुमार नहीं शामिल हुए। हालांकि इसी बैठक में आरजेडी के नेता तेजस्वी यादव शामिल हुए थें। लेकिन जिस तरह से नितिश कुमार इस बैठक में नहीं शामिल हुए, उससे कई सवाल मन में उठते हैं, मसलन क्या नितिश कुमार इंडिया गठबंधन के नेताओं से नाराज चल रहें हैं ? क्या नितिश कुमार मुंबई की बैठक में लालू प्रसाद यादव के यह कहने से खफा है कि, इंडिया गठबंधन का संयोजक एक से ज्यादा लोग हो सकतें हैं। क्योंकि यह बात सबको मालूम है कि नितिश कुमार ने इंडिया गठबंधन को साकार रूप देने में महती भूमिका निभाई है। हालांकि यह भी सच है कि नितिश कुमार अंदर से यह चाहते थें कि, मुंबई बैठक में उनको सभी सहयोगी दलों की ओर से इंडिया गठबंधन का संयोजक नियुक्त किया जाए। लेकिन मुंबई बैठक में ऐसा कुछ भी नहीं हो सका । नतीजतन राजनीतिक विश्लेषकों की माने तो नितिश कुमार का दिल्ली में हुई बैठक में नहीं शामिल होना, इस बात का ही सबूत है कि, इंडिया गठबंधन में सबकुछ ठीक नहीं चल रहा है।

## शार्ट न्यूज

### भदोही : मधुमक्खियों के हमले में दिव्यांग गंभीर रूप से हुआ घायल

भदोही। उत्तर प्रदेश के भदोही जिले में गुरुवार को मधुमक्खियां के हमले में दिव्यांग गंभीर रूप से घायल हो गया। जिले के गोपीगंज थाना क्षेत्र के चंद्रपुरा (जगन्नाथपुर) गांव मे रुपेंद्र कुमार यादव (26 वर्ष) मधुमक्खियो के हमले गंभीर रूप से तरह घायल हो गया। इलाज के लिए उसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र गोपीगंज में भर्ती कराया गया है। बताया जाता है कि चंद्रपुरा गांव मे तालाब के पास जहां मधुमक्खियो ने छत्ता लगा लिया वही समीप में गुमटी में चाय पान की दुकान है। जहां दिव्यांग रुपेश कुमार बैठा था। इस बीच मधुमक्खी का झुंड कहीं से पहुचा उसे घेर कर आक्रमण कर दिया। दिव्यांग होने के कारण वह अपनी सुरक्षा नहीं कर पा रहा था। शोर मचाने पर आसपास के लोगों ने काफी प्रयास कर उसे मधुमक्खी के चंगुल से किसी तरह बचाया, और परिजनों को सूचना दी। परिजनों ने उसे घायलावस्था में गोपीगंज स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में उपचार के लिए भर्ती कराया। जहां उसका इलाज चल रहा है।

### बदायूं : हापुड़ कांड पर को लेकर वकीलों ने फूंका उत्तर प्रदेश सरकार का पुतला

बदायूं। उत्तर प्रदेश के जनपद बदायूं में वकीलों ने हापुड़ में वकीलों पर हुए लाठी चार्ज के बाद हापुड़ के डीएम और एसपी के निलंबन की मांग को लेकर आज जमकर हंगामा किया। जिला बार एसोसिएशन के जिला महासचिव पवन गुप्ता के नेतृत्व में सैकड़ों की संख्या में इकट्ठे होकर वकीलों ने पुलिस की मौजूदगी में जजी परिसर के मेन गेट का ताला तोड़कर अंदर प्रवेश किया और जजी परिसर के अंदर उत्तर प्रदेश सरकार का पुतला दहन किया। वकीलों का गुस्सा यही शांत नहीं हुआ इसके पश्चात सभी एकत्र होकर रजिस्ट्री कार्यालय पहुंचे और वहां तोड़फोड़ कर रजिस्ट्री कार्यालय में तालाबंदी कर दी और कामकाज ठप कर दिया। जिला बार एसोसिएशन के जिला महासचिव पवन गुप्ता ने बताया कि उत्तर प्रदेश की निरंकुश सरकार हापुड़ में वकीलों के ऊपर अमानवीय और बर्बरता पूर्वक लाठीचार्ज करने वाले डीएम और एसपी का निलंबन ना कर वकीलों के साथ पक्षपात कर रही है। उन्होंने बताया कि आज उनके नेतृत्व में वकीलों ने रजिस्ट्री कार्यालय में तालाबंदी कर दी और कामकाज ठप कर दिया।

### सपा की व्यापारी सभा ने बनायी भाजपा के व्यापारी विरोधी चेहरे को सामने लाने की रणनीति

लखनऊ। समाजवादी पार्टी की व्यापार सभा की आज हुई बैठक में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) का व्यापारी विरोधी चेहरा जनता के सामने उजागर करने की रणनीति बनायी गयी। यहां स्थित कैंप कार्यालय में समाजवादी व्यापार सभा के प्रदेश अध्यक्ष प्रदीप जायसवाल की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में फैसला हुआ कि सोने के जेवर पर ई वे बिल, जीएसटी के तहत ईडी को लगाना, खनन पर 18 प्रतिशत जीएसटी लगाना, जटिल और विसंगतिपूर्ण जीएसटी का पुरजोर विरोध किया जाएगा। प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि भाजपा राज में व्यापारियों की कस्टोडियल डेथ, पुलिस उत्पीड़न बढ़ गया है और इंस्पेक्टर राज के कारण त्राहि त्राहि मची हुई है। भ्रष्टाचार के नाम पर व्यापारियों को प्रताड़ित किया जा रहा है। सभी जिला-महानगर अध्यक्षों को निर्देशित किया गया है की अपने जिले के हर बाजार में भाजपा का व्यापारी विरोधी चेहरा उजागर करें। व्यापारियों को जोड़ कर समाजवादी पार्टी को मजबूत किया जाएगा। लोकसभा चुनाव में भाजपा को व्यापारी मुंहतोड़ जवाब देगा।

### वकीलों ने यूपी सरकार का पुतला फूंका

अयोध्या। हापुड़ में वकीलों पर लाठीचार्ज को लेकर वकीलों का गुस्सा नहीं थम रहा है। गुरुवार को यहां फैजाबाद बार एसोसिएशन के वकीलों ने उत्तर प्रदेश सरकार का पुतला कलेक्ट्रेट परिसर में फूंका। वहीं दूसरी ओर एसोसिएशन ने जमीनों की रजिस्ट्री का काम भी बंद करा दिया है। एसोसिएशन के अध्यक्ष एडवोकेट कालिका मिश्र का कहना है कि हापुड़ मामले में तीन बचे हुए वकीलों का भी केस दर्ज किया जाए। वकीलों पर अब तक दर्ज सभी एफआईआर वापस हो। अध्यक्ष ने कहा है कि वहां के डीएम, एसपी, सीओ और एसएचओ तत्काल निलंबित किया जाए। उन्होंने कहा कि इससे नीचे कोई सुलह नहीं होगी। उन्होंने बताया कि बार काउंसिल आफ उत्तर प्रदेश के आह्वान पर विरोध प्रदर्शन जारी रहेगा। बताया कि जनपद के तहसील मुख्यालयों पर भी वकीलों ने उत्तर प्रदेश सरकार का पुतला फूंका है। इस दौरान भारी संख्या में वकील मौजूद रहे। रजिस्ट्री बंद होने से यहां आए लोगों को बैरंग लौटना पड़ा।

### फिरोजाबाद में अधिवक्ताओं ने किया विरोध प्रदर्शन

फिरोजाबाद। हापुड़ की घटना को लेकर पूरे प्रदेश भर के अधिवक्ताओं में रोष लगातार बढ़ रहा है। हड़ताल समाप्त होने का नाम नहीं ले रही। गुरुवार को अधिवक्ताओं ने विरोध प्रदर्शन करते हुए जिलेभर की विभिन्न तहसीलों में सरकार का पुतला दहन किया। सदर तहसील में अधिवक्ताओं ने पुलिस प्रशासन मुर्दाबाद के नारे लगाए। वहीं एसपी सिटी ने उनके बीच खड़े होकर कहा कि अधिवक्ता भाइयों, तभी अधिवक्ताओं ने आवाज लगाई जिंदाबाद। फिरोजाबाद में हापुड़ की घटना के बाद विरोध थमने का नाम नहीं ले रहा है। हर रोज किसी न किसी रूप में विरोध प्रदर्शन किया जा रहा है। गुरुवार को अधिवक्ताओं ने सदर तहसील में सरकार का प्रतीकात्मक पुतले की रैली निकालकर पुतला दहन किया। उन्होंने पुलिस प्रशासन और सरकार के विरोध में जमकर नारेबाजी की। इसी बीच पहुंचे एसपी सिटी सर्वेश कुमार मिश्रा और सीओ सदर हीरालाल कनौजिया के सामने ही मुर्दाबाद के नारे लगाए।

### चौकीदार की हत्या के मामले में दो गिरफ्तार

सहारनपुर। सहारनपुर में खेत पर चौकीदार के सिर में धारदार हथियार मारकर हत्या कर दी गई थी। पुलिस ने हत्या का खुलासा कर दिया है। पुलिस ने दो हत्यारोपियों को गिरफ्तार किया है। जबकि तीसरा आरोपी फरार है। हत्यारोपियों ने बताया, बाग से पॉपुलर के पेड़ काटर रहे थे। चौकीदार हमें जानता था। गाली-गलौच हुई तो उसके सिर में पाठल मार दी। जिसकी मौके पर ही मौत हो गई। शव को खेत में छिपा दिया। पुलिस लाइन सभागार में एसपी देहात सागर जैन ने बताया, 12 सितंबर की रात को पल्टूराम खेत पर चौकीदारी कर रहा था। 13 सितंबर की सुबह को एक खेत से पल्टूराम का शव मिला था। चौकीदार के सिर पर गहरा घाव था। मृतक के बेटे सुशील कुमार ने अज्ञात लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया। पुलिस ने वादी की शिकायत पर मामले की जांच की। पुलिस ने दो हत्यारोपियों लाला उर्फ इकराम तेली, इकबाल और इमरान को गिरफ्तार किया है। जबकि तीसरा हत्यारोपी इमरान फरार है। जिसकी तलाश की जा रही है। हत्यारोपियों ने बताया, चौकीदार पल्टूराम तीनों हत्यारोपियों इकराम, इकबाल और इमरान को जानता था।

### मथुरा में 3 करोड़ की चरस बरामद

**मथुरा।** एंटी नारकोटिक्स टीम ने मथुरा में बुधवार को नशे के इंटरनेशनल सिंडिकेट से जुड़े चार तस्करों को गिरफ्तार कर लिया। वह नेपाल से तस्करी की चरस को टाटा सफारी के मडगार्ड में छिपाकर ला रहे थे। पुलिस ने कार से चेकिंग में 50 किलो चरस बरामद की है। बरामद चरस की बाजार कीमत करीब 3 करोड़ रुपए है। पुलिस तस्करों से पूछताछ कर रही है। सभी बाराबंकी के रहने वाले हैं। एंटी नारकोटिक्स टास्क फोर्स के सीओ इरफान नासिर खान ने बताया, नारकोटिक्स टीम आगरा को सूचना मिली कि सफेद रंग की टाटा सफारी गाड़ी में 4 लोग आगरा की तरफ से मथुरा होते हुए नोएडा जा रहे हैं। इनके पास चरस की बड़ी खेप है। सूचना मिलते ही टीम एक्टिव हो गई। नारकोटिक्स टीम मथुरा टोल पहुंची और सफारी गाड़ी का इंतजार करने लगी। मथुरा के मांट थाना क्षेत्र में यमुना एक्सप्रेस-वे पर सुबह से ही बैरिकेड लगाकर जगह-जगह वाहनों की चेकिंग शुरू कर दी गई थी। चेकिंग के दौरान सफेद रंग की टाटा सफारी को रुकवाया गया। जब चेकिंग के लिए रोका तो कार सवारों ने गाड़ी को भगाने का प्रयास किया। पुलिस टीम ने घेराबंदी कर कार और उसमें सवार चारों आरोपियों को पकड़ लिया। चारों को कार से उतारकर पूछताछ शुरू की। कार की तलाशी ली गई। कार के मडगार्ड को चेक किया गया।

# संस्कृत के प्रतिभावान छात्रों को मंच दे रही योगी सरकार

## उत्तर प्रदेश संस्कृत संस्थान की ओर से किया जा रहा संस्कृत प्रतिभा खोज प्रतियोगिता का आयोजन

**लखनऊ।** योगी सरकार प्रदेश में संस्कृत भाषा को बढ़ावा देने के लिए निरंतर प्रयास कर रही है। योगी सरकार की इस मुहिम का असर भी देखने को मिल रहा है। ऐसे में योगी सरकार की मंशा के अनुरूप उत्तर प्रदेश संस्कृत संस्थान की ओर से संस्कृत भाषा को बढ़ावा देने, छात्रों में संस्कृत के प्रति रूझान बढ़ाने एवं संस्कृत के प्रतिभावान बच्चों को खोजकर उनको आर्थिक सहायता प्रदान करने के लिए संस्कृत प्रतिभा खोज प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। यह प्रतियोगिता तीन चरणों (जनपद, मंडल और राज्य स्तर) पर हो रही है। संस्कृत प्रतिभा खोज प्रतियोगिता में कक्षा 6 से स्नातकोत्तर तक के छात्र भाग ले सकते हैं। संस्थान की ओर से वर्तमान में प्रदेश के सभी जनपदों में जनपद स्तरीय प्रतिभा खोज प्रतियोगिता करायी जा रही है, जिसमें बढ़-चढ़कर बच्चे प्रतिभाग कर रहे हैं।

### 20 से 29 सितंबर के बीच होगी मंडल स्तरीय संस्कृत खोज प्रतियोगिता

उत्तर प्रदेश संस्कृत संस्थान के निदेशक विनय श्रीवास्तव ने बताया कि वर्तमान में जनपद स्तरीय प्रतिभा खोज प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। जनपद स्तरीय प्रतिभा खोज प्रतियोगिता में संस्कृत गीत प्रतिभा खोज, संस्कृत वाचन प्रतिभा खोज और संस्कृत सामान्य ज्ञान प्रतिभा खोज आदि का आयोजन किया जा रहा है। इन प्रतियोगिता में प्रथम और द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभागी ही मंडल स्तरीय प्रतिभा खोज प्रतियोगिता में हिस्सा ले सकते हैं। इसके लिए मंडल स्तरीय अर्हता




प्रतिभा खोज ऑनलाइन परीक्षा आ आयोजन किया जा रहा है, जिसमें प्रतिभागी 16 सितंबर तक आवेदन कर सकते हैं। मंडल स्तरीय अर्हता प्रतिभा खोज ऑनलाइन परीक्षा पास करने के बाद प्रतिभागी राज्य स्तरीय संस्कृत प्रतिभा खोज प्रतियोगिता में भाग ले सकते हैं, जो 20 से 29 सितंबर के बीच आयोजित की जाएगी। मंडल स्तर पर आयोजित संस्कृत गीत (युवा वर्ग) तथा राज्य स्तर पर संस्कृत भाषण, संस्कृत श्रुतलेखन, संस्कृत अभिनय आदि प्रतियोगिता में प्रतिभाग करने के इच्छुक प्रतिभागियों के लिए मंडल स्तरीय ऑनलाइन प्रतिभा अर्हता परीक्षा आयोजित की जाएगी। इनमें उत्तीर्ण प्रतिभागी को राज्य स्तर की प्रतिभा खोज में प्रवेश दिया जाएगा।

### 11 हजार रुपये का दिया जाएगा नकद पुरस्कार

संस्थान के निदेशक ने बताया कि मंडल स्तरीय प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभागी राज्य स्तरीय प्रतिभा खोज के लिए ऑनलाइन अर्हता परीक्षा में भाग ले सकते हैं। यह परीक्षा 5 से 12 अक्टूबर के बीच होगी। वहीं इसमें सफल प्रतिभागी राज्यस्तरीय संस्कृत प्रतिभा खोज प्रतियोगिता में भाग ले सकते हैं, जो संस्थान में 28 और 29 अक्टूबर को आयोजित की जाएगी। तीन चरणों में होने वाली संस्कृत खोज प्रतियोगिता के सफल प्रतिभागियों को संस्थान की ओर से नकद पुरस्कार से सम्मानित किया जाएगा।

इन जनपद स्तरीय प्रतियोगिता में सफल प्रतिभागी को एक हजार रुपये प्रथम पुरस्कार, आठ सौ रुपये द्वितीय पुरस्कार और 700 रुपये तृतीय पुरस्कार के रूप में दिये जाएंगे। वहीं मंडल स्तरीय प्रतियोगिता में सफल प्रतिभागी को तीन हजार रुपये प्रथम पुरस्कार, दो हजार रुपये द्वितीय पुरस्कार और एक हजार रुपये तृतीय पुरस्कार के रूप में दिये जाएंगे। इसके अलावा राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में सफल प्रतिभागी को 11 हजार रुपये प्रथम पुरस्कार, सात हजार रुपये द्वितीय पुरस्कार, पांच हजार रुपये तृतीय पुरस्कार और तीन हजार रुपये सान्त्वना पुरस्कार तीन प्रतिभागी को दिये जाएंगे। इतना ही नहीं प्रतिभागी को प्रतिभागिता का प्रमाण पत्र, योग्यता प्रमाण पत्र, संस्कृत पुस्तक, मंडल तथा राज्य की प्रतियोगिता में प्रतिभाग करने के लिए आने-जाने खर्च और राज्यस्तर पर स्मृतिचिन्ह दिया जाएगा।

# बाराबंकी में बारिश-बाढ़ से 1.5 लाख लोग प्रभावित

## 100 से ज्यादा गांवों में बाढ़, 4 दिन से स्कूल बंद; घर-दुकानों में पानी भरने से करोड़ों का नुकसान

**बाराबंकी।** बाराबंकी में लगातार बारिश के बाद आई बाढ़ में शहर और गांव जलमग्न हो गए। करीब 1 लाख 50 हजार की आबादी बाढ़ से प्रभावित है। जलजमाव वाले इलाकों में बिजली गुल है। लोगों को पीने के पानी तक का संकट है। जलभराव से करीब 100 गांव प्रभावित हैं। 4 दिन से स्कूल बंद है। कामकाज ठप है। प्रभावित लोगों को रेस्क्यू करके कैंप में रखा गया है। बाराबंकी शहर की बात करें तो करीब 10 मोहल्लों में अभी भी 2-3 फीट तक पानी भरा है। एनडीआरएफ ने रेस्क्यू करके सैकड़ों परिवारों को शेल्टर हाउस में शिफ्ट किया है। शहर के पायनियर इंटर कॉलेज, यंग स्ट्रीम कॉलेज और रामसेवक इंटर कॉलेज में शेल्टर बनाए गए हैं। यहां रेस्क्यू किए गए 5 हजार से ज्यादा लोगों को रखा गया है। वहीं, जलमग्न इलाकों में NDRF-SDRF और PAC पेट्रोलिंग कर रही है। जिन इलाकों में जलजमाव की स्थिति खतरनाक नहीं हैं। वहां लोगों को फूड पैकेट बांटे जा रहे हैं। बुधवार को टीम ने करीब 5 हजार से



ज्यादा फूड पैकेज बांटे।

### 4 दिन से स्कूल बंद, सरकारी कामकाज ठप

जिले में सोमवार को हुई बारिश के बाद से स्कूल बंद हैं। सरकारी कामकाज भी ठप पड़ा है। शहर से गुजरने वाली जमुरिया नदी का जलस्तर कुछ कम हुआ है, लेकिन मोहल्लों में अभी भी जलभराव है। शहर के कमरिया बाग, अभयनगर, हड्डीगंज, कमल विहार, श्रीनगर, कोठीडीह, उज्जवल नगर, वृंदावन कॉलोनी, कार्तिक विहार कॉलोनी, दशहरा बाग खलारिया में अभी पानी भरा हुआ है।

### तीन दिन से बत्ती गुल, 100 गांव अंधेरे में

बारिश और बाढ़ के चलते बाराबंकी में विद्युत आपूर्ति ठप है। नगर के पल्हरी उपकेंद्र परिसर में पानी भरा हुआ है, जिसे बुधवार को निकालने की कवायद की गई। वहीं, ओबरी उपकेंद्र से जुड़े मोहल्लों में भी बिजली सप्लाई बाधित है। ऐसे ही दरियाबाद उपकेंद्र को रामसनेहीघाट डिवीजन से बिजली मिलती है। यहां 33 हजार मेन लाइन के 8 इंसुलेटर सोमवार की रात फूंक गए। इसके बाद से उस उपकेंद्र को बिजली नहीं मिली।

### टीम ने ट्रैफिक सिग्नल लगाने का जौनपुर में किया सर्वे

**जौनपुर।** उत्तर प्रदेश के जौनपुर शहर में ट्रैफिक सिग्नल व सीसीटीवी लगाने के लिए वाराणसी से आई नामित संस्था ने शहर के प्रमुख चौराहों का सर्वे किया। यह कार्य विनियमित क्षेत्र से 4.70 करोड़ रुपये की लागत से होगा।इससे शहर में जाम की समस्या से लोगों को राहत मिलेगी। शहर में ट्रैफिक सिग्नल व चैराहा, सीसीटीवी लगाने के लिए कमिश्नर वाराणसी के यहां से मंजूरी मिलने के बाद स्मार्ट सिटी वाराणसी संस्था की टीम जौनपुर पहुंची। जिला प्रशासन की तरफ से सिटी मजिस्ट्रेट जलराजन चौधरी, सीओ यातायात देवेश सिंह, जेई मिथिलेश कुमार संस्था के फील्ड सुपरवाइजर शीतलाल मौर्या के साथ नगर के सिपाह तिराहा, वाजिदपुर तिराहा, मुरादगंज तिराहा, चहारसू तिराहा, जेसीज चौराहा, पालिटेक्निक, अंबेडकर तिराहा पहुंचकर सर्वे कराए। विनियमित क्षेत्र के जेई मिथिलेश कुमार ने बताया कि सर्वे के दौरान में पीपीटी व कंट्रोल रूम बनाने को लेकर नापी की गई। ये काम एक माह के अंदर शुरू हो जाएंगे, इसके साथ ही छह महीने में कार्य पूरे कर लिए जाएंगे।

### रायबरेली : वकीलों का विरोध प्रदर्शन लगातार जारी

रायबरेली। उत्तर प्रदेश के रायबरेली के अधिवक्ताओं ने हापुड़ में हुए बर्बर लाठीचार्ज के पश्चात प्रदेश सरकार द्वारा दोषी लोगो के खिलाफ कार्यवाही न करने के विरोध में शांतिपूर्ण विरोध करते हुए आज भी अदालतों का बहिष्कार किया।

सेंट्रल बार एसोसिएशन सिविल कोर्ट की अगुवाई में अधिवक्ता गण नेहापुड़ कांड के विरोध में अपना प्रदर्शन करते हुए नारेबाजी की और अदालतों का बहिष्कार किया है।

गौरतलब है कि बीते 29 अगस्त से हुए हापुड़ में बर्बर लाठीचार्ज के विरोध में बार काउंसिल उत्तर प्रदेश के आह्वान पर अधिवक्तागण न्यायिक कार्यो का बहिष्कार किये हुए है।

अधिवक्ताओं की मांग है कि हापुड़ के जिलाधिकारी और पुलिस अधीक्षक का हापुड़ से ट्रांसफर किया जाए। अधिवक्ताओं की कई मांगे है, जिसमे मुख्य रूप से दोषियों के खिलाफ कार्यवाही हो घायलों को मुआवजा दिलाया जाए तथा अधिवक्ता प्रोटेक्शन बिल लाया जाए।

अधिवक्ताओं का आरोप है कि सरकार ने अभी तक उनकी मांगे पूरी नही की है। हापुड़ कांड से अधिवक्ताओं में व्यापक रोष है। उत्तर प्रदेश के हाई कोर्ट



उच्चतम न्यायालय की बार एसोसिएशन समेत लगभग पूरे भारत के अधिवक्ता समाज मे हापुड़ लाठीचार्ज का विरोध किया है। इस संदर्भ में प्रदेश के उच्च न्यायालय ने स्वत: संज्ञान लेते हुए सरकार से सवाल करते हुए हुए मामले की सुनवाई के लिए 15 सितंबर की तिथि नियत की थी जिसे अब 18 सितंबर के लिए मुकर्रर किया गया है।

रायबरेली की दीवानी कचहरी व कलेक्ट्रेट बार एसोसिएशन समेत अधिवक्ताओं ने आज भी न्यायिक कार्य का बहिष्कार किया और प्रस्ताव पारित कर आने वाले शुक्रवार को भी न्यायिक कार्य के बहिष्कार को जारी रखा है। अभी तक कि स्थित देख कर ऐसा लगता है वकीलों ने आरपार की लड़ाई का पूरा मन बना लिया हैं अगर सरकार ने उनकी बात नही मानी या कोई हल नही निकाला तो जल्द हड़ताल खत्म नही होने वाली है।

### सोनभद्र में नब्बे लाख की अवैध शराब बरामद, दो तस्कर गिरफ्तार

सोनभद्र। उत्तर प्रदेश मे सोनभद्र जिले के राबर्ट्सगंज कोतवाली क्षेत्र में पुलिस ने 90 लाख रुपए की अवैध अंग्रेज़ी शराब के साथ दो अंतर्राज्यीय तस्करों को गिरफ़्तार किया है।

पुलिस अधीक्षक डॉ यशवीर सिंह ने गुरुवार को आयोजित एक प्रेस वार्ता के दौरान बताया कि एसओजी एवं राबर्ट्सगंज कोतवाली पुलिस की संयुक्त टीम द्वारा मुखबिर से मिली सूचना के आधार पर राबर्ट्सगंज चोपन मुख्य मार्ग पर पी डब्लू डी गेस्ट हाउस के पास एक ट्रक से 994 पेटियों में 8911 लीटर शराब बरामद किया गया है। तस्कर ट्रक में पोल्ट्री फूड के स्थान पर धान की भूंसी की बोरियों के नीचे इंपीरियल ब्लू व्हिस्की की शीशियों की पेटियाँ छुपाए हुए थे।

तस्करों के पास पोल्ट्री फ़ूड के फ़र्ज़ी काग़ज़ात भी थे। पुलिस गिरफ़्तार तस्करों राजेश पुत्र रघुवीर सिंह निवासी थाना कुंजपुर, जनपद करनाल, पंजाब एवं राजाराम पुत्र बचन राम निवासी खेड़ी जटान, थाना इंदरी, जनपद करनाल के विरुद्ध धारा 60/63आबकारी अधिनियम व भाश्वदश्वविश्व की धारा 419, 420, 467, 468, 471 में अग्रिम कार्रवाई कर रही है।

# यूपी में डेंगू के मरीजों की संख्या 3500 पार

## लखनऊ में एक दिन में 24 से अधिक पॉजिटिव मरीज मिले,अस्पतालों में बुखार रोगियों की भरमार

**लखनऊ।** यूपी में डेंगू के मरीजों की संख्या तेजी बढ़ रही हैं। लेटेस्ट रिपोर्ट के मुताबिक प्रदेश में डेंगू मरीजों की संख्या 3500 के पार हो चुकी हैं। वहीं पिछले 24 घंटे में यूपी में 200 से ज्यादा नए संक्रमित सामने आए हैं।

सबसे ज्यादा बिगड़े हालात एनसीआर में गाजियाबाद और नोएडा के हैं। इसके अलावा मेरठ और लखनऊ में भी बड़ी संख्या में संक्रमित मरीज हैं। लखनऊ में 2 मरीजों की हालत ज्यादा गंभीर होने पर लोकबंधु अस्पताल में भर्ती किया गया। साथ ही बड़ी संख्या में बुखार रोगी भी अस्पताल में भर्ती



हैं। इनमें से कुछ ऐसे भी मरीज हैं जिनका एलाइजा टेस्ट नेगेटिव भी हैं। दूसरी तरफ ओपीडी में मरीजों की कतार लगी है।

डॉक्टर श्यामा प्रसाद मुखर्जी सिविल अस्पताल के ओपीडी में भी सबसे ज्यादा बुखार के ही आ रहे हैं। तेलीबाग से आए राकेश सिंह ने बताया, उन्हें 4 दिन से बुखार आ रहा हैं। मेडिकल स्टोर की दवाई से जब फायदा नही मिला तो अस्पताल आए हैं। डॉक्टर ने दवाई लिखी हैं। उम्मीद हैं कि अब आराम मिल जाएगा।

### लखनऊ में डेंगू के 24 नए मरीज

लखनऊ में डेंगू का प्रकोप बढ़ रहा है। बीते 24 घंटे में यहां 24 नए मरीजों में डेंगू की पुष्टि हुई है। वही सर्विलांस टीम की निरीक्षण में 13 घरों में डेंगू के लार्वा मिलने पर भवन स्वामियों को चेतावनी नोटिस जारी किए गए हैं।

# सनातन का मतलब हिंदू नहीं, सभी धर्मों को मिटा रहे उदयनिधि

## लोकसभा चुनाव में खुद मिट जाएंगे सनातन मिटाने वाले : स्वाती सिंह

लखनऊ। पहली बात यह कि सनातन का मतलब हिंदू धर्म नहीं है। यह उन अर्थों में हिंदू से जुड़ा है, क्योंकि यह सनातनी अर्थात सबसे पुराना है। सनातन धर्म उस समय से है जब कोई संगठित धर्म अस्तित्व में नहीं था। मानव सभ्यता धीरे-धीरे पशुवत से आगे बढ़ रही थी, सोच विकसित हो रही थी। इस कारण अब इसे जिंदगी के कुछ कायदे कानुन भी बनने शुरू हुए और उस नियमावली के तहत जीने का तरीका बनना शुरू हो गया। कुछ प्रकृति पर भरोसा किया जाने लगा। प्रकृति पूजन भी शुरू हो गया। इस पुरातन धर्म को ही सनातन कहा गया। चूकि हिंदू धर्म ही विश्व का सबसे पुराना धर्म है। जो भी पुरातन है, वह सनातन है और पुरातन हिंदू है, इस अर्थ में सनातन भी हिंदू धर्म से जोड़ दिया गया। वरना वृहद रूप में देखें तो हर धर्म हिंदू धर्म से ही निकला है अर्थात सनातन का अर्थ तो सर्वधर्म है।

सभी धर्मों की जड़े ही सनातन हैं।



यदि कोई भी, किसी भी धर्म का व्यक्ति सनातन का विरोध करता है तो वह अपने पूर्वजों का विरोध करता है।

जिसका कभी अंत नहीं हो सकता, वही सनातन है। दूसरे सभी उसी सनातनी जड़ से निकले पंथ हैं, जहां पर एक फिक्स नियमावली है।

उसका पालन करना अनिवार्य है, लेकिन सनातन ही ऐसा धर्म हैं, जहां पर समयानुसार बदलाव संभव है और समय-समय पर बदलाव होते भी रहे हैं।

वैदिककाल का ही देखिए पहले एकेश्वरवाद था, फिर बहुदेववाद आया। सनातन धर्म ही ऐसा है, जहां कण-कण में भगवान को देखता है। पूरे जीव जगत का पूजन करता है और आज कुछ लोग सनातन को ही मिटाकर अपनी राजनीति को चमका रहे हैं। यह निश्चय है कि जो सनातन को मिटाने चला है, उसकी पीढ़ियां खप गयीं और खप जाएगी, लेकिन सनातन नहीं मिटने वाला नहीं है।

यह भी तथ्यगत है कि हिंदू धर्म ही ऐसा धर्म है, जहां पर कोई भी टिप्पणी कर देता है और वह निकल जाता है, वरना दूसरी जगहों पर गर्दन काटने का भी फरमान जारी हो जाता है। यह भी बता दूं कि अब सनातन जग गया है, अपने धर्म के प्रति, अपने कर्म के प्रति, अपनी सहिष्णुता के प्रति। यहां हर सनातनी विधर्मियों को अपनी गांधीवादी नीति से जवाब देगा। उदयनिधि स्टालिन का मौन समर्थन करने वाले सभी विपक्षियों की मंशा भी जनता समझ चुकी है। यह तो निश्चय है कि इंडी गठबंधन का भी दो सितम्बर को उदयनिधि के दिये गये बयान में समर्थन है, वरना वह अब तक गठबंधन से अलग कर देता।

यह बता दूं कि उदयनिधि द्वारा दो सितम्बर को चेन्नई में सनातन धर्म की तुलना डेंगू, मलेरिया जैसी बीमारियों से की थी। साथ इसे खत्म करने को कहा था। उन्होंने कहा, कुछ चीजें हैं, जिन्हें हमें खत्म करना है और हम सिर्फ विरोध नहीं कर सकते। मच्छर, डेंगू, कोरोना और मलेरिया ऐसी चीजें हैं, जिनका हम विरोध नहीं कर सकते। हमें उन्हें खत्म करना है। सनातनम (सनातन धर्म) भी ऐसा ही है। सनातन का विरोध नहीं, बल्कि उन्मूलन करना हमारा पहला काम है।

हिंदू धर्म ही एक ऐसा धर्म है, जहां सबसे ज्यादा लचीलापन है और हम जानते हैं कि लचीला कभी टूट नहीं सकता। यही कारण है कि हिंदू धर्म को तोड़ने वाले इस दुनिया से टूट गये, लेकिन यह धर्म आज भी अपना झंडा बुलंद कर रहा है।

### मप्र के युवक ने आगरा के होटल में लगाई फांसी

आगरा। मध्य प्रदेश के भिंड जिले के रहने वाले एक युवक ने आगरा के एक होटल में पंखे से फंदा लगाकर अपनी जान दे दी। 2 दिन पहले यह युवक अपने घर से विवाद के बाद आगरा आ गया था। यहां एक होटल में कमरा ले लिया। उसके बाद से युवक ने होटल के कमरे से एक कदम भी बाहर नहीं रखा। कई बार होटल स्टाफ ने कमरा खुलवाने की कोशिश की लेकिन युवक बाहर नहीं आया।

गुरुवार सुबह होटल प्रबंधन ने थाना हरी पर्वत पुलिस को सूचना दी। जिसके बाद पुलिस मौके पर पहुंची और दरवाजा तोड़कर कमरे में प्रवेश किया तो युवक का शव पंखे से लटका हुआ मिला। पुलिस ने घटना की सूचना युवक के परिजनों को दे दी और युवक के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

मध्य प्रदेश के भिंड के रहने वाले रोहित (32) ने मंगलवार शाम को आगरा के ट्रांसपोर्ट नगर में स्थित एक होटल में कमरा लिया। इस दौरान उसने काउंटर पर अपना आधार कार्ड जमा किया और कमरे के अंदर चला गया। कमरे में जाने के बाद युवक ने शाम तक गेट नहीं खोला और अगले दिन भी युवक अपने कमरे में ही रहा। जब दो दिन युवक कमरे से बाहर नहीं निकला तो होटल स्टाफ ने कमरे को खुलवाने की कोशिश की, लेकिन जब कमरा नहीं खुला तो उन्होंने इसकी जानकारी थाना हरी पर्वत पुलिस को दी।

ट्रांसपोर्ट नगर चौकी प्रभारी अमित धामा ने बताया कि होटल से सूचना के बाद पुलिस होटल पहुंची। दरवाजा खोलने की कोशिश की गई। अंदर से जब कोई जवाब नहीं आया तो दरवाजे को तोड़ दिया गया। अंदर जाकर देखा तो रोहित गमछे का फंदा बनाकर पंखे से लटका हुआ था। रोहित की मौत हो चुकी थी। इसके बाद उसके शव को नीचे उतार लिया गया और पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया। आधार से मृतक की पहचान हुई।

# शेयर बाजार में तेजी का सिलसिला बरकरार



मुंबई। विदेशी बाजारों के सकारात्मक रुख के प्रभाव से स्थानीय स्तर पर हुई चौतरफा लिवाली की बदौलत आज शेयर बाजार में लगातार दसवें दिन तेजी रही।

बीएसई का संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 52.01 अंक की बढ़त लेकर 67519 अंक और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी 33.10 अंक चढ़कर 20103.10 अंक पर पहुंच गया। इसी तरह बीएसई का मिडकैप 1.02 प्रतिशत की छलांग लगाकर 32,474.86 अंक और स्मॉलकैप 1.15 प्रतिशत उछलकर 37,726.50 अंक पर रहा।

इस दौरान बीएसई में कुल 3804 कंपनियों के शेयरों में कारोबार हुआ, जिनमें से 2446 में तेजी जबकि 1202 में गिरावट रही वहीं 156 में कोई बदलाव नहीं हुआ। इसी तरह निफ्टी की 28 कंपनियों में लिवाली जबकि 21 में बिकवाली हुई वहीं एक के भाव स्थिर रहे।

बीएसई के 20 समूहों में तेजी का रुख रहा। इस दौरान कमोडिटीज 1.09, सीडी 0.65, ऊर्जा 0.82, एफएमसीजी 0.05, वित्तीय सेवाएं 0.26, हेल्थकेयर 0.50, इंडस्ट्रियल्स 0.73, आईटी 0.64, दूरसंचार 0.38, यूटिलिटीज 0.92, ऑटो 0.94, बैंकिंग 0.10, कैपिटल गुड्स 0.69, कंज्यूमर ड्यूरेबल्स 0.01, धातु 1.39, तेल एवं गैस 1.40, पावर 0.83, रियल्टी 1.47, टेक 0.36 और सर्विसेज समूह के शेयर 0.80 प्रतिशत चढ़ गये।

अंतर्राष्ट्रीय बाजारों का रुझान सकारात्मक रहा। इस दौरान ब्रिटेन का एफटीएसई 0.68, जापान का निक्केई 1.41, हांगकांग का हैंगसेंग 0.21 और चीन का शंघाई कंपोजिट 0.11 प्रतिशत मजबूत रहा जबकि जर्मनी के डैक्स में गिरावट रही।

शुरूआती कारोबार में सेंसेक्स 160 अंक की तेजी लेकर 67,627.03 अंक पर खुला और दमदार लिवाली की बदौलत थोड़ी देर बाद ही 67,771.05 अंक के उच्चतम स्तर पर पहुंचा। वहीं बिकवाली होने से यह दोपहर बाद 67,336.46 अंक के निचले स्तर तक लुढ़क गया। अंत में पिछले दिवस के 67,466.99 अंक के मुकाबले 0.08 प्रतिशत बढ़कर 67,519 अंक पर रहा। निफ्टी भी 58 अंक की बढ़त के साथ 20,127.95 अंक पर खुला और सत्र के दौरान 20,167.65 अंक के उच्चतम जबकि 20,043.45 अंक के निचले स्तर पर रहा। अंत में पिछले सत्र के 20,070 अंक की तुलना में 0.16 मजबूत होकर 20,103.10 अंक पर पहुंच गया।

इस दौरान सेंसेक्स की मुनाफा कमाने वाली कंपनियों में महिंद्रा एंड महिंद्रा 2.56, टाटा स्टील 1.66, टेक महिंद्रा 1.57, नेस्ले इंडिया 1.41, पावरग्रिड 0.98, इंफोसिस 0.65, एचसीएल टेक 0.64, एक्सिस बैंक 0.54, अल्ट्रासिमको 0.47, एलटी 0.36, एनटीपीसी 0.34, विप्रो 0.14, एसबीआई 0.13, मारुति 0.11 और इंडसइंड बैंक 0.10 प्रतिशत शामिल रही।

वहीं, एशियन पेंट 1.13, आईटीसी 0.75, सन फार्मा 0.38, बजाज फिनसर्व 0.29, भारती एयरटेल 0.29, टाटा मोटर्स 0.26, आईसीआईसीआई बैंक 0.25, हिंदुस्तान यूनीलीवर 0.20, टीसीएस 0.18, एचडीएफसी बैंक 0.14, कोटक बैंक 0.12, टाइटन 0.07, जेएसडब्ल्यूएस स्टील 0.07, रिलायंस 0.07 और बजाज फाइनेंस ने 0.01 प्रतिशत का नुकसान उठाया।

# आईएमएफ ने शुरू की बेलाउट पैकेज की समीक्षा, मार्च में जारी की थी पहली किस्त



कोलंबो। अंतरराष्ट्रीय मौद्रिक कोष ने गुरुवार को श्रीलंका को दिए 2.9 अरब डॉलर के बेलआउट पैकेज की समीक्षा शुरू कर दी है। बता दें कि श्रीलंका में आए आर्थिक संकट के बाद आईएमएफ ने श्रीलंका को कड़ी शर्तों के साथ कर्ज दिया था। जिसकी अब आईएमएफ द्वारा समीक्षा की जा रही है। आईएमएफ की एक टीम सोमवार को श्रीलंका पहुंची है और यह 27 सितंबर तक श्रीलंका में ही रहकर कर्ज की समीक्षा का काम करेगी।

श्रीलंका के वित्त मंत्री शेहान सेमासिंघे ने बताया कि आईएमएफ की टीम कर्ज की पहली समीक्षा कर रही है। उन्होंने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में लिखा कि हम आईएमएफ टीम के साथ मिलकर काम कर रहे हैं ताकि चुनौतियों से निपटा जा सके। श्रीलंका को बीते साल मार्च में आईएमएफ ने 2.9 अरब डॉलर के बेलआउट पैकेज के तहत पहली किस्त जारी की थी। सेमासिंघे ने बताया कि पहली किस्त की समीक्षा के बाद दूसरी किस्त जारी की जा सकती है। बता दें कि गंभीर आर्थिक संकट से जूझ रहे श्रीलंका ने अप्रैल 2022 में खुद को दिवालिया घोषित कर दिया था। इसके बाद श्रीलंका ने आर्थिक मदद के लिए आईएमएफ से कर्ज की गुहार लगाई। कई महीनों की बातचीत के बाद आईएमएफ ने बीते साल मार्च में श्रीलंका को बेलआउट पैकेज का एलान किया था। बेलआउट पैकेज की शर्तों के तहत श्रीलंका को अपनी अर्थव्यवस्था में कड़े सुधार करने थे। अब आईएमएफ इसी बात की जांच कर रहा है कि शर्तों के अनुसार, श्रीलंका ने बदलाव किए हैं या नहीं।

## शार्ट न्यूज

### एलआईसी ने दिया सरकार को 1831.09 करोड़ का लाभांश

नयी दिल्ली। जीवन बीमा क्षेत्र की देश की सबसे बड़ी सरकारी कंपनी भारतीय जीवन बीमा निगम (एलआईसी) ने आज सरकार को वित्त वर्ष 2022-23 के लिए 1831.09 करोड़ रुपये का लाभांश दिया। कंपनी ने यहां बताया कि वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण को एलआईसी के अध्यक्ष सिद्धार्थ मोहंती ने आज 1831.09 करोड़ रुपये का लाभांश चेक प्रदान किया। पिछले महीने आयोजित वार्षिक आम बैठक में शेयरधारकों द्वारा अनुमोदित भारत सरकार के लाभांश के हिस्से के रूप में यह चेक सौंपा गया है। इस मौके पर वित्त मंत्रालय, वित्तीय सेवा विभाग के अतिरिक्त सचिव डॉ. एम. पी. तंगिरला और एलआईसी के अधिकारी मौजूद थे।

### श्रद्धा सूरी मारवाह बनी एक्मा की अध्यक्ष

नयी दिल्ली। भारतीय वाहन कलपुर्जा उद्योग के शीर्ष निकाय ऑटोमोटिव कंपोनेंट मैन्युफैक्चरर्स एसोसिएशन (एक्मा) ने सुब्रोस लिमिटेड की अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक श्रद्धा सूरी मारवाह को वर्ष 2023-25 के लिए संगठन का अध्यक्ष नियुक्त करने की घोषणा की है। संगठन ने आज यहां जारी बयान में कहा कि इसके साथ ही जेके फेनर (इंडिया) लिमिटेड के प्रबंध निदेशक विक्रमपति सिंघानिया को 2023-25 के कार्यकाल के लिए उपाध्यक्ष नियुक्त किया गया है। नियुक्तियों की घोषणा करते हुए एक्मा के महानिदेशक विनी मेहता ने कहा, हमें श्रद्धा सूरी मारवाह और विक्रमपति सिंघानिया को संगठन के नए अध्यक्ष और उपाध्यक्ष के रूप में पाकर खुशी हो रही है। पूरे ऑटो कंपोनेंट उद्योग की ओर से, मैं उद्योग के दोनों दिग्गजों का स्वागत करता हूं और उद्योग के एजेंडे को आगे बढ़ाने के लिए उनके नेतृत्व की आशा करता हूं। उन्होंने कहा श्रद्धा मारवाह अपने साथ ऑटोमोटिव क्षेत्र में अनुभव और शानदार ट्रैक रिकॉर्ड लेकर आई हैं। उनका दूरदर्शी नेतृत्व, उत्कृष्टता के प्रति अटूट प्रतिबद्धता और गहन उद्योग ज्ञान, हमारे उद्योग की वृद्धि और विकास के लिए अमूल्य होगा।

### पेट्रोल और डीजल की कीमतों में बदलाव नहीं

नयी दिल्ली। वैश्विक स्तर पर कच्चे तेल की कीमतों में लगातार तेजी जारी रहने के बावजूद घरेलू स्तर पर पेट्रोल और डीजल के दाम में आज भी कोई बदलाव नहीं हुए, जिससे दिल्ली में पेट्रोल 96.72 रुपये प्रति लीटर तथा डीजल 89.62 रुपये प्रति लीटर पर पड़े रहे। तेल विपणन करने वाली प्रमुख कंपनी हिन्दुस्तान पेट्रोलियम कार्पोरेशन की वेबसाइट पर जारी दरों के अनुसार, देश में आज पेट्रोल और डीजल की कीमतों में कोई बदलाव नहीं हुआ है। दिल्ली में इनकी कीमतों के यथावत रहने के साथ ही मुंबई में पेट्रोल 106.31 रुपये प्रति लीटर पर और डीजल 94.27 रुपये प्रति लीटर पर रहा। वैश्विक स्तर पर अमेरिकी क्रूड 0.64 प्रतिशत उबलकर 89.09 डॉलर प्रति बैरल पर और लंदन ब्रेंट क्रूड 0.60 प्रतिशत की तेजी के साथ 92.43 डॉलर प्रति बैरल पर रहा।

### भारत ने 76 प्रतिशत तक घटाया चीन से सोलर मॉड्यूल का आयात

नई दिल्ली। वैश्विक रुख से हटकर भारत ने 2023 की पहली छमाही के दौरान चीन से सौर मॉड्यूल आयात में 76 प्रतिशत की गिरावट दर्ज की है जो सौर विनिर्माण में आत्मनिर्भरता की दिशा में भारत के दृढ़ बदलाव को दर्शाता है। वैश्विक ऊर्जा थिंक टैंक एम्बर की रिपोर्ट में कहा गया है कि साल-दर-साल, चीन से भारत का सौर मॉड्यूल आयात 2022 की पहली छमाही में 9.8 गीगावॉट से घटकर 2023 में इसी अवधि के दौरान केवल 2.3 गीगावॉट रह गया। टैरिफ लगाने के साथ यह रणनीतिक बदलाव, आयात पर निर्भरता को कम करने और अपनी घरेलू विनिर्माण क्षमता के विकास को प्राथमिकता देने के लिए भारत के दृढ़ संकल्प को रेखांकित करता है। एम्बर में इंडिया इलेक्ट्रिसिटी पॉलिसी एनालिस्ट नेश्विन रॉड्रिग्स ने कहा, सोलर मॉड्यूल आयात के लिए चीन पर भारत की निर्भरता 2022 के बाद संतोषजनक है और यह वास्तव में कम हो रही है। नीतिगत हस्तक्षेपों की मदद से घरेलू विनिर्माण गति पकड़ रहा है। चूंकि भारत सौर विनिर्माण में आत्मनिर्भरता के करीब है, इसलिए चीनी मॉड्यूल और सेल पर निर्भरता अब कोई बाधा नहीं है। अब महत्वपूर्ण यह है कि यह सुनिश्चित करने के लिए एक सक्षम नीतिगत वातावरण बनाया जाए कि सौर प्रतिष्ठान राष्ट्रीय विद्युत योजना के साथ तालमेल बनाए रखें।

### बर्थ सर्टिफिकेट से होंगे ड्राइविंग लाइसेंस-आधार बनवाने जैसे काम

नई दिल्ली। एक अक्टूबर से डॉक्यूमेंट वेरिफिकेशन में बर्थ सर्टिफिकेट की अहमियत बढ़ने वाली है। नए नियम के तहत बर्थ सर्टिफिकेट का इस्तेमाल स्कूल में एडमिशन, ड्राइविंग लाइसेंस जारी करने, वोटर आईडी, विवाह पंजीकरण, सरकारी रोजगार, पासपोर्ट और आधार बनवाने सहित कई जगहों पर सिंगल डॉक्यूमेंट के तौर पर किया जा सकेगा। जन्म और मृत्यु पंजीकरण (संशोधन) बिल 2023 मानसून सत्र के दौरान संसद के दोनों सदनों में पारित किया गया था। इसे राष्ट्रपति से भी सहमति मिल चुकी थी। एक अक्टूबर से इसे लागू किया जा रहा है। नया कानून रजिस्टर्ड बर्थ-डेथ का नेशनल और स्टेट लेवल डेटा बेस बनाने में भी मदद करेगा। इससे पब्लिक सर्विसेज बेहतर तरीके से डिलीवर की जा सकेंगीं। ये नया नियम 1 अक्टूबर या इसके बाद बनने वाले बर्थ सर्टिफिकेट पर लागू होगा। कानून लागू होने से सबसे बड़ा बदलाव यह होगा कि बर्थ और डेथ सर्टिफिकेट डिजिटल रूप से भी मिल पाएगा। अभी इसकी हार्ड कॉपी ही मिल पाती है।

# ट्यूलिप मोन्सेला का दूसरा चरण हुआ लांच




नयी दिल्ली। ट्यूलिप परियोजनाओं में पहले निवेश कर चुके 5000 से अधिक घर खरीदारों के समर्थन और विश्वास के बल पर ट्यूलिप इंफ्राटेक ने गुरूग्राम में इस परियोजना के दूसरे चरण को लांच करने की घोषणा की है।

कंपनी ने आज यहां जारी बयान में कहा कि ट्यूलिप मोन्सेला का दूसरा चरण 3 लाख 50 हजार वर्ग फुट से अधिक क्षेत्र में फैला हुआ है। इसमें हाई-एंड अल्ट्रा-लक्जरी अपार्टमेंट, डुप्लेक्स और पेंट हाउस शामिल हैं।

यह पूरी परियोजना गोल्फ कोर्स रोड, सेक्टर 53 पर 20 एकड़ से अधिक क्षेत्र में फैली हुई है। इस प्रोजेक्ट का मूल्य 5000 करोड़ से अधिक होने का अनुमान है। इस परियोजना को मूल रूप से एक अन्य रियल एस्टेट कंपनी द्वारा शुरू किया गया था जो बाद में बंद हो गई थी, ऐसे समय में ट्यूलिप इंफ्राटेक निवेशकों और घर मालिकों के लिए आशा के किरण रूप में सामने आया।

कंपनी ने कहा कि पीएनबी हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड और पिछले बिल्डर के साथ बातचीत के माध्यम से 2021 में ट्यूलिप इंफ्राटेक ने इस परियोजना को अपने हाथ में ले लिया है और अब ट्यूलिप इंफ्राटेक के पास ट्यूलिप मोन्सेला के लिए महत्वाकांक्षी योजनाएं हैं। इन योजनाओं के अंतरगर्त लगभग 1,100 लक्जरी अपार्टमेंट और आर्थिक रूप से कमजोर वर्गों के लिए डिज़ाइन की गई 150 इकाइयों का निर्माण शामिल है, सभी को 11 टावरों में योजना के साथ एकीकृत किया गया है। इसके अतिरिक्त, दो अलग-अलग व्यावसायिक इमारतें इसमें शामिल है।

# शक्कर महंगी, खाद्य तेलों में उछाल, दलहन मजबूत, दाल सस्ती, चावल सामान्य



इंदौर। सियागंज किराना बाजार में शक्कर पूछपरख के चलते मंहगी बिकी। खाद्य तेलों में मूंगफली तेल उछाल लिए रहा। तिलहनों में खरीदी बताई गई। मंडी बंद रही। दाल में भाव घटे। चावल में कामकाज सामान्य बताया गया।

**किराना बाजार**

शक्कर महंगी बिकी। आज शक्कर में 04 गाड़ी की आवक हुई। हल्दी तथा खोपरा बूरा लिवाली से मजबूत बना बताया गया। साबूदाना में पूछपरख रही।

**तेल-तिलहन**

मांग सुधार से खाद्य तेल तेजी लिए रहे। मूंगफली तेल चार रुपये प्रति किलोग्राम की उछाल लिए बताया गया। तिलहनों में उठाव से तेजी मंदी का अभाव रहा।

**दाल-दलहन**

स्थानीय संयोगितागंज अनाज मंडी बंद रही। दालों में उठाव कमी से नरमी रही। तुअर दाल तथा चना दाल सस्ती बिकी। चावल में खरीदी रही।

शक्कर 3960 से 3980 रुपये प्रति क्विंटल। खोपरा गोला 105 से 125 रुपये प्रति किलोग्राम। खोपरा बूरा 2150 से 3400 रुपये प्रति 15 किलोग्राम। हल्दी खडी 150 से 275 रुपये प्रति किलोग्राम। साबूदाना 7200 से 8100, पैकिंग में 8400 से 8600 रुपये प्रति क्विंटल।

**तिलहन**

सरसों निमाड़ी 6100 से 6300, सोयाबीन 5100 से 5150 रुपये प्रति क्विंटल।

**तेल**

मूंगफली तेल इंदौर 1780 से 1800, सोयाबीन रिफाइंड इंदौर 875 से 880, साल्वेंट 835 से 840, पाम तेल 880 से 885 रुपये प्रति 10 किलो।

**दाल**

चना दाल 8300 से 8800, तुअर दाल सवा नंबर 14400 से 14500, तुअर दाल फूल 15000 से 15100, तुअर दाल बोल्ड 16000 से 16500, आयातित तुअर दाल 13500 से 13600, मसूर दाल 7700 से 8000, मूंग दाल 10800 से 11100, मूंग मोगर 11500 से 11800, उड़द दाल 10500 से 10800, उड़द मोगर 11200 से 11500 रुपये प्रति क्विंटल।

**चावल-पोहा**

बासमती 11500 से 12500, तिबार 9500 से 10000, दुबार 8500 से 9000, मिनी दुबार 7500 से 8000, मोगरा 4200 से 6500, बासमती सैला 7000 से 9500, कालीमूंछ 8000 से 8500, राजभोग 6500 से 7500, दूबराज 4000 से 4500, परमल 2800 से 3000, हंसा सैला 2900 से 3100, हंसा सफेद 2500 से 2700, पोहा 4300 से 4800 रुपये प्रति क्विंटल।

**रवा-मैदा**

रवा 1640 से 1650, मैदा 1570 से 1580, आटा 1530 से 1540, चना बेसन 4200 से 4250 रुपये प्रति 50 किलोग्राम।

# अगस्त में थोक मुद्रा स्फीति बढ़कर शून्य से 0.52 प्रतिशत

एजेंसी




नयी दिल्ली। देश में खासकर खनिज तेल मूल धातुओं और रसायनों के दाम में नरमी के चलते थोक मुद्रा स्फीति शून्य के नीचे बनी हुई है लेकिन अगस्त 2023 में खाद्य उत्पादों और सब्जियों के दामों में तेजी के चलते यह बढ़कर शून्य से 0.52 प्रतिशत पर पहुंच गयी। जुलाई में यह शून्य से 1.36 प्रतिशत नीचे थी। थोक मुद्रा स्फीति का अप्रैल के बाद सबसे ऊंचा स्तर है।

वाणिज्य और उद्योग मंत्रालय द्वारा गुरुवार को जारी आंकड़ों के अनुसार, अगस्त माह में सभी वस्तुओं वाला थोक मूल्य सूचकांक बढ़कर 152.4 अंक था। इससे पिछले माह थोक मूल्य सूचकांक 151.9 अकं था।

थोक मूल्य मुद्रा स्फीति का यह अप्रैल के बाद सबसे ऊंचा स्तर है। अप्रैल में थोक मुद्रा स्फीति शून्य से 0.79 प्रतिशत नीचे और जून में शून्य से 4.18 प्रतिशत के रिकॉर्ड स्तर से नीचे चली गयी थी। सरकारी आंकड़ों के अनुसार, थोक मूल्य मुद्रा स्फीति के शून्य से नीचे होने के बावजूद खाद्य वस्तुओं और सब्जियों के थोक भाव ऊंचे बने हुए हैं।

अगस्त में खाद्य वस्तुओं के थोक भाव सालाना आधार पर 10.60 प्रतिशत ऊपर थे। इसी तरह अनाज की मुद्रा स्फीति 7.25 प्रतिशत, चावल में मुद्रा स्फीति 9.18 प्रतिशत, गेंहू में 5.81 प्रतिशत और दालों में मुद्रा स्फीति 10.45 प्रतिशत थी। इसी तरह सब्जियों के भाव पिछले वर्ष की तुलना में 48.39 प्रतिशत, अगस्त में आलू का भाव सालाना आधार पर 24.02 प्रतिशत नीचे था जबकि प्याज थोक में 31.42 प्रतिशत ऊपर चल रही थी। फल के थोक मूल्य अगस्त में 12.88 प्रतिशत नीचे थे। तिलहनों के दाम में सालाना आधार पर 9.41 प्रतिशत गिरावट दिखी। ईंधन और बिजली वर्ग में थोक मुद्रा स्फीति शून्य से 6.03 प्रतिशत नीचे रही। एलपीजी के भाव सालाना आधार पर 24.01 प्रतिशत नीचे रहे। इसी तरह पेट्रोल और डीजल के थोक मूल्यों में सालाना आधार पर 2.13 और 11.30 प्रतिशत की कमी दर्ज की गयी।

खाद्य तेलों और वसा के थोक भाव अगस्त में एक साल पहले की तुलना 20.87 प्रतिशत नीचे थे। कपड़ा के दामों में इस दौरान 8.46 प्रतिशत कागज में 10.36 प्रतिशत और रसायन तथा रासायनिक उत्पादों में 7.03 प्रतिशत की कमी दर्ज की गयी। मूल धातुओं के भाव अगस्त में सालाना आधार पर 5.71 प्रतिशत नीचे दिखे। तैयार इस्पात के भाव में एक साल पहले की तुलना में 4.80 प्रतिशत की गिरावट दिखी। उल्लेखनीय है कि मंगलवार को जारी खुदरा मूल्य सूचकांक के अनुसार, अगस्त में मुद्रा स्फीति कम होकर 6.83 प्रतिशत थी। जुलाई में खुदरा मुद्रा स्फीति 7.44 प्रतिशत थी।

# जेट एयरवेज के संस्थापक नरेश गोयल की मुश्किलें बढ़ीं

नई दिल्ली। एयरलाइन कंपनी जेट एयरवेज के संस्थापक नरेश गोयल की मुश्किलें कम होने का नाम नहीं ले रहीं। कैनरा बैंक के 538 करोड़ रुपये के घोटाले से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग मामले में मुंबई की एक अदालत ने उन्हें 14 दिन की न्यायिक हिरासत में भेज दिया है। उन्हें ईडी की रिमांड समाप्त होने के बाद गुरुवार को अदालत के समक्ष पेश किया गया था। जांच एजेंसी द्वारा रिमांड की मांग नहीं किए जाने पर अदालत ने गोयल को न्यायिक हिरासत में भेजने का फैसला किया। गौरतलब है कि प्रवर्तन निदेशालय ने एक सितंबर को लंबी पूछताछ के बाद धनशोधन रोकथाम अधिनियम के तहत गिरफ्तार किया था। इसके बाद उन्हें मुंबई की विशेष अदालत में पेश किया गया। कोर्ट ने पाया कि जेट एयरवेज के संस्थापक नरेश गोयल ने विभिन्न न्यासों का गठन कर और हेराफेरी कर भारत से विदेशों में पैसा भेजा तथा फिर उस पैसे से संपत्तियां खरीदीं। ईडी ने धनशोधन रोकथाम अधिनियम की विशेष अदालत से कहा कि हेराफेरी वाली ज्यादातर धनराशि विदेशी खातों में रखी गई। हालांकि, भारत की शीर्ष निजी एयरलाइन का संचालन कर चुके उद्योगपति ने दावा किया कि विमानन क्षेत्र बैंक ऋण के बलबूते ही चलता है और पूरी रकम को धनशोधन करार नहीं दिया जा सकता। अदालत ने अपने आदेश में कहा कि आरोपी के बयानों से प्रथमदृष्टया संकेत मिलता है कि उन्होंने देश-विदेश में अपने सभी बैंक खातों तथा चल-अचल संपत्तियों का ब्योरा देने से बचने का प्रयास किया।

# गेहूं की बढ़ती कीमतों को काबू में रखने की तैयारी



**नई दिल्ली।** अनाज की बढ़ती कीमतों को लेकर भारत सरकार खासी सतर्कता बरत रही है। यही वजह है कि सरकार ने अनाज व्यापारियों, थोक विक्रेताओं और बड़ी श्रंख्ला वाले खुदरा व्यापारियों के लिए स्टॉक सीमा में कटौती की है। नए आदेश के तहत अब अनाज व्यापारी और थोक विक्रेता 2000 टन स्टॉक ही जमा कर सकते हैं, पहले ये सीमा 3000 टन थी। फैसले का एलान करते हुए खाद्य सचिव संजीव चोपड़ा ने बताया कि अनाज की बढ़ती कीमतों को देखते हुए हमने स्टॉक सीमा की समीक्षा की। समीक्षा के तहत व्यापारियों, थोक विक्रेताओं और बड़ी श्रंख्ला वाले खुदरा व्यापारियों के लिए स्टॉक लिमिट को 3000 टन से घटाकर 2000 टन कर दिया गया है। यह फैसला आज से ही प्रभाव में आ गया है। इससे पहले सरकार ने तीन महीने पहले यानी 12 जून को स्टॉक सीमा 3000 टन तय की थी, जो कि मार्च 2024 तक लागू रहनी थी। हालांकि अब कीमतों में बढ़ोतरी को देखते हुए इसे फिर से कम कर दिया गया है। चोपड़ा ने बताया कि कीमतों में अनाज की कीमतों में आई बढ़ोतरी के चलते स्टॉक सीमा में कटौती की गई है। एनसीडीईएक्स के अनुसार, गेहूं की कीमतों में बीते एक महीने में ही चार प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई है और अब यह 2550 रुपये प्रति क्विंटल हो गई है। चोपड़ा ने कहा कि हालांकि देश में गेहूं की पर्याप्त उपलब्धता है, लेकिन कुछ तत्व हैं जो कृत्रिम तरीके से कीमतों को बढ़ाने की कोशिश कर रहे हैं।

# गैजेट ऑन व्हील नई नेक्सन डॉट ईवी लांच



नयी दिल्ली। वाहन बनाने वाली कंपनी टाटा मोटर्स की सहायक इकाई टाटा पैसेंजर इलेक्ट्रिक मोबिलिटी ने आज गैजेट ऑन व्हील 'ऑल-न्यू नेक्सन डॉट ईवी' लॉन्च करने की घोषणा की जिसकी एक्स शोरूम कीमत 14.74 लाख रुपये से लेकर 19.94 लाख रुपये तक है।

कंपनी के प्रबंध निदेशक शैलेश चंद्रा ने आज यहां इस नये वाहन को लाँच करते हुये कहा कि अपने नए अवतार में सबसे ज्यादा बिकने वाला और काफी समृद्ध यह इलेक्ट्रिक वाहन भारतीय ऑटो इंडस्ट्री में बोल्ड डिजिटल डिजाइन लैंग्वेज के साथ यह भविष्य को ध्यान में रखकर यात्रियों को तकनीक से लैस यात्रा अनुभव प्रदान करता है। इसमें सहज रूप से इस्तेमाल किए जाने वाले नए-नए फीचर पेश किये गये हैं, इन्हें गैजेट्स के माध्यम से आसानी से एक्सेस किया जा सकता है, जोकि एक असली गेमचेंजर के तौर पर नई नेक्सन डॉट ईवी का हॉलमार्क है। इसका निर्माण टाटा डॉट ईवी की स्थिरता, सामुदायिकता और तकनीक के ब्रांड मूल ?यों के आधार पर किया गया है। यह तीन अलग-अलग बनावट- इंपावर्ड, फियरलेस और क्रिएटिव में उपलब्ध है। इससे यह अलग-अलग उपभोक्ताओं के व्यक्तित्व और लाइफस्टाइल की झलक पेश करता है।

चंद्रा ने कहा, ईवी के उपभोक्ता एक ऐसे अनोखे समुदाय का प्रतिनिधित्व करते हैं, जिनका तेजी से विकास हो रहा है। इन उपभोक्ताओं को इनकी नई-नई पसंद के चलते पहचाना जाता है। इनमें नेक्सट जेनरेशन की तकनीक अपनाने की चाहत और वाहन को अपनी पर्सनैलिटी के अनुकल ढालने का जज्बा दिखाई देता है। ये उपभोक्ता स्वच्छ पर्यावरण को बनाए रखने के प्रति भी काफी सजग हैं। नेक्सन डॉट ईवी काफी शानदार तरीके से उनकी नई-नई पसंद और प्राथमिकताओं को पूरा करती है। इसके साथ ही यह उनको तकनीकी रूप से आधुनिक आने-जाने का साधन मुहैया कराता है, जो उनकी समकालीन जिंदगी में पूरी तरह घुल-मिल जाता है।

यह नया आधुनिक वाहन ना सिर्फ अपनी क्षमता के दायरे से कहीं बेहतर प्रदर्शन कर रहा है। बल्कि यह उपभोक्ताओं की कई उम्मीदों को पूरा कर नियमों की नई किताब लिख रहा है। भविष्य को ध्यान में रखकर बनाया गया खूबसूरत डिजिटल डिजाइन, उपभोक्ताओं की सुरक्षा और वाहन की स्थिरता के प्रति अटूट प्रतिबद्धता की झलक इसमें मिलती है। इस वाहन में काफी स्मार्ट लाइफस्टाइल फीचर्स अपने आप में काफी बेहतरीन हैं, जो कई सेगमेंट ऊपर रहने वाले वाहनों में ही देखने को मिलते हैं। इन सभी फीचरों ने इस वाहन को वाकई एक महत्वाकांक्षी इलेक्ट्रिक एसयूवी बना दिया है।

चंद्रा ने कहा, इस लॉन्च के लाथ हम एक नए युग में प्रवेश कर रहे हैं, जो ज्यादा बोल्ड और अधिक अभिनव होगा। हम एक इलेक्ट्रिक एवं स्थायी कल के निर्माण के लिए मोबिलिटी के भविष्य को बदलने और इसे आकार देने के लिए प्रतिबद्ध बने हुए हैं। उन्होंने कहा कि इसमें सुरक्षा पर विशेष जोर दिया गया है। इसके साथ ही इसमें दो एलईडी डीआरएल लगी हैं। सेंटर पोजीशन में लैंप इस ईवी को अलग पहचान देता है।

## शार्ट न्यूज़

### यह कुछ ऐसा है जिसे जीवन भर संजोकर रखूंगा

नई दिल्ली। पेरिस ओलंपिक 2024 में सीधे क्वालीफिकेशन हासिल करने के मौके के साथ भारतीय पुरुष हॉकी टीम अपने 19वें एशियाई खेलों हांगझोऊ अभियान की शुरुआत 24 सितंबर को उज्बेकिस्तान के खिलाफ करेगी। इस महत्वपूर्ण टूर्नामेंट से पहले, भारतीय टीम के गोलकीपर कृष्ण बी पाठक ने गुरुवार को टीम में अपने चयन के बारे में प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुये कहा यह निश्चित रूप से मेरे लिए और मेरे परिवार के लिए गर्व का क्षण है। अगर मैं अपनी यात्रा पर पीछे मुड़कर देखता हूं, तो मैंने कभी नहीं सोचा था कि मुझे भारत के लिए 100 से अधिक अंतरराष्ट्रीय कैप अर्जित करने और अपना दूसरा एशियाई खेल खेलने का अवसर मिलेगा। यह ऐसी चीज़ है जिसे मैं जीवन भर संजो कर रखूंगा। हम इसे मैच दर मैच लेंगे और किसी भी टीम को हल्के में नहीं लेंगे। उन्होंने कहा, प्रशिक्षण अच्छा चल रहा है, सभी खिलाड़ी बड़े टूर्नामेंट की तैयारी के लिए कड़ी मेहनत कर रहे हैं। अभ्यास पिच पर हम हर दिन कसरत करते हैं। इसके अलावा, हमने डेनिस के साथ 4-5 गोलकीपिंग सत्र किए हैं और आने वाले दिनों में कुछ और सत्र होंगे। हम पिच पर बुनियादी बातों पर ध्यान केंद्रित कर रहे हैं, पिछले टूर्नामेंटों में हमने जो गलतियाँ कीं और अन्य बातों के अलावा त्वरित निर्णय लेने में सुधार कैसे किया जाए, इस पर ध्यान केंद्रित किया है।

### बंगलादेश के खिलाफ मैच से पहले अय्यर टीम इंडिया से जुड़े

कोलंबो। पीठ दर्द की समस्या से निजात पाने के बाद भारत के मध्यक्रम के बल्लेबाज श्रेयस अय्यर ने बांग्लादेश के खिलाफ एशिया कप सुपर फोर मुकाबले की पूर्व संध्या में टीम इंडिया के साथ एक अभ्यास सत्र में हिस्सा लिया जिससे उनके अंतिम एकादश में शामिल होने की संभावनायें प्रबल हो गयी हैं। अय्यर एशिया कप की शुरुआत में पारम्परिक प्रतिद्वंद्वी पाकिस्तान और नेपाल के खिलाफ भारत के ग्रुप स्टेज मैचों में शामिल हुए थे और पाकिस्तान के खिलाफ 14 रन बनाए मगर बाद में पीठ के दर्द के कारण वह पाकिस्तान और श्रीलंका के खिलाफ सुपर फोर मुकाबलों से बाहर हो गए। इन दो मैचों में केएल राहुल ने अय्यर की जगह ली और पाकिस्तान के खिलाफ शतक और श्रीलंका के खिलाफ 39 रन बनाये। अय्यर ने वैकल्पिक अभ्यास सत्र में कुछ हल्की बल्लेबाजी का अभ्यास किया है। अय्यर ने निरंतरता, स्पिन गेंदबाजी से निपटने की क्षमता और ठोस स्ट्राइक रोटेशन की बदौलत भारत के मध्य क्रम में प्रमुख जगह बना ली है और इसमें कोई संदेह नहीं है कि वह पांच अक्टूबर से आईसीसी क्रिकेट विश्व कप के दौरान इस अभ्यास का इस्तेमाल करेंगे। भारत शुक्रवार को सुपर फोर मुकाबले में बांग्लादेश से भिड़ेगा। भारत दो जीत और चार अंकों के साथ तालिका में शीर्ष पर है।

### भूटिया की हमरो सिक्किम पार्टी का एसडीएफ में विलय होगा

गंगटोक। फुटबॉलर से राजनेता बने बाईचुंग भूटिया ने कहा है कि उनकी 'हामरो सिक्किम पार्टी' (एचएसपी) का पूर्व मुख्यमंत्री पवन चामलिंग के सिक्किम डेमोक्रेटिक फ्रंट (एसडीएफ) में जल्द विलय होगा। भूटिया ने उन अटकलों का खंडन किया है जिसमें कहा गया था कि वह 19 सितंबर एसडीएफ में शामिल होंगे। उन्होंने कहा, यह सच है कि मैं एसडीएफ में शामिल होने जा रहा हूं, लेकिन 19 सितंबर को नहीं, कोई और तारीख हो सकती है। भूटिया अपनी पार्टी के सदस्यों के उनके साथ जाने के सुझाव को मानते हुए सामूहिक रूप से एसडीएफ में शामिल होने पर विचार कर रहे हैं। उन्होंने कहा, हम एसडीएफ में चामलिंग के सिक्किम बचाओ अभियान को आगे बढ़ाएंगे। उन्होंने वर्तमान सत्तारूढ़ सिक्किम क्रांतिकारी मोर्चा के कथित तौर पर मामलों को संभालने के तरीके पर निराशा व्यक्त की। वह राज्य में 'परिवर्तन' की प्रत्याशा में पिछले 2019 चुनावों के दौरान एसकेएम का समर्थन करने के लिए सिक्किम की जनता से माफी की पेशकश भी कर सकते हैं। आगामी 22 सितंबर को एसडीएफ अपने पार्टी प्रमुख चामलिंग का जन्मदिन पार्टी 'गरीबी उन्मूलन दिवस' के रूप में मनाती है और संभवत इसी दिन भूटिया जब एसडीएफ में शामिल होकर उसका हिस्सा बन सकते हैं।

### सोनी स्पोर्ट्स ने एशियाई खेल अभियान शुरू किया

नई दिल्ली। एशियाई खेलों के आधिकारिक प्रसारक सोनी स्पोर्ट्स नेटवर्क ने 19वें एशियाई खेल हांगझोऊ 2022 से पहले भारत में एशियाई खेलों के इतिहास में सबसे भव्य अभियान शुरू किया है। सोनी स्पोर्ट्स नेटवर्क ने केंद्रीय खेल मंत्री अनुराग ठाकुर और तीनों सेनाओं के प्रमुखों के साथ डिफेंस स्टाफ लेफ्टिनेंट जनरल अनिल चौहान और प्रभावशाली हस्तियों के एक प्रभावशाली लाइनअप से समर्थन प्राप्त किया है। यह सुनिश्चित करने के लिए 'इस बार सौ पार, फिर से, हम होंगे कामयाब का संदेश भारत के हर कोने में गूंजे।' इस रणनीति से यह स्पष्ट है कि एकजुट भारत, एक स्वर में जयकार करते हुए, अपने एथलीटों को अभूतपूर्व ऊंचाइयों तक प्रेरित कर सकता है। 19वें एशियाई खेलों में भारतीय क्रिकेट टीमें पहली बार एशियाई खेलों में भाग लेंगी, जिसमें ऋतुराज गायकवाड़ पुरुष और स्मृति मंधाना भारतीय महिला टीम की कमान संभालेंगी। ओलंपिक स्वर्ण पदक विजेता नीरज चोपड़ा भाला फेंक में भारत के शीर्ष पदक उम्मीदों में से एक होंगे, जबकि बैडमिंटन में पीवी सिंधु, एचएस प्रणय और सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी की युगल जोड़ी खिताब की प्रबल दावेदार हैं।

### प्रतिबंधित संगठन के कमांडर को मार गिराया



**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान में पुलिस के आतंकवाद निरोधक विभाग (सीटीडी) ने दक्षिण-पश्चिमी बलूचिस्तान प्रांत में एक प्रतिबंधित संगठन के एक कमांडर को मार गिराया है। सीटीडी ने बुधवार को एक बयान में कहा, सीटीडी कर्मियों ने बलूचिस्तान के मस्तुंग जिले में प्रतिबंधित संगठन इस्लामिक स्टेट से संबंधित एक आतंकवादी कमांडर की मौजूदगी के बारे में एक गुप्त सूचना मिलने पर एक अभियान चलाया। सीटीडी ने कहा कि ऑपरेशन के दौरान, आतंकवादी को आत्मसमर्पण करने का निर्देश दिया गया, लेकिन उसने घटनास्थल से भागने की कोशिश की तो सीटीडी कर्मियों ने उस पर गोलियां चला दीं। उन्होंने कहा कि मारा गया आतंकवादी आत्मघाती बम हमलों और पुलिस एवं अधिकारियों की कई लक्षित हत्याओं सहित अनेक आतंकवादी गतिविधियों में शामिल था। सीटीडी ने पिछले हफ्ते बलूचिस्तान प्रांत में खुफिया जानकारी आधारित अभियान के दौरान पांच आतंकवादियों को मार गिराया था।

### ऑस्ट्रेलिया के जंगलों में लगी भीषण आग से निपटने के लिए अतिरिक्त दल तैनात

कैनबरा। ऑस्ट्रेलिया के उत्तरी क्षेत्र के जंगलों में लगी भीषण आग से निपटने के लिए अतिरिक्त बल बुलाए गए हैं। मुख्य अग्नि नियंत्रण अधिकारी टोनी फुलर ने बुधवार रात संवाददाता सम्मेलन में बताया कि आग एक सप्ताह से अधिक समय से लगी हुई है और यह अब टेनेंट क्रीक शहर की ओर फैल रही है। आग पर काबू पाने में मदद के लिए दक्षिणी ऑस्ट्रेलिया से जल बमवर्षक और अग्निशमन दल को बुलाया गया है। फुलर ने कहा कि आग ने डार्विन से लगभग 1,000 किलोमीटर दक्षिण में एनटी के बार्कली क्षेत्र में 10,000 वर्ग किमी भूमि को जला दिया और 50 किलोमीटर प्रति घंटे से अधिक तेज हवाओं के कारण आग पश्चिम में टेनेंट क्रीक की ओर बढ़ रही है। उन्होंने कहा कि कर्मचारियों ने आग के प्रसार को धीमा करने और 3,000 से अधिक लोगों की आबादी वाले मध्य ऑस्ट्रेलियाई शहर की सुरक्षा के लिए, पूर्व में गोसे नदी पर विशेष ध्यान देने के साथ, टेनेंट क्रीक के आसपास रोकथाम लाइनें स्थापित करने के लिए मंगलवार को रात भर काम किया।

# बुकिंगडॉटकॉम ने रोहित शर्मा को बनाया आईसीसी पुरुष क्रिकेट विश्व कप के लिए ग्लोबल ब्रांड एंबेसडर

नयी दिल्ली। ऑनलाइन ट्रेवल ब्रांड बुकिंगडॉटकॉम ने भारतीय क्रिकेट टीम के कप्तान रोहित शर्मा को आईसीसी पुरुष क्रिकेट विश्व कप 2023 अभियान के लिए ब्रांड एंबेसडर बनाया है।

कंपनी ने आज यहां जारी बयान में कहा कि साथ ही जोस बटलर (इंग्लैंड) और ग्लेन मैक्सवेल (ऑस्ट्रेलिया) के अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ियों को भी आईसीसी पुरुष क्रिकेट विश्व कप 2023 अभियान के लिए ब्रांड एंबेसडर बनाया गया है। रोहित शर्मा आईसीसी पुरुष क्रिकेट विश्व कप 2023 के लिए बुकिंग.कॉम के हाउज़ैट अभियान का हिस्सा होंगे।

उसने कहा कि पांच अक्टूबर से 19 नवंबर तक भारत में आयोजित होने वाले आगामी आईसीसी पुरुष क्रिकेट विश्व कप 2023 समेत सभी आईसीसी आयोजनों के लिए वह आधिकारिक एकमोडेशन पार्टनर है। बुकिंगडॉटकॉम अपने मिशन के तहत सभी के अनुभव को आसान बनाने के लिए काम कर रहा है।



क्रिकेट प्रशंसकों को उनकी क्रिकेट के लिए की जाने वाली यात्राओं का अधिकतम लाभ उठाने में मदद करने के लिए यह प्रतिबद्ध है, चाहे फिर वे देश के किसी भी कोने में हो। कंपनी के पास दुनिया भर के 220 से अधिक देशों में 2.8 करोड़ से अधिक लिस्टिंग शामिल है जिसमें हर वो शहर शामिल हैं जहां आईसीसी क्रिकेट मैच हो रहे हैं इस साझेदारी पर रोहित शर्मा ने कहा, मुझे क्रिकेट और यात्रा करना दोनों पसंद है। बुकिंगडॉटकॉम दुनिया की दो सबसे बेहतर चीजों को एक साथ ला रहा है।

एक ऐसे व्यक्ति के तौर पर जिसे अपने परिवार के साथ यात्रा करना और जगहों की खोज करने में आनंद आता है, किसी ट्रिप को बुक करने में मजा आधा हो जाता है, मैं बिना परेशानी के होने वाली बुकिंग के महत्व को समझता हूं, ऐसे में बुकिंग के सारे पहलुओं को एक साथ लाना चाहे वह आवास हो, परिवहन हो और दूसरी चीजें बुकिंगडॉटकॉम इसे आसान और मज़ेदार बनाता है।

मैंने हाउज़ैट अभियान पर एक अच्छा समय बिताया है, मुझे आशा है कि आईसीसी पुरुष क्रिकेट विश्व कप 2023 जैसे टॉप क्लास कम्पीटीशन में यह लाखों क्रिकेट प्रशंसकों के लिए उनकी यात्रा के आनंद को बढ़ाकर यादगार बनाने में मदद करेगा।

कंपनी के भारत, श्रीलंका, मालदीव और इंडोनेशिया के कंट्री हेड संतोष कुमार ने कहा हमें बेहद खुशी है कि आईसीसी पुरुष क्रिकेट विश्व कप 2023 अभियान के लिए रोहित शर्मा ग्लोबल ब्रांड एंबेसडर में से एक हैं। क्रिकेट भारत में सबसे अधिक पसंद किए जाने वाले खेलों में से एक है और इस यात्रा के साथ अगर रोमांच और साहस जुड़ जाए तो यह जीवन भर याद रहने वाले अनुभवों में से एक बन जाता है।

## डेविस कप के लिये भारतीय टीम घोषित

**लखनऊ।** मोरक्को के खिलाफ 16 सितंबर से यहां शुरू होने वाले डेविस कप विश्व ग्रुप-2 मुकाबले के लिये भारतीय टीम की घोषणा गुरूवार को कर दी गयी। भारत के नान प्लेयिंग कैप्टन रोहित राजपाल ने पत्रकारों को बताया कि भारतीय टीम मे देश के शीर्ष क्रम के एकल खिलाड़ी सुमित नागल और दिग्गज रोहन बोपन्ना के अलावा शशिकुमार मुकुंद, दिग्विजय प्रताप सिंह और युकी भांबरी को जगह दी गयी है। उन्होने बताया कि शुक्रवार को उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की मौजूदगी में मेन ड्रा निकाला जायेगा, उससे एक घंटे पहले तक टीम में रद्दोबदल की गुंजाइश बनी रहेगी। उन्होने कहा कि रैकिंग में कमजोर दिखने वाली मोरक्को को हल्के में लेने की भूल उनके खिलाड़ी कतई नहीं करेंगे। बोपन्ना हाल ही में अमेरिकी ओपन के युगल मुकाबले के रनरअप रहे है और उनकी फार्म जबरदस्त है वहीं सुमित नागल से भी भारतीय टीम को काफी उम्मीदें हैं। उनकी टीम पूरी तरह से मैच के लिए तैयार है। उधर मोरक्को के कप्तान मेहदी ताहिरी ने कहा कि उनके देश में आए भूकंप ने उनकी पूरी टीम को झकझोर कर रख दिया है। ऐसे समय में घरों से दूर रहकर खेलना बहुत मुश्किल है। यहां पर मौसम काफी गर्म और उमस से भरा है पर अब उनके खिलाड़ी स्थितियों में खुद को ढाल रहे हैं। उन्होंने कहा कि दो-तीन पहले से उनका आना उनके काम आ रहा है। मेहदीने दावा किया कि वो मुकाबले के लिए पूरी तरह तैयार हैं। उन्होंने कहा कि भले ही भारत की टीम कागजों पर मजबूत है पर डेविस कप में कुछ भी संभव है। गोमतीनगर के विजयंतखंड के मिनी स्टेडियम पर 16 और 17 सितंबर को भारत और मोरक्को के बीच चार सिंगल्स और एक डबल्स मैच खेला जायेगा। मैच का प्रसारण डी डी स्पोर्टस पर किया जायेगा। राजपाल ने बताया कि उमस भरी गर्मी के चलते मैच शुरू होने के समय में मामूली फेरबदल किया गया है।

## बेन स्टोक्स ने वनडे क्रिकेट में 3,000 रन का आंकड़ा पार किया

**लंदन।** इंग्लैंड के धाकड़ ऑलराउंडर बेन स्टोक्स ने न्यूजीलैंड के खिलाफ तीसरे एक दिवसीय अंतरराष्ट्रीय मैच में अपनी धमाकेदार बल्लेबाज़ी से एक दिवसीय मैचों में 3,000 रन का आंकड़ा पार कर लिया है।

अनुभवी ऑलराउंडर ने पिछले साल एकदिवसीय क्रिकेट से संन्यास का एलान कर दिया था, लेकिन हाल ही में अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट कौंसिल (आईसीसी) क्रिकेट विश्व कप में अपनी टीम की मदद करने के लिए उन्होंने एकदिवसीय के लिए फिर से वापसी की है।

मैच के दौरान स्टोक्स ने बल्लेबाज़ों की जमकर बखिया उधेड़ी और महज़ 124 गेंदों पर नौ छक्के एवं 15 चौकों की मदद से 182 रन की पारी खेली। वह 146 से ज्यादा की स्ट्राइक रेट से स्ट्राइक कर रहे थे। इससे पहले न्यूजीलैंड ने टॉस जीतकर इंग्लैंड को पहले बल्लेबाजी के लिए आमंत्रित किया और डेविड मलान 95 गेंदों में 96 रन (12 चौके और एक छक्का) के साथ तीसरे विकेट के लिए 199 रन की साझेदारी की और कप्तान जोस बटलर 24 गेंदों में 38 रन (छह चौके और एक छक्का) के साथ चौथे विकेट के लिए 78 रन की साझेदारी की। जिससे इंग्लैंड 48.1 ओवर में 368 रन तक पहुंच गया।

अपने लक्ष्य का पीछा करते हुए न्यूजीलैंड की टीम केवल 39 ओवर में 187 रन पर ढेर हो गई। वोक्स (3/31) और लिविंगस्टोन (3/16) न्यूजीलैंड के लिए सर्वश्रेष्ठ गेंदबाज रहे। टॉपले को दो, कुरेन और मोईन अली को एक-एक विकेट मिला।

## चोट के कारण पृथ्वी शॉ लम्बे समय के लिए क्रिकेट से हुए दूर

**मुंबई।** भारतीय क्रिकेट टीम के स्टार खिलाड़ी पृथ्वी शॉ घुटने की चोट से जूझने के कारण लंबे समय के लिए क्रिकेट के मैदान से दूर हो गए हैं।

ईएसपीएनक्रिकइंफो की खबर के मुताबिक पृथ्वी को चोट से उबरने के लिये तीन-चार महीने लग सकते है, इसका मतलब यह है कि वह निश्चित रूप से भारत के 2023-24 घरेलू सीज़न का एक बड़ा हिस्सा चूक जाएंगे जो एक अक्टूबर को राजकोट में ईरानी कप के साथ शुरू होने वाला है।



शॉ को डरहम के खिलाफ एक दिवसीय चैम्पियनशिप मैच में नॉर्थम्पटनशायर के लिए खेलते समय चोट लगी थी। भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने बताया कि पृथ्वी शॉ तीन-चार महीनों के लिए क्रिकेट से दूर रहेंगे। इस दौरान वह रिहैब में रहेंगे। बीसीसीआई के एक अधिकारी ने बताया, पृथ्वी के चोटिल होने के बाद एमआरआई की गई। इसमें पता चला कि उनके लिगामेंट में इंजरी है। फिलहाल मेडिकल टीम शॉ के इलाज को लेकर सभी संभावित विकल्पों पर विचार कर रही है और सर्जरी ही आखिरी विकल्प होने की संभावना है।

मुंबई क्रिकेट एसोसिएशन (एमसीए) के एक अधिकारी ने ईएसपीएनक्रिकइंफो को बताया कि शॉ 16 अक्टूबर से सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी से शुरू होने वाली सीमित ओवरों की प्रतियोगिताओं में नहीं खेलेंगे। यह चोट शॉ के लिए एक बड़ा झटका है क्योंकि वह काफी अच्छा प्रदर्शन कर रहे थे और आगे बढ़ रहे थे। वह चार पारियों में 429 रन के साथ एक दिवसीय प्रतियोगिता में सबसे अधिक रन बनाने वाले खिलाड़ी थे।

गौरतलब है कि पृथ्वी ने नॉर्थम्पटनशायर के लिए एक मुकाबले में नाबाद 125 रन बनाए थे। उन्होंने इससे पहले 244 रनों की शानदार पारी खेली थी। पृथ्वी भारतीय क्रिकेट टीम से 2021 से दूर चल रहे हैं। उन्होंने टीम इंडिया के लिए आखिरी मैच श्रीलंका के खिलाफ जुलाई 2021 में खेला था। शॉ जुलाई में दलीप ट्रॉफी के लिए वेस्ट ज़ोन का हिस्सा थे जिसके बाद वह नॉर्थेंट्स के लिए एक दिवसीय प्रतियोगिता में खेलने के लिए इंग्लैंड गए। शॉ आखिरी बार फरवरी में न्यूजीलैंड के खिलाफ घरेलू टी20ई के लिए भारतीय टीम का हिस्सा थे और बाद में आईपीएल 2023 में दिल्ली कैपिटल्स के लिए अच्छा प्रदर्शन नहीं दिया जिसमें उन्होंने 14 मैचों में से केवल आठ में 106 रन बनाए।


शॉ ने अपनी वापसी पर खुशी व्यक्त करते हुये पिछले दिनो कहा था, मैं अगली गर्मियों में नॉर्थम्प्टनशायर वापस जाने के लिए बहुत उत्साहित हूं। भले ही यह खेल जल्दी खत्म हो गया, मैंने वास्तव में वहां अपने समय का आनंद लिया। यह एक शानदार क्लब है और वहां सभी ने मेरा स्वागत किया। मैं वापसी के लिए इंतजार नहीं कर सकता। मेरा लक्ष्य हमेशा टीम को मैच जीतने में मदद करना है और इस बार मेरा घायल होना मेरे लिए बहुत निराशाजनक था।

# भारतीय-चीनी कमजोर बुद्धि के

### कहा- चंद्रयान-3 मिशन सफल होने से क्या हुआ, वो जंग पर अपना रुख तय नहीं कर पाए

कीव। यूक्रेन के राष्ट्रपति जेलेंस्की के एडवाइजर मिखाइलो पोडल्यक ने बुधवार को भारत-चीन के लोगों की बौद्धिक क्षमता पर सवाल उठाए। पोडल्यक का बयान रूसी मीडिया स्पुतनिक के एक आर्टिकल में छपा था। इसके मुताबिक, जेलेंस्की के एडवाइजर ने कहा- भारत और चीन के लोग की बौद्धिक क्षमता कम है और वो ये बात नहीं समझ पाते हैं कि उनके एक्शन का क्या परिणाम होगा।

पोडल्यक ने आगे कहा- ये देश साइंस में इन्वेस्ट करते हैं। भारत चंद्रयान-3 मिशन से चांद तक पहुंचा, जो अब चंद्रमा की सतह पर ट्रेकिंग कर रहा है। लेकिन इसका ये मतलब नहीं है कि ये देश इस बात को समझ पा रहे हैं कि आधुनिक दुनिया क्या है। भारत और चीन ये तय नहीं कर पा रहे हैं कि यूक्रेन पर रूस के हमले को लेकर उनका क्या रुख है।



पोडल्यक के इस बयान पर चीन के विदेश मंत्रालय ने सवाल उठाए। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता ने कहा कि यूक्रेनी अधिकारी को साफ करना होगा कि इस बयान से उनका क्या मतलब था। उन्हें जंग के संदर्भ में चीन के रुख को सही तरह से समझने की जरूरत है। बयान पर विवाद होने के बाद पोडल्यक ने इस पर सफाई भी दी है जेलेंस्की के एडवाइजर पर विवाद होने के बाद उन्होंने इस पर सफाई भी दी। उन्होंने कहा- भारत, चीन और तुर्किये दुनिया के विकास में बड़ी भूमिका निभा रहे हैं। ये देश एतिहासिक, आर्थिक, वैज्ञानिक, राजनीतिक और सांस्कृतिक तौर पर अहम हैं। इन क्षेत्रों में भारत-चीन की भूमिका रूस मुद्दे की तुलना में कहीं ज्यादा अहम है।

#### जी20 घोषणा पत्र पर यूक्रेन ने कहा था- ये गर्व की बात नहीं

इससे पहले जी20 समिट के दौरान घोषणा पत्र पर सहमित बनने के बाद, जब पूरी दुनिया भारत की तारीफ कर रही थी, तब भी यूक्रेन ने विवादित बयान दिया था। यूक्रेन के विदेश मंत्रालय ने कहा- इसमें कुछ गर्व की बात नहीं है।

अगर हम समिट में शामिल होते तो लोगों को हालात के बारे में सही जानकारी मिल पाती।

दरअसल, नवंबर 2022 में इंडोनेशिया समिट में जारी घोषणा पत्र में रूस-यूक्रेन युद्ध को लेकर सदस्य देशों के बीच सहमति नहीं बन पाई थी। तब रूस और चीन ने अपने आप को युद्ध के बारे में की गई टिप्पणियों से अलग कर लिया था। तब घोषणा पत्र के साथ ही इन देशों की लिखित असहमति शामिल की गई थी।

#### रूस-यूक्रेन जंग में भारत नहीं दे रहा किसी एक का साथ

रूस-यूक्रेन जंग को लेकर भारत ने अपना रुख हमेशा से साफ रखा है। जंग की शुरुआत से भारत ने किसी एक पक्ष का साथ न देकर दोनों देशों से डिप्लोमेसी के लेवल पर विवाद सुलझाने की अपील की है।

भारत यूएन और उससे जुड़ी दूसरी एजेंसियों में जंग को लेकर लाए गए रिजॉल्यूशन पर वोटिंग से दूर रहा है। वहीं चीन ने भी लगातार रूस-यूक्रेन जंग में किसी एक का साथ न देने की बात कही है।

## रूस के साथ शांति संधि पर जापान के रुख में कोई बदलाव नहीं

टोक्यो। जापान के विदेश मंत्री योको कामिकावा ने गुरुवार को कहा कि क्षेत्रीय विवाद को हल करने और रूस के साथ शांति संधि पर हस्ताक्षर करने के लिए कुरील द्वीप समूह (इटुरुप, कुनाशीर, शिकोटन और हाबोमाई) को लेकर उनके देश के रूख में कोई बदलाव नहीं आया है। कामिकावा ने संवाददाता सम्मेलन में कहा कि जहां तक उत्तरी क्षेत्र का सवाल है, हम क्षेत्रीय मुद्दे को सुलझाने और शांति संधि संपन्न करने की दिशा पर दृढ़ता से कायम हैं। उन्होंने यह भी कहा कि जापान रूस के खिलाफ अपनी प्रतिबंध नीति जारी रखेगा, लेकिन यह देश के राष्ट्रीय हितों के अनुरूप होगा। उन्होंने कहा, हमारे देश ने, अंतरराष्ट्रीय समुदाय के सहयोग से मुख्य रूप से जी 7 के साथ, रूस के खिलाफ कड़े प्रतिबंध अपनाए हैं और भविष्य में भी उन्हें जारी रखने का इरादा रखता है। साथ ही जापान और रूस पड़ोसी देश हैं। ऐसे मुद्दों के संबंध में, जब जापान और रूस का पड़ोसी सहयोग आवश्यक होगा, उदाहरण के लिए, मछली पकड़ने, समुद्री सुरक्षा जैसी आर्थिक गतिविधियों में, हम अपनी विदेश नीति के तहत अपने राष्ट्रीय हितों के अनुसार कार्य करेंगे, । उन्होंने कहा कि रूस के साथ जापान के संबंधों में प्राथमिकता दिशाओं में से एक रूस-प्रशासित कुनाशीर, इटुरुप, शिकोटन और हाबोमाई द्वीपों के पूर्व निवासियों की पूर्वजों की कब्रों की यात्रा को फिर से शुरू करना होगा।

## रूस ने संशोधित स्पूतनिक वी वैक्सीन के क्लिनिकल परीक्षण को मंजूरी दी

मॉस्को। रूस के स्वास्थ्य मंत्रालय ने कोविड -19 के खिलाफ स्पूतनिक वी वैक्सीन के एक संशोधित संस्करण के नैदानिक परीक्षणों को अधिकृत किया है। अनुमोदित नैदानिक परीक्षणों की रजिस्ट्री के डेटा से यह जानकारी मिली है। रजिस्ट्री के डेटा के मुताबिक नैदानिक अध्ययन का लक्ष्य- संशोधित एंटीजेनिक प्रोफ़ाइल के साथ गंभीर तीव्र श्वसन सिंड्रोम कोरोना वायरस 2 (एसएआरएस-सीओवी-2) वायरस के कारण होने वाले कोरोनोवायरस संक्रमण की रोकथाम के लिए गम कोविड वैक्सीन (स्पुतनिक वी] की सुरक्षा, वयस्क स्वयंसेवक प्रतिक्रियाजन्यता और प्रतिरक्षाजनकता का मूल्यांकन करना है। रजिस्ट्री के अनुसार परीक्षणों में 100 से अधिक स्वयंसेवकों के भाग लेने की उम्मीद है। रजिस्ट्री से पता चला है कि 12-17 वर्ष की आयु के बच्चों के लिए संशोधित कोरोनोवायरस वैक्सीन के नैदानिक परीक्षण करने के लिए एक प्राधिकरण भी जारी किया गया है, और परीक्षण 31 दिसंबर, 2024 को पूरा हो जाएगा। स्पूतनिक वी वैक्सीन विकसित करने वाले मॉस्को स्थित गामालेया नेशनल सेंटर फॉर एपिडेमियोलॉजी एंड माइक्रोबायोलॉजी के निदेशक अलेक्जेंडर गिंट्सबर्ग ने अप्रैल में बताया कि प्रभावी होने के लिए कोविडि-19 के खिलाफ टीकों को हर 9-10 महीने में संशोधित किया जाना चाहिए।

## रूस के सैन्य अभियान के बाद से यूक्रेन ने खोये पांच लाख सैनिक

कीव। रूस के विशेष सैन्य अभियान की फरवरी 2022 में शुरुआत के बाद से यूक्रेन अपने लगभग पांच लाख सैनिकों को खो चुका है। डोनेट्स्क पीपुल्स रिपब्लिक (डीपीआर) के कार्यवाहक प्रमुख के सलाहकार यान गैगिन ने खुफिया जानकारी और खुले स्रोतों के विश्लेषण के आधार पर यह जानकारी दी। गैगिन ने कहा, अगर हम यूक्रेनी सशस्त्र बलों के नुकसान के बारे में बात करते हैं... तो हम इन नुकसानों के बारे में यूक्रेन में हमारे स्रोतों से प्राप्त खुफिया डेटा से जानकारी प्राप्त कर सकते हैं, और सार्वजनिक स्रोत भी हैं। उदाहरण के लिए एक सप्ताह पहले.. एक यूक्रेनी मोबाइल ऑपरेटर ने एक वीडियो ऑनलाइन पोस्ट किया है कि लगभग चार लाख उपभोक्ता फिर कभी फोन नहीं उठाएंगे। उन्होंने नाटो महासचिव जेन्स स्टोलटेनबर्ग के हालिया बयान का भी जिक्र किया। गैगिन ने कहा, एक और क्षण था जब यूरोपीय संसद की एक बैठक में नाटो महासचिव जेन्स स्टोलटेनबर्ग से जब पूछा गया कि क्या यूक्रेन में पांच लाख से अधिक सैन्यकर्मी मारे गए, तो उन्होंने कुछ भी जवाब नहीं दिया, लेकिन कहा कि उन्होंने यह वादा नहीं किया था कि यह आसान होगा।

# पाकिस्तानी मूल के परिवार पर बेटी की हत्या का शक

### ब्रिटेन में 10 साल की बच्ची का शव मिलने से पहले पाक भागे; लौटते ही गिरफ्तार

ब्रिटेन की पुलिस ने 10 साल की सारा शरीफ की हत्या के शक में बुधवार को पाकिस्तान मूल के उसके तीन रिश्तेदारों को गिरफ्तार किया है। इनमें से एक उसका पिता, सौतेली मां और एक उसका चाचा शामिल है। 10 अगस्त को सारा शरीफ का शव साउथ ईस्ट इंग्लैंड के वॉकिंग में उसके घर के पास मिला था।

उसके शरीर पर चोट के कई निशान थे। सारा की मौत के बाद ही उसके रिश्तेदार ब्रिटेन छोड़कर भाग गए थे। कल उनके पाकिस्तान से लौटते ही पुलिस ने उन्हें हिरासत में ले लिया। उनसे पूछताछ की जा रही है।

बीबीसी की रिपोर्ट के मुताबिक, तीनों आरोपी पाकिस्तान के सियालकोट से दुबई गए। वहां से ब्रिटेन लौटे। पुलिस लागातार उनकी फ्लाइट को ट्रैक कर रही थी।



विमान लैंड होने से पहले ही एयरपोर्ट के बाहर पुलिसबल तैनात कर दिया गया था। आरोपियों की गिरफ्तारी के बाद सारा की मां ने कहा- मुझे लग रहा है मेरे कंधों से बहुत बड़ा बोझ उतर गया है। सारा की हत्या के आरोपी पिता और सौतेली मां ने पाकिस्तान से एक वीडियो भी रिलीज किया था। इसमें उन्होंने खुद को निर्दोश बताया था। उन्होंने कहा था कि वो पुलिस के डर से पाकिस्तान में छिपे हैं। अगर पुलिस उन्हें परेशान नहीं करेगी तो वो जांच में पूरा सहयोग देंगे।

तीनों आरोपी सारा के 5 भाई-बहनों को अपने साथ ले गए थे। उन्हें पाकिस्तान की कोर्ट ने एक सरकारी फैसिलिटी में रखने के निर्देश दिए हैं। ब्रिटेन ने तीनों आरोपियों को पकड़ने के लिए इंटरनेशल वारंट जारी किया गया था।

## बलूचिस्तान में हुए आत्मघाती हमले में 11 लोग घायल

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के बलूचिस्तान प्रांत में गुरुवार को हुए आत्मघाती हमले में एक धार्मिक राजनीतिक दल के नेता सहित 11 लोग घायल हो गए। पुलिस ने आज यहां मीडिया को बताया कि कलात जिले में राजनीतिक रैली में भाग लेने जा रहे जमीयत उलेमा-ए-इस्लाम के नेता पर मस्तुंग जिले से गुजरते समय यह आत्मघाती हमला किया गया। मस्तुंग के पुलिस सूत्रों ने बताया कि शुरुआती रिपोर्टों के अनुसार नेता हाफिज हमदुल्ला के वाहन को आत्मघाती हमलावर ने टक्कर मार थी। उन्होंने बताया कि संदिग्ध हमलावर ने जिले के एक मुख्य राजमार्ग पर विस्फोटक से भरी मोटरसाइकिल नेता के वाहन से टकरा दी। जेयूआई के प्रवक्ता असलम गौरी ने बताया कि हमले में नेता और उनके दो सुरक्षाकर्मी घायल हुए और उन्हें नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक, प्रवीण कुमार सिंह द्वारा आला प्रिंटिंग प्रेस 3636 कटारा दिना बेग लाल कुआं... से मुद्रित एवं , ब्लाक नं 23 मकान नं 399 त्रिलोक पुरी दिल्ली -91 से प्रकाशित
संपादकः प्रवीण कुमार सिंह, आरएनआई नं. -DELHIN/2011/38334, किसी भी विवाद के लिए पीआरबी एक्ट अंतर्गत उत्तरदायी, टेलीफोन नं.: 011-26700510/11 , ई-मेल : info@gauravshalibharat.com, समस्त विवादो का न्यायलय दिल्ली होगा

## शार्ट न्यूज

### हिंदी दिवस पर कॉलेज छात्राओं ने लिखे निबंध

संवाददाता। गौरवशाली भारत



**नाँगल चौधरी।** गवर्नमेंट गर्ल्स कॉलेज में गुरुवार को हिंदी साहित्य अकादमी द्वारा कॉलेज प्रिंसिपल डॉ. अनीता तंवर की अध्यक्षता मे हिंदी दिवस मनाया गया। मैडम प्रिसिंपल ने छात्राओं को हिंदी दिवस के बारे मे महत्वपूर्ण जानकारी प्रदान की और हिंदी भाषा की प्रासांसिगता पर बल देते हुए अपने दैनिक जीवन मे हिंदी भाषा को अपनाने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर महाविद्यालय परिसर मे राष्ट्रभाषा हिंदी का योगदान विषय पर निबंध लेखन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें ज्यादातर छात्राओं ने उत्साह के साथ भाग लिया। निबंध लेखन में प्रियंका प्रथम स्थान, ज्योत्सना द्वितीय और हिमांशी को तृतीय स्थान मिला। यह कार्यक्रम डॉ. सुशीला यादव के नेतृत्व मे हुआ। इस दौरान कॉलेज स्टॉफ़ सदस्य उपस्थित रहे।

### बलिदानों की याद में ली जा रही घर-घर से माटी

रमेश कुमार शर्मा/गौरवशाली भारत




**सादुल्लानगर/बलरामपुर।** घर-घर से एकत्र की जा रही माटी बलिदानों के बलिदान की याद दिलाएगा। देश में चल रहे महा अभियान मेरी माटी मेरा देश के तहत बृहस्पतिवार को ब्लॉक प्रमुख पंकज सिंह चौहान ने सादुल्लानगर मंडल के ग्राम दतलूपुर व जाखौली, इटईअब्दुल्ला मे अमृत कलश लेकर मिट्टी एकत्रित किया। मुख्य अतिथि ब्लॉक प्रमुख पंकज सिंह चौहान ने कहा कि इस अभियान का उद्देश्य बहादुर स्वतंत्रता सेनानियों और वीरों का सम्मान करना है। जिन्होंने देश के लिए अपना जीवन बलिदान कर दिया। इस अभियान के तहत वीर सेनानियों की याद में देश में कार्यक्रम आयोजित किया जा रहे हैं। इस मौके पर जिला उपाध्यक्ष रामकरण मिश्रा, मंडल अध्यक्ष अरविन्द मिश्रा, मंडल महामंत्री रमेश चौहान, ग्राम प्रधान फैज़ान, ग्राम प्रधान रतिराम यादव व समस्त मंडल पदाधिकारी, सेक्टर संयोजक, बूथ अध्यक्ष एवं ग्रामवासी भारी संख्या में उपस्थित रहे।

### हिन्दी दिवस पर बच्चों ने किया कविता पाठ

हिंदी हमारी पहचान है : डॉ महादेव




**सोनभद्र।** कंपोजिट विद्यालय पल्हारी नगवा सोनभद्र पर हिंदी दिवस के अवसर पर बच्चों द्वारा कविता पाठ किया गया, जिसकी अध्यक्षता प्रधानाध्यापक जय प्रसाद ने किया तथा संचालन का कार्य डॉ बृजेश महादेव ब्लाक स्काउट मास्टर नगवा द्वारा किया गया। इस अवसर पर बेहतर काव्य पाठ करने वाले तीन बच्चों को मेडल एवं कलम द्वारा पुरस्कृत किया गया। प्रथम स्थान पर सुषमा कक्षा 8 द्वितीय स्थान पर हीरावती कक्षा 6 तृतीय स्थान पर रीना कक्षा 7 रही तथा चंदन रुपा व अभिमन्यु को सांत्वना पुरस्कार दिया गया। इस अवसर पर पूर्ण छात्र इंद्रजीत सिंह ने कहा कि हिंदी हमारी मातृ भाषा है और हमें अपनी मातृभाषा को प्रमुखता से अपनाना चाहिए। प्रधानाध्यापक महोदय ने भी भाषा शिक्षा पर जोड़ दिया साथ ही ज्ञानेश त्रिपाठी पवन कुमार सिंह दीपक मौर्य रमेश कुमार शिव शंकर उर्मिला देवी ने भी बच्चों को आशीर्वाद दिया।

### देशव्यापी अभियान से अभिगुंजित हो उठा सोनश्चल, गुलजार रहा घोरावल



सोनभद्र। घोरावल के शिवद्वार मंडल बूथ कोहरथा गांव में आजादी के अमृत महोत्सव वर्ष में देशव्यापी मेरी माटी मेरा देश अभियान के अंतर्गत कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में सम्मिलित लोग गांव भ्रमण करते हुए हर घर जाकर मिट्टी लेने के अभियान में सम्मिलित लोग एक जुलूस के स्वरूप में गांव भ्रमण करते हुए भारत माता कि जय, वंदे मातरम तथा मोदीजी का यह संदेश मेरी माटी मेरा देश का नारा लगाते हुए चल रहे थे । अभियान का प्रमुख उद्देश्य जिन्होंने ने स्वतंत्रता प्राप्ति के लिए भारत माता कि वेदी पर शीश चढ़ाये, फांसी के फंदे को चूमा और देश के लिए अपना सर्वस्व न्यौछावर कर दिया, उन अमर बलिदानियों के सम्मान में देश के प्रत्येक घर आंगन से निकालकर एकत्रित कर जा रही मिट्टी अमृत वाटिका राजपथ पर स्वतंत्रता सेनानियों के सम्मान में एकत्रित कि जायेगी। 2047 तक भारत को विकसित और आत्मनिर्भर बनाना तथा औपनिवेशिक मानसिकता का हटाना ही देश को परम वैभव पर पहुंचाना है।

### दिव्यांगजन सशक्तीकरण विभाग वाराणसी में 'दिव्य कला मेला' आयोजित करेगा

नयी दिल्ली। सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय के अधीन दिव्यांगजन सशक्तीकरण विभाग देश भर के दिव्यांग उद्यमियों / कारीगरों के उत्पादों और उनके शिल्प कौशल को प्रदर्शित करने के लिए एक अनूठा कार्यक्रम दिव्य कला मेला का आयोजन 15 से 24 सितंबर 2023 तक वाराणसी में आयोजित करेगा। आधिकारिक सूत्रों के अनुसार यह कार्यक्रम आगंतुकों के लिए एक रोमांचक अनुभव पेश करेगा क्योंकि इसमें जम्मू-कश्मीर, उत्तर - पूर्वी राज्यों सहित देश के विभिन्न हिस्सों के नायाब उत्पाद, हस्तशिल्प, हथकरघा, कढ़ाई के काम और पैकेज्ड फूड आदि एक साथ देखने को मिलेंगे। इस कार्यक्रम का उद्घाटन केंद्रीय सामाजिक न्याय और अधिकारिता राज्य मंत्री ए. नारायणस्वामी 15 सितंबर को शाम 5.00 बजे करेंगे। इस अवसर पर कई अन्य गणमान्य व्यक्ति भी उपस्थित रहेंगे। यह दिव्यांगजनों के आर्थिक सशक्तिकरण की दिशा में दिव्यांगजन सशक्तीकरण विभाग (डीईपीडब्ल्यूडी) की अनूठी पहल है। दिव्य कला मेला दिव्यांगजनों (पीडब्ल्यूडी) के उत्पादों और कौशल के विपणन एवं प्रदर्शन के लिए एक बड़ा मंच प्रस्तुत करता है।

# 22 महीनों में 11 करोड़ 72 लाख से ज्यादा भक्तों ने किए बाबा विश्वनाथ के दर्शन

## श्री काशी धाम के शुभारंभ के बाद अब तक खुद सीएम योगी आदित्यनाथ भोलेनाथ के दिव्य दरबार में सौ बार से अधिक लगा चुके हैं हाज़िरी

वाराणसी। श्री काशी विश्वनाथ धाम के नए अवतरण में आने के बाद धाम में श्रद्धालुओं की संख्या नित नया कीर्तिमान बना रही है। श्रीकाशी विश्वनाथ धाम के लोकार्पण के बाद लगभग 22 महीनों में 11 करोड़ 72 लाख से ज्यादा भोले के भक्तों ने अब तक बाबा का दर्शन किये हैं। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ खुद बाबा के दरबार में सौ बार से अधिक हाज़िरी लगा चुके हैं और भक्तों को सुविधाएं दिए जाने के लिए ख़ाका खींचते रहे हैं। प्रधानमंत्री के ड्रीम प्रोजेक्ट श्री काशी विश्वनाथ धाम को धरातल पर उतारते हुए योगी सरकार ने विस्तारित धाम में भक्तों के हर छोटी-बड़ी जरूरतों का ध्यान रखा है, जिससे भक्तों को असुविधा न होने पाए। यही कारण है जिससे श्री काशी विश्वनाथ धाम में आस्था का जनसैलाब उमड़ रहा है। लोकार्पण के बाद हर महीने कम से कम 31 लाख से अधिक और अधिकतम 95 लाख से अधिक शिव भक्त देवो के देव महादेव के दरबार में शीश नवा रहे हैं।

### भक्तों के मंदिर तक पहुंचने की राह हुई आसान

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के हाथों श्रीकाशी विश्वनाथ धाम का लोकार्पण होने के बाद से रोजाना धाम में लाखों श्रद्धालु बाबा के दर्शन के लिए आ रहे हैं। श्री काशी विश्वनाथ धाम के मुख्य कार्यपालक अधिकारी सुनील कुमार वर्मा ने बताया कि श्री काशी विश्वनाथ धाम लोकार्पण 13 दिसंबर 2021 को हुआ था। तब से अब तक 11 करोड़ 72 लाख 71 हज़ार 7 सौ उन्नचास



श्रद्धालुओ ने दर्शन किया है। मुख्यकार्यपालक अधिकारी ने बताया कि गर्मी, ठण्ड और बरसात में श्रद्धालुओ को परेशानी न हो इसके लिए बेहतर से बेहतर इंतज़ाम किये जा रहे है। तेज धूप से बचाने के लिए जर्मन हैंगर, पैर न जले इसके लिए मैट, कूलर, पीने का पानी, सावन में दिव्यांगजनों के लिए निःशुल्क व्हीलचेयर, सभी के लिए चिकित्सा व्यवस्था आदि व्यवस्था ने शिव भक्तों की मंदिर तक पहुंचने की राह आसान कर दी है। उल्लेखनीय है कि दिसम्बर 2021 में लोकार्पण के बाद 2022 के जनवरी महीने में 74,59,471, 2022 के सावन माह में लगभग 7681561, 2023 अधिक माह के श्रावण माह के महीने में जुलाई में 7202891 अगस्त में 9562206 श्रद्धालुओं ने काशी पुराधिपति के दर्शन किये।

### लोकार्पण के बाद काशी विश्वनाथ मंदिर में भक्तों की संख्या

वर्ष 2021 दिसंबर -- 48,42716 दर्शनार्थी

वर्ष 2022 जनवरी से दिसम्बर - 71,147,210 दर्शनार्थी

वर्ष 2023 जनवरी से 11 सितम्बर - 41,281,823 दर्शनार्थी

धाम में समय के साथ से सुविधाएं भी जुड़ती जा रही हैं। श्रीकाशी विश्वनाथ धाम में श्रद्धालुओं के लिए शॉपिंग की भी सुविधा मिल रही है। यहां दुकानों पर पीतल की मूर्तियां, कलाकृतियां, पूजन सामग्री, प्रसाद, मंदिर और बाबा की तस्वीरें, बनारसी सिल्क की साडियां व कपड़ों समेत अन्य सामान उपलब्ध हैं।

धाम परिसर में फूड कोर्ट, रेस्टोरेंट भी हैं जहां उचित दर पर बिना प्याज और लेहसून का शुद्ध शाकाहारी भोजन है और व्रत की थाली भी उपलब्ध है। अन्न क्षेत्र में निःशुल्क भोजन की व्यवस्था भी है। धाम परिसर में ही रुकने के लिए होटल और काशी दर्शन के लिए टूर पैकेज़ उपलब्ध हैं। मोक्ष की राह देख रहे वृद्धों के लिए निःशुल्क मुमुक्षु भवन की भी व्यवस्था की गई है।

# मेडिकल कालेज निर्माण स्थल पर पहुंचे जिलाधिकारी

## निर्माण में प्रयुक्त हो रही सामग्रियों की जॉच में कमी पाये जाने पर सम्बन्धित के खिलाफ होगी कार्यवाही : जिलाधिकारी

सोनभद्र । निर्माणाधीन मेडिकल कालेज का आकस्मिक निरीक्षण किया जिलाधिकारी ने तथा सघनता से जाँच प्रक्रिया अपनाते हुए बारी-बारी से विभिन्न संकाय के हाल में कराये जा रहे निर्माण कार्यों का जायजा लिया। निर्माण में प्रयोग की जाने वाली सामग्रियों के गुणवत्ता को भी देखा - परखा और कहा कि भवन निर्माण में जो भी सामग्री का प्रयोग किया जा रहा है, उसकी गुणवत्ता बेहतर हो, इसमें किसी प्रकार की लापरवाही न बरती जाय। डीएम ने सख्त लहजे में हिदायत के साथ कहा कि अन्यथा की स्थिति में सम्बन्धित की जिम्मेदारी तय करते हुए कार्यवाही सुनिश्चित की जायेगी।

जाँच के दौरान जिलाधिकारी ने कहा कि मेडिकल कालेज के भवन निर्माण में प्रयोग की जाने वाली सामग्री की गुणवत्ता की जॉच करायी जायेगी और



यदि जॉच में गुणवत्ता की न्यूनता पायी जाती है, तो सम्बन्धित के खिलाफ कार्यवाही करने में कोई कोर - कसर नहीं बरती जाएगी।

निर्माणाधीन भवन के दूसरे व तीसरे तल पर कराये जा रहे कार्यों का भी निरीक्षण किये तो यह बात प्रथमदृष्टया द्रष्टव्य रही कि कार्य की प्रगति धीमी है जिस पर जिलाधिकारी ने निर्देशित करते हुए कहा कि वर्करों की संख्या बढ़ाकर कार्यों मे तेजी लायी जाय तथा जो तकनीकी कार्य अभी तक शुरू नहीं किये गये हैं, उन कार्यों को हर हाल में शीघ्र ही शुरू कराया जाय। चेतावनी भरे भाव मे कहा डीएम ने कि इसमें शिथिलता कदापि न बरती जाय। शीघ्रातिशीघ्र मेडिकल कालेज को शुरू कराकर पठन-पाठन का कार्य प्रारंभ कराया जा सके, इस निमित्त त्वरित पूर्ण हो निर्माण कार्य, इसके पुख्ता इंतजाम कर मूर्तरूप देने के प्रसंग उकेरते डीएम ने निरीक्षण के दौरान बिछाये जा रहे इण्टरलाकिंग के ईंट को स्वयं उठाकर उसके गुणवत्ता को देखा जो प्रथम दृष्टया वाजिब व मुफीद नजर नहीं आये। इसलिए अच्छी क्वालिटी के ईंट का प्रयोग इण्टरलाकिंग के कार्य में लगाया जाय, इसमें लापरवाही न बरती जाय, यह भी कहा जिलाधिकारी ने। निरीक्षण के दौरान निर्माण कार्य हेतु नामित एजेन्सी के प्रतिनिधि को निर्देशित करते हुए कहा कि मेडिकल कालेज में प्रयोग की जा रही तकनीकी सामग्रियों का जो भी उपयोग किया जा रहा है, उसकी क्वालिटी बेहतर तरीके की हो। जॉच के दौरान गुणवत्ता में खराबी पाये जाने पर सम्बन्धित की जिम्मेदारी तय करते हुए कार्यवाही की जायेंगी। इस मौके पर मेडिकल कालेज के प्राचार्य डॉ0 सुरेश सिंह, प्रोजेक्ट मैनेजर सहित अन्य सम्बन्धितगण उपस्थित रहे।

### निपाह मामलों पर केंद्र सरकार की नजर

नयी दिल्ली। केंद्र सरकार ने गुरुवार को कहा कि केरल में निपाह के मामले सामने के बाद स्थिति पर कड़ी नजर रखी जा रही है और राज्य सरकार को सभी मदद दी जा रही है। केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण राज्य मंत्री डॉ. भारती प्रवीण पवार ने आज पुणे में भारतीय चिकित्सा अनुसंधान परिषद - राष्ट्रीय विषाणु विज्ञान संस्थान (आईसीएमआर-एनआईवी) से केरल के कोझिकोड में निपाह वायरस के प्रकोप की रोकथाम के लिए उठाए गए कदमों की समीक्षा की। समीक्षा करने के बाद डॉ. पवार ने कहा कि केंद्र सरकार स्थिति की निगरानी कर रही है और वायरस प्रसार की रोकथाम के लिए आवश्यक कदम उठा रही है। डॉ. पवार ने बताया कि केंद्र और आईसीएमआर-एनआईवी की उच्च स्तरीय टीमें बीएसएल-3 प्रयोगशालाओं से सुसज्जित मोबाइल इकाइयों के साथ पहले ही कोझिकोड पहुंच चुकी हैं और जमीनी स्तर पर परीक्षण करेंगी। उन्होंने यह भी घोषणा की कि कोझिकोड क्षेत्र में प्रभावित ग्राम पंचायतों को संगरोध क्षेत्र - आइसोलेटेड घोषित किया गया है। इस प्रकोप से निपटने के लिए सार्वजनिक स्वास्थ्य उपायों में राज्य सरकार का सहयोग करने के लिए केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय ने डॉ. माला छाबड़ा के नेतृत्व में एक बहु-विशेषज्ञ टीम की नियुक्ति की है। केंद्रीय मंत्री ने आश्वासन दिया कि केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय और आईसीएमआर-एनआईवी दैनिक आधार पर इस मुद्दे की निगरानी कर रहे हैं और वायरल प्रकोप से निपटने के लिए केंद्र सरकार द्वारा हर संभव व्यवस्था की जा रही है। ताज़ा जानकारी के अनुसार राज्य में तीन नमूने निपाह से संक्रमित पाये गये हैं। इस संबंध में 706 व्यक्तियों की जांच की गयी है और 77 व्यक्तियों को 'अति जोखिम' श्रेणी में पाया गया है। इसके अतिरिक्त 153 स्वास्थ्य कर्मियों को भी 'जोखिम' श्रेणी में रखा गया है।

# नालंदा विश्वविद्यालय को केंद्र ने दिये 1745 करोड़

**पटना।** बिहार के पूर्व उप मुख्यमंत्री और भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के राज्यसभा सांसद सुशील कुमार मोदी ने बुधवार को कहा कि राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (एनडीए) सरकार के समय नालंदा अन्तरराष्ट्रीय विश्वविद्यालय (एनआइयू) का विकास तेज हुआ और यहां बौद्ध दर्शन, अन्तरराष्ट्रीय संबंध समेत सभी छह पाठ्यक्रमों की पढाई जारी है।

मोदी ने बयान जारी कर कहा कि नालंदा अन्तरराष्ट्रीय विश्वविद्यालय की स्थापना जिस कांग्रेस नेतृत्व वाली संयुक्त प्रगतिशील गठबंधन (यूपीए) की सरकार के समय हुई थी, उसने इसे 2010-2014 तक मात्र 29.78 करोड़ रुपये का अनुदान दिया, जबकि श्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली एनडीए सरकार ने नौ साल (2014-2023) में अब तक 1744.90 करोड़ रुपये का अनुदान दिया है।

भाजपा सांसद ने कहा कि क्या अनुदान में भारी वृद्धि करना किसी की उपेक्षा का सूचक है। इतने उदार अनुदान के लिए तो नीतीश कुमार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का आभार व्यक्त करना चाहिए। उन्होंने कहा कि यहां 30 देशों के छात्र हैं। न कोई पाठ्यक्रम बंद हुआ है, न किसी पाठ्यक्रम में बदलाव किया गया है। मोदी ने कहा कि इस विश्वविद्यालय में 223 छात्र ज्ञान के विभिन्न अनुशासन (स्कूल) में अध्ययनरत हैं। इनमें 157 अन्य देशों से आये हैं। उन्होंने कहा कि बौद्ध दर्शन की पढाई के लिए नालंदा अन्तरराष्ट्रीय विश्वविद्यालय दुनिया भर के छात्रों की पहली पसंद बन गया है।

# इंतजार खत्म, एईसीएल सीजन 5 का हुआ ऐलान

## 200 से ज्यादा सेलिब्रिटी लगाएंगे क्रिकेट और एंटरटेनमेंट का तड़का

**नई दिल्ली।** आर्टिस्ट इवेंट क्रिकेट लीग (एईसीएल) अपने सीजन-5 की घोषणा करते हुए बहुत ही उत्साहित है. फाउंडर आशीष माथुर, सोनिया माथुर के अलावा को-फाउंडर आशीष राठी और विपल गोसाईं के नेतृत्व में एईसीएल एक ऐसा सांस्कृतिक मंच बन गया है जहां आर्टिस्ट, आर्टिस्ट मैनेजमेंट कंपनी, वेडिंग प्लानर्स, सोशल इवेंट होस्टिंग कंपनी और एंटरटेनमेंट इंडस्ट्री के सेलेब्रिटीज का संगम नजर आता है. इस साल एईसीएल का सीजन शानदार गेस्ट के साथ और भी धमाकेदार होने वाला है. इस इवेंट में क्रिकेट के दिग्गज गौतम गंभीर, म्यूजिक इंडस्ट्री का पुराना नाम दलेर मेहंदी, मीका सिंह, मनोज तिवारी, सुखबीर सिंह, मीत ब्रोस, दिलबाग सिंह, नवराज हंस, सपना चौधरी, स्टेबिन बेन, मिलिंद गाबा,




शादाब फरीदी, अशोक मस्ती, हुसैन कुवाजेरवाला, शिबानी कश्यप, एजे सिंह, डीजे सुमित सेठी समेत बहुत चेहरे शामिल हो रहे हैं.

इस सीजन न सिर्फ शानदार क्रिकेट देखने को मिलेगा बल्कि एंटरटेनमेंट भी भरपूर होगा. आसमा डांस कंपनी और एईसीएल के फाउंडर आशीष माथुर सीजन 5 को लेकर बेहद उत्साहित हैं, उन्होंने कहा, एईसीएल का ये सीजन क्रिकेट और आर्टिस्ट की दुनिया के खूबसूरत संगम का एक शानदार उदाहरण है. ये एक ही मंच पर टैलेंट, स्पोर्ट्समैनशिप और एंटरटेनमेंट का सेलिब्रेशन है.

सीजन 5 का आगाज सेलिब्रिटी टीम और समर्थनम के बीच एक फ्रेंडली मैच से होगा. समर्थनम दृष्टि प्रभावित खिलाड़ियों की क्रिकेट टीम का नाम है. इसमें वो खिलाड़ी हैं जो भारत की तरफ से खेल चुके हैं और 2018 में वर्ल्ड चैम्पियन रहे हैं. ये एक फ्रेंडली मैच होगा जिसमें सितारों की तरफ से इन खिलाड़ियों जेस्चर दिया जाएगा. लीग स्टेज में टेनिस बॉल से 10-10 ओवर का मैच होगा, जबकि इसके बाद नॉकआउट स्टेज में 12-12 ओवर का मैच खेला जाएगा.

कुल मिलाकर 12 टीमों में 200 से ज्यादा सेलिब्रिटी हिस्सा लेने जा रहे हैं. स्टेज मैच 28 सितंबर से 2 अक्टूबर तक गुरुग्राम के दि बॉल पार्क में खेले जाएंगे. फरीदाबाद फाइटर्स, दिल्ली वेस्ट, दिल्ली साउथ, दिल्ली नॉर्थ, चंडीगढ़ किंग्स, यूपी टाइटन्स, राजस्थान वॉरियर्स, नोएडा फॉल्कन, गुरुग्राम चैम्पियंस, मुंबई किंग्स, हरियाणा हिटर्स और दिल्ली ईस्ट की टीमें इस सीजन में अपने जौहर दिखाएंगी.

## एसओजी एवं थाना रॉबर्ट्सगंज पुलिस की संयुक्त टीम को मिली सफलता

# दो अन्तर्राज्यीय शराब तस्कर गिरफ्तार, 90 लाख की अवैध अंग्रेजी शराब बरामद

सोनभद्र । जनपद पुलिस की संयुक्त टीम कामयाब रही अंतरराज्यीय शराब तस्करों को गिरफ्तार करने एवं शराब बरामद करने में। एक ट्रक से 994 पेटी में 21396 शीशी कुल स8911 लीटर अवैध अंग्रेजी शराब हुई जिसकी अनुमानित कीमत 90 लाख रूपये आँकी गई पुलिस अधीक्षक सोनभद्र, डॉ0 यशवीर सिंह द्वारा अवैध मादक पदार्थ - शराब तस्करों के विरुद्ध चलाये गये अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक (मुख्यालय) कालू सिंह व क्षेत्राधिकारी नगर राहुल पाण्डेय के निर्देशन में एसओजी - सर्विलांस व थाना रॉबर्ट्सगंज पुलिस की सयुंक्त टीम द्वारा आसूचना संकलन तैयार किया गया तथा इस बाबत मुखबिर द्वारा यह सूचना मिलने पर कि शराब तस्कर एक ट्रक से भारी मात्रा में अवैध शराब की एक बड़ी खेप लेकर पंजाब से चलकर रॉबर्ट्सगंज के रास्ते झारखण्ड - बिहार बेचने के लिये जा रहे है, इसपर त्वरित कार्यवाही करते हुए टीम द्वारा रॉबर्ट्सगंज से चोपन जाने वाले मुख्य मार्ग पर पीडब्लयूडी गेस्ट हाउस के पास थाना रॉबर्ट्सगंज में



घेराबंदी कर 01 अदद ट्रक में लोड 994 पेटी में 8911 लीटर अवैध अंग्रेजी शराब की बरामदगी हुई जिसकी अनुमानित कीमत 90 लाख रुपये बताई गई है। ट्रक चालक सहित 02 नफर अन्तर्राज्जीय शराब तस्कर को गिरफ्तार किया गया ।

इस सम्बन्ध में मु0अ0सं0-536/2023 धारा 60/63 आबकारी अधिनियम व धारा 419, 420, 467, 468, 471 भादवि का अभियोग पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही की जा रही है । गिरफ्तार ट्रक के चालक ने पूछताछ में बताया कि ट्रक में धान की भूसी की बोरियो के नीचे अंग्रेजी शराब की पेटिंया है । इसके पूर्व भी 04 बार ट्रक से पंजाब से अंग्रेजी शराब झारखण्ड - बिहार में ऊँचे दाम पर बेचने हेतु ले जा चुके हैं। अभियुक्त के मुताबिक इसके बदले में मजदूरी के अतिरिक्त माल को सही सलामत पहुँचाने पर 10 हजार रुपये इनाम के तौर पर मिलता है । गिरफ्तार अभियुक्त के इस बयान से स्थिति पूरी तरह स्पष्ट हो गई । अभियुक्त ने बताया कि वाहन मे लदी अवैध अंग्रेजी शराब वाहन स्वामी राजकुमार पुत्र बच्चन राम निवासी धीर, थाना कुंजपुरा, जिला करनाल हरियाणा 132023 ने पंजाब - दिल्ली राज्य से डुमका झारखण्ड ले जाने हेतु दिया जिस पर मैं अपने साथी के साथ उक्त शराब को लेकर पंजाब से राबर्ट्सगंज के रास्ते डुमका झारखण्डले जा रहे थे।

### आगरा में 10 हजार लोग लेंगे अंगदान का संकल्प

**नयी दिल्ली।** केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री मनसुख मांडविया शनिवार को उत्तर प्रदेश के आगरा में अंगदान प्रतिज्ञा का नेतृत्व करेंगे जिसमें लगभग 10 हजार लोग अंगदान का संकल्प लेंगे। केंद्रीय केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय ने बृहस्पतिवार को यहां बताया कि 16 सितंबर को केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण राज्य मंत्री प्रोफेसर एसपी सिंह बघेल की उपस्थिति में अंगदान प्रतिज्ञा का आयोजन होगा। इस अवसर पर मांडविया 23 एकीकृत सार्वजनिक स्वास्थ्य प्रयोगशालाओं और 87 ब्लॉक सार्वजनिक स्वास्थ्य इकाइयों की आधारशिला रखेंगे। वह आगरा के सरोजिनी नायडू मेडिकल कॉलेज में सुपर स्पेशलिटी ब्लॉक का भी उद्घाटन करेंगे और अंग दान रजिस्ट्री का अनावरण किया जाएगा। मंत्रालय ने कहा कि अंगदान प्रतिज्ञा दिवस पर 10,000 लोगों के अंग दान करने का संकल्प लेने की उम्मीद है। इसके बाद आवश्यक स्वास्थ्य सेवाओं के लिए सेवा पखवाड़ा मनाया जाएगा जो 17 सितंबर से दो अक्टूबर तक चलेगा।

### यूपी बार काउंसिल के आह्वान पर वकीलों ने चक्रमण कर की नारेबाजी, जताया विरोध



**सोनभद्र।** हापुड़ में वकीलों की हुई बर्बरतापूर्ण पिटाई के मामले में यूपी बार काउंसिल के आह्वान पर अक्रोशित अधिवक्ताओं ने वृहस्पतिवार को राबर्ट्सगंज कचहरी परिसर में चक्रमण करते हुए सरकार विरोधी नारेबाजी कर किया पुतला दहन विरोध प्रदर्शन के साथ। दोषी लोगों के विरुद्ध कार्रवाई किए जाने के साथ ही अधिवक्ता प्रोटेक्शन एक्ट लागू करने की मांग उठाई। यूपी बार काउंसिल के आह्वान पर सोनभद्र के वकील वृहस्पतिवार को सुबह 10 बजे एकजुट होकर संयुक्त रूप से रजिस्ट्री कार्यालय के समक्ष धरने पर बैठ गए। दोपहर 12 बजे जुलूस की शक्ल में प्रदेश सरकार का पुतला लेकर राबर्ट्सगंज कचहरी परिसर में चक्रमण कर सरकार विरोधी नारेबाजी करते हुए विरोध प्रदर्शन किया। जनपद न्यायालय भवन के ठीक सामने प्रदेश सरकार का पुतला फूंका। अधिवक्ताओं ने हापुड़ में वकीलों पर हुए लाठीचार्ज के गुनाहगारों को बर्खास्त करने, वकीलों पर दर्ज मुकदमें वापस लिए जाने, एडवोकेट प्रोटेक्शन एक्ट लागू किए जाने की मांग उठाई। वकीलों ने कहा कि जब तक हमारी मांगे नहीं मानी जाती तब तक आंदोलन चलता रहेगा। पुतला दहन एवं विरोध प्रदर्शन करने वालों में सोनभद्र बार एसोसिएशन अध्यक्ष नरेंद्र कुमार पाठक, डिस्ट्रिक्ट बार एसोसिएशन अध्यक्ष रामचंद्र सिंह, एसबीए महामंत्री आनंद कुमार मिश्र, डीबीए महामंत्री बीपी सिंह, एसबीए कोषाध्यक्ष मनोज कुमार मिश्र, डीबीए कोषाध्यक्ष महेंद्र प्रताप सिंह, ओम प्रकाश पाठक, पूनम सिंह, सुशीला, निर्मला शर्मा, पूनम शेरनी, आसमा, आरती, धीरज पांडेय, सूरज वर्मा, रोशन लाल यादव, भोला सिंह यादव, राजीव कुमार सिंह गौतम, अतुल पटेल, मार्तंड प्रसाद मिश्र, प्रदुम्न त्रिपाठी, सुधीर दुबे, अनिल सिंह, अरुण कुमार सिंघल, अशोक प्रसाद श्रीवास्तव, परवेज अख्तर खान, पवन मिश्र, गोविंद मिश्र, सत्य प्रकाश कुशवाहा, प्रदीप कुमार मौर्य, राजेंद्र कुमार यादव, चंद्रप्रकाश द्विवेदी, अशोक कनौजिया, कुशाकांत मौर्य, देवेंद्र श्रीवास्तव, केके तिवारी, उमेश मिश्रा, शक्तिसेन, परमानंद मौर्य, अनिल कुमार आदि शामिल रहे।